


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 181 | मूल्य: ₹3.00/- | पेज : 12 | सोमवार | 15 अप्रैल, 2024

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper


देवी दुर्गा अपने सातवें स्वरूप में कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। देवी का यह रूप सुरक्षा प्रदान करने वाला है जिस प्रकार आज की नारी सेना या पुलिस में रहकर स्वयं और परिवार को ही नहीं बल्कि पूरे समुदाय को सुरक्षा दे रही है और साथ ही ममतामयी मां भी है।



## भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र, एकसाथ चुनाव और समान नागरिक संहिता का वादा, बीजेपी और संघ का रहा है प्रमुख मुद्दा

# संकल्प पत्र देशवासियों की एंबीशन पूरा करने का मिशनः पीएम मोदी

**भाजपा के घोषणा पत्र में सीएए का वादा: 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर**

- संकल्प पत्र को तैयार करने में मोदीजी भी शामिलः राजनाथ
- प्रधानमंत्री हर गतिविधि के साथ अपने को जोड़ते हैं: नड्डा
- विरासत पर भी फोकस, दुनिया भर में मनाएंगे रामायण उत्सव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे 'भाजपा का संकल्प–मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्?डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा–जोखा देते हुए कहा– हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए। इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा, 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।

### 2024 चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा–पत्र क्या है?

भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा–पत्र संकल्प पत्र के नाम से जारी किया है। पार्टी का ये संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, जिसमें कई वादे किए गए हैं। घोषणा–पत्र जारी करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि घोषणा–पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इसमें ऑनलाइन माध्यम नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं।




### रिन्यूएबल एनर्जी, गोवर्धन, बायो फ्यूल, ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टर्स में तेजी लाएंगे

भाजपा का संकल्प पत्र देश को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाने वाला है। डिफेंस, एडिबल ऑयल, एनर्जी इम्पोट...'भारत कब तक दूसरे देशों पर निर्भर रहेगा। आज एनर्जी को इम्पोर्ट करने के लिए लाखों करोड़ का फॉरेन एक्सचेंज खर्च करते हैं। भारत का फोकस ग्रीन एनर्जी और एनर्जी प्रोडक्शन पर है। रिन्यूएबल एनर्जी, गोवर्धन, बायो फ्यूल, ग्रीन एनर्जी जैसे सेक्टर्स में तेजी लाएंगे। इससे देश में ग्रीन जॉब्स पैदा होंगे।

### वंदे भारत का विस्तार करेंगे, देश के चारों कोने में बुलेट ट्रेन चलाए जाएंगे

वंदे भारत का विस्तार करेंगे। वंदे भारत के 3 मॉडल चलेंगे। वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। अहमदाबाद–मुंबई बुलेट ट्रेन का काम पूर्ण हो रहा है। उसी तरह से आने वाले समय में उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण में एक बुलेट ट्रेन और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चलाएंगे।

### संकल्प पत्र में गवर्नेंस को 14 सेक्टर में बांटा गया

गवर्नेंस को 14 सेक्टर में बांटा। भारत के अन्य देशों से संबंध, आंतरिक और बाहरी सुरक्षा, समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग, विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस, सुशासन, स्वस्थ भारत, शिक्षा, खेल, सभी सेक्टर्स का विकास, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है।

▶ संबंधित खबर पेज 05 पर

### आज बहुत शुभ दिन है

"आज बहुत शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। बंगाल में वैशाख का, असम में बिहू, ओडिशा में पाना संक्रांति, केरल में बिशु, तमिलनाडु में नववर्ष पुथांडु हो...सब जगह हर्ष का दौर। नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं। मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है। सोने में सुहागा कि आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है।

–नरेंद्र मोदी, पीएम

### गरीबों को मुफ्त राशन योजना 2029 तक चलाने का संकल्प

"हर संकल्प मोदी की गारंटी से युक्त है। भारत में इसे 24 कैरेट सोने जैसी खरी मानी जाती है। संकल्प पत्र दुनिया के राजनीतिक दलों के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड है। देश के नागरिक भी यही मानने लगे हैं। 370 हटाने की बात कही थी। खत्म हो गई। महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कही थी, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ यह पूरा किया। राम मंदिर की बात कही थी, वो भी पूरा किया। देश के 80 फीसदी से ज्यादा गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 2029 तक योजना चलाने का संकल्प है।

–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### दुनिया ने पूछा, आयुष्मान भारत क्या है

"मोदीजी ने 5 लाख का हेल्थ कवर प्रोग्राम शुरू किया, जो दुनिया का सबसे बड़ा प्रोग्राम बना। जब मैं वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में गया तो सबने हमसे पूछा कि आयुष्मान भारत क्या है। कोविड के वक्त दुनिया नहीं जानती थी कि इससे कैसे लड़ा जाए। विकसित देश अपने निर्णय प्रक्रिया में डगमगा गए। वो नहीं तय कर पाए कि मानवता जरूरी है या अर्थ शास्त्र। विकसित देश लॉकडाउन को लेकर संशय में रहे। पीएम मोदी ने कहा कि जान है तो जहान है। लॉकडाउन लगाया।

–जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष

### गरीब को लूटने वाले जेल जा रहे हैं

पिछले 10 साल में भ्रष्टाचार पर भाजपा सरकार ने कितनी बड़ी कड़ी कार्रवाई की है। भ्रष्टाचार गरीब, मध्यमवर्ग का हक छीनता है। हजारों करोड़ के घोटाले बंद हुए हैं और गरीब को हक मिल रहा है। गरीब को लूटने वाले जेल जा रहे हैं। निरंतर सख्त कार्रवाई होती रहेगी, ये मोदी की गारंटी है। लाल किले से कहा था कि यही समय है–सही समय है। आने वाले एक हजार वर्षों के लिए भारत के भविष्य को तय करने वाला ये उत्तम से उत्तम अवसर है, उत्तम से उत्तम समय है। भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के नतीजे के बाद तुरंत तेजी से काम शुरू हो जाएगा। सरकार पहले ही 100 दिन के एक्शन पर काम कर रही है। 140 करोड़ लोगों की अपनी एम्बिशन मोदी का मिशन है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सीएए लाए, 370 को हटाया

आज आपने देखा कि भाजपा का ये संकल्प पत्र ऐसी ही एक सरकार की गारंटी देता है। विश्व बंधु के तौर पर मानवता के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। भाजपा देश हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती। हमारे लिए दल से बड़ा देश है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है। 370 को हटाया और सीएए लेकर आए। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर और तेजी से आगे बढ़ेंगे। गुड गवर्नेंस, डिजिटल गवर्नेंस और डेटा गवर्नेंस के लिए देश में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर्स तैयार होंगे। वन नेशन और वन इलेक्शन को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी हम देश हित के लिए जरूरी समझते हैं।

### स्पेस में बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे

स्पेस में बड़ी ताकत के रूप में उभरेंगे। रोडमैप से आगे बढ़ेंगे। ये भारत के यूथ के लिए इतनी सारी ऑपर्च्यूनिटीज लेकर आएगा, जिसकी कल्पना भी नहीं होगी। विश्व में अनिश्चितता है, युद्ध के हालात हैं, तनाव है। संकट के ऐसे समय में इन क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता है। जब दुनिया में इतने तनाव और तूफान हो, तब भारत में एक मजबूत पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता बढ़ जाती है। ऐसी सरकार जो देश को आर्थिक समृद्धि दे, विकसित भारत की ओर ले जाए और भाजपा संकल्पबद्ध है।

### भारत को ग्लोबल हब बनाने का संकल्प

भारत को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प है। वो समय दूर नहीं जब भारत दुनिया का ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, सेमी कंडक्टर, कॉन्ट्रेक्टिंग, कॉमर्शियल हब होगा। दुनिया के बड़े–बड़े इकोनॉमी सेंटर भारत में होंगे। भारत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, ग्लोबल टेक्नोलॉजी सेंटर और ग्लोबल इंजीनियरिंग सेक्टर का हब बनेगा।

### पूरे देश में चार्जिंग स्टेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए जा रहे हैं

देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल का मार्केट बढ़ रहा है। 10 साल पहले एक साल में 2000 गाड़ियां बिकी थीं। पिछले साल 17 लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियां बिकी हैं। पूरे देश में चार्जिंग स्टेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाए जा रहे हैं। पीएम सूर्य घर से जोड़कर चार्जिंग स्टेशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इससे भी देश में रोजगार की संभावनाएं बनने जा रही हैं।

## भाजपा के घोषणा–पत्र में किस वर्ग के लिए क्या है?

### युवाओं के लिए

पेपर–लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा ने कहा कि हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अब, हम इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। भाजप ने कहा कि उसकी सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया है। हम आगे भी सरकारी भर्तियां समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करते रहेंगे। हम सरकारी परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए इच्छुक प्रदेश सरकारों को भी सहयोग देंगे।

- स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग का विस्तार।
- स्टार्टअप्स को–मेंटरशिप।
- सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन।
- मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर।
- इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से रोजगार के अवसर।
- हाई–वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स।
- उद्यमिता की भावना को बढ़ावा।

### किसानों के लिए

- पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूती- किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी।
- प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी।
- दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता।
- सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर।
- श्री अन्न को विश्व सुपरफूड के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- अनुसंधान और जागरुकता की भी बढ़ावा।
- प्राकृतिक खेती का विस्तार।
- सिंचाई सुविधाओं का विस्तार।
- सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पीएचएस में पर्यात भंडारण क्षमता विकास।
- कीटनाशक के प्रयोग, सिंचाई, सॉइल हेल्थ, मौसम पूर्वानुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि डीटेलाइट की लॉन्चिंग।
- कृषि में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर।
- कृषि में सूचना की विसंगति को हटाना और किसान केंद्रित समाधान एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास।

### महिलाओं के लिए

- एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा।
- महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचजी उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा।
- औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।
- महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख–रखाव।
- एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा।
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन।
- पुलिस स्टेशन में शक्ति डेस्क (महिला हेल्प डेस्क) स्थापित की गई है। अब शिकायतों की समयबद्ध जांच और समाधान के लिए इनका विस्तार।
- इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली) का विस्तार करके, आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की क्षमता को बढ़ाया जाएगा।

### रेलवे के लिए

- नई रेलवे पटरियों का निर्माण।
- यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार।
- अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी।
- टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी।
- टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता।
- कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार।
- विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण।
- आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।
- विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार।
- आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन की शुरुआत।
- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार।
- दिल्ली और मेरठ के बीच आरआरटीएस शुरू हुई, अब इन सेवाओं का और विस्तार।
- विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण।
- 1,300+ रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास हो रहा है। इस परियोजना का विस्तार अन्य सभी बड़े और मध्यम आकार के स्टेशनों तक किया जाएगा।
- आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।
- विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया गया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार होगा।
- आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन।
- मेट्रो नेटवर्क का विस्तार।
- पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा।

नागरिकों को ट्रेनों से संबंधित सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सुपर एप। भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की गई है। इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक होगा।

### संस्कृति के लिए

- काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।
- अयोध्या में विश्वभर से करोड़ों श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। अयोध्या नगरी कर सर्वांगीण विकास किया जाएगा।
- भारतीय पांडुलिपियों का संरक्षण और अध्ययन। प्राचीन भारतीय सभ्यता, शास्त्रीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एक फंड स्थापित किया जाएगा।
- भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद।
- भारतीय ज्ञान परंपराओं पर एक त्रिवार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन।
- समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को तैयार करने के उद्देश्य से एएसआई स्मारकों का जीर्णोद्वार और संरक्षण।
- पर्यटन स्थलों के व्यापक विकास के लिए स्वदेश दर्शन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम किया जाएगा। महत्वपूर्ण संतों और दार्शनिकों की जीवन यात्राओं को शामिल किया जाएगा।
- पर्यटन के लिए थीनेटिक सर्किट का विकास।
- लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में द्वीप पर्यटन केंद्र।
- नॉर्थ–ईस्ट भारत और अन्य पहाड़ी राज्यों में एडवेंचर पर्यटन।
- वेड इन इंडिया का प्रोत्साहन।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम

- भाजपा ने कहा कि पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे।

### समान नागरिक संहिता

भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता।

---

**रिपोर्ट** सीतापुर में घूस देने की जगह मौत को गले लगाने वाले दरोगा ने प्रदेश के पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों को खोद दिया है

# यूपी पुलिस की वसूली आखिर कब चढ़ेगी 'सूली'

## सवाल उठता है क्या मुट्ठी भर आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई से प्रदेश में खाकी पर लगे भ्रष्टाचार के दाग धुल जाएंगे

- क्या मोटी उगाही कर मिल बांटकर खाने का सिलसिला बंद हो जाएगा
- आखिर कब और कैसे पुलिस द्वारा वास्तव में पीड़ितों को न्याय मिलेगा

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** सीतापुर में पुलिस के अपने वरिष्ठ अधिकारी को कथित तौर पर घूस का चढ़ावा देने की जगह मौत को गले लगाने वाले दरोगा ने प्रदेश के पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों को खोद दिया है। बचाव की मुद्रा में आए पुलिस अफसर ने मुट्ठी भर आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की संस्तुति भी कर दी है। सवाल उठता है कि क्या इतने भर से प्रदेश में खाकी पर लगे भ्रष्टाचार के दाग धुल जाएंगे। क्या मोटी उगाही कर मिल बांटकर खाने का सिलसिला बंद हो जाएगा। क्या पुलिस द्वारा वास्तव में पीड़ितों को न्याय मिलेगा। जब तक यूपी पुलिस की पूरी कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं होगा उत्पीड़न का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। ईमानदार पुलिसकर्मी या तो विभाग में किनारे लगे रहेंगे, तंग आकर नौकरी छोड़ देंगे या मजबूरन आत्मघाती कदम उठाएंगे। मूलरूप से फतेहपुर के थाना कल्याणपुर के जलाला गांव निवासी मनोज कुमार मछरेहटा थाने में तैनात थे। शुक्रवार सुबह 10.15 बजे थाना परिसर में मुख्य भवन के पीछे गोली चलने की आवाज आई। पुलिसकर्मी वहां पहुंचे तो देखा दरोगा मनोज कुमार ने खुद को सर्विस रिवॉल्वर से गोली मार ली थी। मौके पर मिले सुसाइड नोट में दरोगा ने थानाध्यक्ष पर उगाही के लिए परेशान करने, विवेचना में रुपये मांगने के साथ साथी पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरोगा की पत्नी ने इसे हत्या बताया है तो एसपी ने मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने और जांच के लिए टीमें गठित किए जाने की बात कही है। एसपी ने एसओ समेत पांच आरोपित पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की संस्तुति चुनाव आयोग से की है।

### लगातार बढ़ता जा रहा है घूस का रेट

घूस लेने वाले पुलिसकर्मी ताल ठोक कर कहते हैं जहां मन में आए वहां जाकर शिकायत करो। हर कुर्सी पर चढ़ावा जाता है। यह सुनकर पीड़ित और ईमानदार पुलिसकर्मी घबरा जाते हैं। ना चाहते हुए उन्हें भी भ्रष्ट तंत्र करने निवाला बनना पड़ता है। भ्रष्ट पुलिसकर्मी अपनी जेब अधिक से अधिक भरने के लिए मुंह खोलकर घूस मांगते हैं। यही कारण है कि घूस का रेट बढ़ता जा रहा है।

### सीएम योगी की ईमानदार छवि को भी भुना रहे

सूत्रों के अनुसार पुलिस विभाग ही नहीं अन्य सरकारी विभागों में भी रिश्वतखोरी का रेट काफी बढ़ गया है। पहले जो काम ?500 का चढ़ावा देकर हो जाया करता था उसके लिए अब ?5000 तक अदा करने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की ईमानदार छवि पर बट्टा लगाते हुए पुलिसकर्मी और अधिकारी यह एहसान भी जताते हैं कि किसी कीमत पर अमुख काम संभव नहीं है। कुर्सी खतरे में डालकर जैसे–जैसे आपके लिए यह काम कर रहे हैं। यह भी कहने से नहीं चूकते इस हिसाब से घूस बहुत कम है।

### घूस न देने पर प्रताड़ित होते हैं फरियादी और ईमानदार पुलिसकर्मी

यही कारण है कि हर तफ्तीश पर भ्रष्ट पुलिस वाले मोटी उगाही करते हैं। पीड़ित की सुनवाई करने की एवज में उसे मोटी रकम वसूलते हैं। यही नहीं, ईमानदार पुलिसकर्मियों को भी दबाव में लेकर वसूली करने के लिए कहते हैं। जो भी पीड़ित और पुलिसकर्मी नाजायज पैसा देने से मना करते हैं उन्हें सार्वजनिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।






### थाना–चौकी ठेके पर बिकना कब बंद होंगे

सीतापुर में दरोगा द्वारा आत्महत्या एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है आखिर प्रदेश में थाना चौकी ठेके पर बिकना कब बंद होंगे। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार महीने की कमाई के हिसाब से आज भी प्रदेश में थाने और चौकी का ठेका होता है। आला अधिकारियों को तय रकम हर महीने पहुंचाई जाती है। थाना या चौकी जितना मलाईदार होता है उसी हिसाब से महीने के ठेके गिरगांव तय की जाती है। टारगेट को पूरा करने या उससे अधिक उगाही करने के लिए संबंधित थानाध्यक्ष पूरे स्टाफ पर दबाव बनाते हैं। घूस की रकम का रैंक के हिसाब से बंदर बांट किया जाता है।

# जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

**✻ विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम**

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारत देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती रविवार को जनपद के सभी सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों में धूमधाम के साथ मनाई गई। विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों में लोगों को बाबा साहब की बातो पर अमल करने को प्रेरित किया गया।

कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए उन्हें भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत सभी लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व समान अवसर देने का कार्य करें। यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान प्रतिभा थी। इतने बडे लोकतांत्रिक देश को चलाने के लिए उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को हम नमन करते हैं। हम सबको उनके बताए हुए मार्गो पर ही चलना चाहिए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया है व्यवहार के बाद उन्होंने परिस्थितियों को भी ठीक करने में अपनी जी-जान लगा दी थी। उन्होंने केवल दलित समाज के लिए ही काम नहीं किया, बल्कि उन्होंने हर वंचित लोगों के लिए कार्य किया है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्गों पर चलकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अपर पुलस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी एलआईयू सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निशिकान्त राय, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दिक्षित, डायल 112 प्रभारी शिवमूरत यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी जनपद के 11 मंडलो के सभी 851 बूथो पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने खोह में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाये सम्विधान से आज देश चल रहा है। बाबा साहब ने समाज के शोषित व वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चैबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा भी पुरानी कोतवाली मैदान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी मंडल बांदा एडवोकेट कौशल कुमार व बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रामविशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, नगर अध्यक्ष श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, जीवन, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहदेव कुशवाहा, रामभजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती समिति द्वारा भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने उपस्थित लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को त्याग कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि डॉ अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को हर घर में होना चाहिए और सभी लोगों को संविधान पढ़ना चाहिए। इस दौरान डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कीर्ति मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, हर्ष पाण्डेय, प्रिंसी सिंह, रक्षा यादव, गार्गी गुप्ता, हिमांशु, सरस्वती, कमल, रेशमा, कीर्ति राज, करण यादव, अनुज कुमार, अंतिम कुमार, स्वतंत्र कुमार, अनीता, तन्नू देवी को पुरस्कृत किया गया। साथ ही मार्च 2024 में सेवा निवृत शिक्षक जैनुलाब्दीन, बालकृष्ण चतुर्वेदी, हेमेशचन्द्र श्रीवास्तव, दशरथ प्रसाद, बद्रीप्रसाद, चन्द्रभान आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इं. गुरु प्रसाद, दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं. गिरीश माहौर, इं. जयप्रकाश, इं. सर्वजीत कुमार, दिनेश कुमार सनेही, पूर्व शिक्षक माता प्रसाद, सुंदरलाल, शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकर दीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रप्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, वर्षा, विश्वदीप, सुमन आदि मौजूद रहे।

## एक घंटे के अंदर लापता बच्ची को किया परिजनों के सुपुर्द

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपहृतों एवं गुमशुदा की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बरगढ़ पुलिस ने घर से बाहर खेलने गई बच्ची के गुमशुदा होने पर बच्ची को बरामद कर सकुशल बरामद पर परिजन को सुपुर्द किया। गौरतलब है कि रविवार को यशोदा देवी पत्नी स्व अशोक कुमार निवासी जमीरा थाना बरगढ़ द्वारा सूचना दी गयी कि दुखी प्रजापति पुत्री स्व सियाराम प्रजापति (08) घर के बाहर खेलते-खेलते कही गुम हो गई है। इस पर प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य द्वारा सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए बच्ची की बरामदगी के लिए अपनी टीम आरक्षी अखिलेश कुमार व महिला आरक्षी समीक्षा यादव के साथ बच्ची की खोजबीन शुरु की और महज एक घंटे में बच्ची को गांव के ही पास से बरामद कर महिला सिपाही समीक्षा यादव के देखरेख में महिला हेल्पडेस्क पर बैठाया गया तथा बच्ची की दादी यशोदा देवी को बुलाकर पहचान कराकर उनके सुपुर्द किया गया। बच्ची को पाकर दादी के चेहरे की मुस्कान वापस आयी।

# 20 मई को मतदान में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा : पाठक



**जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट**

मऊ के उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और राजापुर की क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने रविवार को मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही बूथों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हनुमान गंज और बेलरी गांव का भ्रमण रविवार को मऊ उपजिलाधिकारी और राजापुर क्षेत्राधिकारी ने किया। यहां इन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए इस क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होना है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं को भयमुक्त होकर स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकारी का प्रयोग करना चाहिए। यदि अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई व्यक्ति दबाव बनाता है, धमकाता है या प्रलोभन देता है, तो इसकी सूचना दे ताकि सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा सके। इस दौरान उन्होंने गांव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें प्रकाश, पेयजल, रैम्प आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस मौके पर रैपुरा थाना प्रभारी शैलेंद्रचंद्र पाण्डेय व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# गुरुकुल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



संत रणछोड़दास महाराज की पावन तपोस्थली एवं उनके द्वारा जानकीकुण्ड में स्थापित गुरुकुल श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मन्दिर (बड़ी गुफा) में 151 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। धर्मनगरी में चैत्र शुक्ल पक्ष तिथि षष्ठी को प्रातः ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण एवं भिक्षाटन के विधान मंदिर परिसर में आचार्यों के निर्देशन में संपन्न किये गए। इस अवसर पर बटुकों के माता-पिता, गुरुकुल के आचार्यगण एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही श्री राम संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के उपरांत ही गुरुकुल के विद्यार्थियों को वेद-शास्त्रों के अध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है एवं प्राचीन वैदिक-सनातन परम्परा में यह ब्रह्मचर्य आश्रम की आवश्यक क्रिया एवं सोलह संस्कारों में से एक है। उपनयन को शास्त्रों में द्विज का दूसरा जन्म भी माना गया है। इस अवसर पर श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विषद भाई मफत लाल की धर्म पत्नी रूपल बहन, ट्रस्टी डॉ बी के जैन, अध्यक्षा ऊषा जैन, गुरु-भाई बहन, आचार्यगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## सात जुआरी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक राजोल नागर एवं उनकी टीम उपनिरीक्षक यूटी सौरक्ष, आरक्षी दीपेश यादव, विनोद यादव व अमित द्विवेदी द्वारा ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये आरोपी गोलू कुमार निवासी चमदुलिया थाना गोला जनपद रोहतास बिहार, विक्रम कुमार निवासी कृष्णदन्तपुर थाना राजातालाब जनपद वाराणसी, राणा प्रताप सोनकर उर्फ लवकुश व उमेश वर्नवाल निवासीगण आसनसोल थाना नार्थ जनपद वर्धमान पश्चिम बंगाल, विनोद कुमार निवासी सुजातपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही, राजकुमार निवासी पुरुषोत्तमपुर थाना औराई जनपद भदोही व अर्जुन गुप्ता निवासी बिट्ठलपुर थाना औराई जनपद भदौही हालपता निवासीगण शास्त्रीनगर कस्बा व थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से नगद धनराशि भी बरामद की गई। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## चार पर की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले चार आरोपियों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की।

जिसमें प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा आरोपी बुद्धविलास उर्फ बडन उर्फ बडा भइया निवासी रामपुर कल्याणगढ़ व कपिल सोनकर निवासी पटा थाना मानिकपुर के विरुद्ध तथा प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार' द्वारा आरोपी सत्येन्द्र उपाध्याय निवासी महुआ गांव व शिवसहाय निवासी कुसियापुरवा कस्बा व थाना राजापुर के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काट कर जिम का किया उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मोहल्ला राजेंद्र नगर में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने जिम का फीता काट कर उद्घाटन किया। जिलाध्यक्ष ने जिम में मौजूद लोग व जिम से जुड़े वर्करों को संबोधित किया। जिसमें कहा कि नौजवानों के साथ साथ महिलाओं तथा बुजुर्गों को जिम में जाना चाहिए अगर हम जिम में जाएंगे तो तंदरुस्त रहेंगे। वही सपा के बरिष्ठ नेता व माधौगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राघवेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि जिम करने से लोगों कों सिर्फ स्वास्थ्य लाभ होगा बल्कि युवाओं को अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का भी मौका मिल सकेगा। वही कार्यक्रम कों पूर्व चेयरमैन विजय चौधरी, बरिष्ठ नेता चन्द्र शेखर मौखरी, शफीकुर्रेहमान कशफी, डा. अखंड प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सेंगर ने भी सम्बोधित किया। इससे पहले आये हुए अतिथियों का जिम के संचालक डा. स्वदेश गुर्जर ने फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर संजय गुप्ता, दिनेश पोरवार, आनंद ठाकुर, अबधेश चौहान, बिक्की पटेल, गुड्डू यादव, पवन पटेल, बीनू ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## एसओजी व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ी अपमिश्रित शराब

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में एसओजी व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम एमपी बार्डर पर चेकिंग अभियान चलाने में लगी हुई थी। इस दौरान तीन शातिर शराब तस्करों को अपमिश्रित शराब व कार के साथ गिरफ्तार किया था। जिसको लेकर आबकारी इंस्पेक्टर ने अभियुक्तों द्वारा संचालित की जा रही तीन देशी शराब की दुकानों को सीज कर दिया। लोक सभा चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए जिले के आलाधिकारी पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एसओजी/सर्विलांस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम मध्यप्रदेश वार्डर पर चैकिंग अभियान चलाने में लगी हुई थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर कार से 80 लीटर स्प्रिट,10 लीटर अपमिश्रित शराब,7 सौ ग्राम नौशादर, 14 कलर डिब्बी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इतना ही नहीं आबकारी स्पेक्टर ने पवन कुमार के नाम से देशी शराब ठेका कुरसेड़ा, सिहारी व ऊंचा संचालित होने पर तीनों दुकानों को सीज कर दिया हैं।आबकारी इंस्पेक्टर आजाद का कहना हैं कि अभियुक्त के नाम पर दुकान आंवटित होने पर सीज की कार्रवाई की गई हैं।

## अग्निशमन सेवा दिवस बनाकर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**जन एक्सप्रेस/उरई/कालपी।** जिले में रविवार को राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस मनाया गया। जिसमें शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए जागरूक किया गया। फायर ब्रिगेड कार्यालय में प्रभारी एफएसओ महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि सन 1944 को मुंबई बंदरगाह में जहाज में आग को बुझाने में 66 फायर कर्मी वीर गति को प्राप्त हो गए थे। उन्हीं की याद में सारा राष्ट्र उनको श्रद्धांजलि देता है। उन्होंने कहा कि आग की घटनाओं को रोकने के लिए फायर कर्मियों तथा लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर फायर कर्मियों मानवेंद्र सिंह, रवि कुमार शर्मा, रणधीर सिंह, विनोद नायक, वीरेंद्र सिंह, सुधर सिंह आदि जवानों ने राष्ट्र के लिए समर्पित होने वाले सभी वीरों के बलिदान को याद करते हुए शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकीनाथ मिश्रा एवं उनकी टीम आरक्षी विनोद कुमार व महिला आरक्षी नेहा अहिरवार द्वारा आरोपी कमलेश निषाद निवासी मकरी थाना पहाड़ी को 30 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस समबन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## तैयारी बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भगवान परशुराम प्रगटोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को जिला मुख्यालय के जेपी इंटर कॉलिज में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर सुरेन्द्र मोहन द्विवेदी, जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस एसओजी व सर्विलांस सेल टीम ने दबोचे तीन शातिर चोर



**जन एक्सप्रेस । उरई**

कैलिया पुलिस व एसओजी, सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने धोखाधड़ी और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर दिमाग चोरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। मामले का खुलासा थाना परिसर में किया गया।

घटना का खुलासा करते हुए कैलिया थानाध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि तीनों लोगों ने चटसारी गांव के रहने वाले कमल से धोखाधड़ी कर 5 लाख रुपए और सलैया खुर्द में एक घर से लाखों की चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस टीम तभी से इन शातिर दिमाग चोरों की तलाश में थी। रविवार को थाना पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस सेल की टीम की मदद से रविवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश देकर तीन चोरों के साथ दबोच लिया। पकड़े गए शातिर चोरों में हजरत पुत्र अनवर निवासी कुठौंद, आसिक पुत्र नासिर खान निवासी कालपी व सद्दाम पुत्र सुल्तान निवासी राजपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया की तीनों का अलग-अलग थानों में आपराधिक इतिहास है।फिलहाल पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सम्बन्धित कारवाई कर चालान किया जा रहा है।

# अवैध खनन करने आधा दर्जन क्रेशर मालिकों पर कसा सिकंजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

**✻ डीएम ने ठोका जुर्माना**

अवैध खनन के मामले में हुई जांच में भरतकूप के आधा दर्जन पट्टेधारक फंस गए हैं। स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर खनन करने के मामले में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इन आधा दर्जन पट्टेधारकों पर 84,45,120 रु का जुर्माना ठोंका है।

जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पट्टा क्षेत्रों का औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भरतकूप में ग्रेनाइट/गिट्टी/बोल्डर के खनन पट्टा क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान ग्रेनाइट/गिट्टी/बोल्डर के 6 पट्टाधारकों द्वारा अवैध खनन किया जाना पाया गया। जिसमें अनिल सिंह द्वारा 1,610 घन मीटर, राहुल यादव द्वारा 651 घन मीटर, महेश प्रसाद जायसवाल द्वारा 624 घन मीटर, शिवमंगल सिंह द्वारा 1,300 घन मीटर, अर्चना सिंह पत्नी धनंजय सिंह द्वारा 1,352 घन मीटर, राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा 135 घन मीटर उपखनिज ग्रेनाइट/गिट्टी/बोल्डर का खनन अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर किया जाना पाया गया। उत्तर प्रदेश उपखनिज नियमावली के अंतर्गत अनिल सिंह पर 20,45,600 रु, राहुल यादव पर 11,24,960 रु, महेश प्रसाद जायसवाल पर 10,99,040 रु, शिव मंगल सिंह पर 17,48,000 रु, अर्चना सिंह पत्नी धनंजय सिंह पर 17,97,920 रु व राजेंद्र कुमार शर्मा पर 6,29,600 रु का जुर्माना करते हुए संबंधित पट्टा धारकों को 84,45,120 रु की धनराशि को एक सप्ताह के अंदर खनिज विभाग में जमा करने के आदेश जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने दिए हैं। साथ ही संबंधित पट्टा धारकों को अपने स्वीकृत खनन क्षेत्र में ही खनन कार्य करने को कहा गया है, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अतीक की बेनामी संपत्ति मामले में बड़ा खुलासा : माफिया के गुर्गों का खेल, मिलते-जुलते नाम के दो 'हूबलाल' खोजे

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

बेनामी संपत्ति बनाने को मिलते-जुलते नाम के दो लोगों के नाम माफिया ने संपत्ति बनाई है।करेली निवासी दो सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कराई है।अतरसुइया में दो दिन पहले जावेद व उसके भाई कामरान, फराज सभी निवासी करेली समेत चार के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

माफिया अतीक की बेनामी संपत्ति को बनाने के लिए उसके गुर्गों ने गजब प्लानिंग की। मिलते-जुलते नाम के दो 'हूबलाल' खोज लिए और दिहाड़ी पर काम करने वाले इन लोगों के नाम करोड़ों की संपत्ति बना ली। वादी का आरोप है कि ऐसा इसलिए किया कि कभी एक उनके खिलाफ जाएं तो दूसरे के जरिये संपत्तियों को अपने नाम करा ले। फिलहाल, पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी है।

अतरसुइया में दो दिन पहले जावेद व उसके भाई कामरान, फराज सभी निवासी करेली समेत चार के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। वादी श्याम जी सरोज निवासी करोली, नवाबगंज का आरोप है कि आरोपी अतीक-अशरफ के करीबी हैं। उनकी बेनामी संपत्ति के लिए ही उन्होंने उसके नाम पर जबरन डरा-धमकाकर जमीनों की रजिस्ट्री कराई। यही नहीं, माफिया भाइयों की मौत के बाद उक्त जमीनें अपने नाम लिखने का दबाव डाला। साथ ही मारपीट कर जान से मारने को धमकाया।

सूत्रों के मुताबिक प्रकरण की जांच में जुटी अतरसुइया पुलिस को एक और चौंकाने वाली बात पता चली है। यह सामने आया है कि आरोपियों ने बेनामी संपत्ति के इस खेल के लिए मिलते-जुलते नाम के दो व्यक्तियों का इस्तेमाल किया। इनमें से एक सफाईकर्मी तो दूसरा श्यामजीत पुत्र भोरीलाल भी दिहाड़ी मजदूर है। महेवा पश्चिमपट्टी नैनी निवासी इस के नाम से भी जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। फिलहाल,इसके नाम पर सरायइनायत में एक जमीन संबंधी दस्तावेज पुलिस के हाथ लगे हैं। अफसरों का कहना है कि इसकी भी पड़ताल कराई जाएगी। दूसरे श्यामजी का भी बयान दर्ज किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक वादी का आरोप है कि आरोपियों ने एक ही नाम के दो व्यक्तियों को खुद के बनाए प्लान बी के तहत खोजा। पहले उन्होंने अपने घर में सफाईकर्मी के नाम पर जमीनें खरीदीं। बाद में उन्हें लगा कि यह पलट भी सकता है। ऐसे में उन्होंने इसी नाम के एक और व्यक्ति को खोजा, ताकि जरूरत पड़ने पर जमीनें अपने नाम लिखवाने के लिए उसका इस्तेमाल किया जा सके।

अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों के लिए आठ हजार महीने कमाने वाले सफाईकर्मी श्यामजी सरोज के नाम आठ करोड़ की जमीनें लिखवाई गईं। फिलहाल नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में उसके नाम पांच जमीनें होने का पता चला है।

# चुनाव चिह्न की सूची से बुलडोजर गायब, रोड रोलर शामिल

**जन एक्सप्रेस । कौशांबी**

चुनाव आयोग ने इस बार निर्दलीय प्रत्याशियों को दिए जाने वाले चुनाव चिह्न की सूची से बुलडोजर को हटा दिया है। माना जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में बुलडोजर एक विशेष दल की पहचान बनने की वजह से इसे हटाया गया है।

निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक आयोग की ओर से 190 चुनाव चिह्नों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसमें रोड रोलर समेत श्रृंगार के कई सामान, बच्चों के खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, जूते-चप्पल और जुराब बतौर चुनाव चिह्न शामिल हैं।

चूड़ियां, मोती का हार, कान की बाली, अंगूठी को भी जोड़ा गया है। दैनिक उपयोग से बाहर हो चुके कई सामान भी इस सूची में शामिल हैं। सूची में सेब, फलों की टोकरी, बिस्कुट, डबल रोटी, केक, शिमला मिर्च, फूलगोभी, नारियल फार्म, अदरक, अंगूर, हरी मिर्च, आइसक्रीम, कटहल, भिंडी, नूडल्स, मूंगफली, मटर, अखरोट, तरबूज भी बतौर चुनाव चिह्न शामिल हैं।

बेबी वॉकर, कैरम बोर्ड, शतरंज बोर्ड, कलर ट्रे ब्रश, हाथ गाड़ी, स्कूल का बस्ता, टॉफियां, लूडो, लंच बॉक्स, पेन स्टैंड, पेंसिल बॉक्स, शॉर्पनर भी चुनाव चिह्न के रूप में प्रयोग किए जाएंगे। हारमोनियम, सितार, बांसुरी, वायलिन भी इस सूची में मौजूद हैं। चलन से बाहर अथवा होने की कगार वाली वस्तुएं भी चुनाव चिह्न की सूची में शामिल की गई हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे मध्यम से घने बादल छाए रहने के कारण स्थानीय स्तर पर गरज-चमक, धूल भरी आंधी, तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 38.8 (+2.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.7 (+0.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 57 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 32 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# न खिलाई, न दवाई, भारी लापरवाही मर रही गायें, पर जारी है कमाई

- तिकड़मबाज आरोपी हर जांच में होती लीपा पोती
- गोरक्षापीठाधीश्वर योगी के साथ विश्वास घात

**जन एक्सप्रेस । डॉ. हर नारायण मिश्र**


प्रतीकात्मक फोटो


प्रतीकात्मक फोटो

**कानपुर।** गाय, गांव और गरीब के लिए जान छिड़कने वाली योगी सरकार गौमाता की रक्षा के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है। उसी के साय मे गौशालाओं के व्यवस्थापक शाही ठाठ से जी रहे हैं, किन्तु जिन गायों के रक्षार्थ शासन संजीदा है उन गौशालाओं के केयरटेकर मौज मार रहे हैं और बीमार गाय की आंख कौआ नोच कर भाग रहा है। ईश्वर स्वस्थ्य रखे सी.डी.ओ नगर को जो नगर से जुड़ी दस गौशालाओं की जांच करा कर योगी सरकार की लाज बचा रहे हैं। पर जांच में लीपापोती करके उनके अपनों ने ही उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है।

विदित हो कि नगर सीमा मे स्थित दस गौशालाओं मे आवारा गौवंश के पाल पोषण की व्यवस्था जारी है। अधिकांश गौशालाओं का संचालन भाजपा व उससे संरक्षित खद्दर धारियों द्वारा किया जा रहा है। ये समाजसेवी कालान्तर मे गौशालाओं की जमीन का किराया उगाहने, पट्टे पर आवंटित करने जैसे संगीन अपराध के आरोपी रहे हैं। ऐसे अनेक मामलों की जांचे इनके धन बल के प्रभाव के तले दम तोड़ चुकी है। यही परिणाम सी.डी.ओ द्वारा करायी जा रही जांच का भी सुनिश्चित है।बताते चलें कि 152 गायों की रक्षक महाराजपुर गौशाला मे धूप मे मृत पड़े गौवंश की आँख कौआ नोच ले गया और केयर टेकर जानवरों के डाक्टर के सिर लापरवाही का ठीकरा फोड़ कर भाग निकले। ऐसी अनेक अनियमितताओं को संज्ञान मे लेते हुए सी.डी.ओ सुधीर कुमार ने इसी माह के प्रथम सप्ताह मे लापरवाही का शिकार गौशालाओं की जांच के लिए अधिकारियों का दल नियुक्त किया था। इस दल ने पूर्व काल की भाँति सारे सच को अपनी आख्या मे दफन कर दिया।गौशालाओं का असली चेहरा देखने पर ज्ञात हुआ। कि विधनू स्थित शिवगंज चौराई गौशाला मे 50 जानवरों की क्षमता वाले टिनशेड मे 72 गौवंश रहते हैं। हाइटेंशन लाइन व धूप में पड़े कई गोवंश मौत की प्रतीक्षा कर रहे थे। पतारा मे हाईवे के किनारे स्थित गौशाला के रखवाले नदारद थे। घाटमपुर की मवई भच्छन व बम्हौरी गौशाला मे न तो पर्याप्त टिन की छाया थी और न ही चिकित्सा की ही व्यवस्था की गयी थी। ग्रामपंचायत दीपापुर गौशाला मे जर्जरकाम गोवंश तड़प रहे थे। यही दुर्दशा ककवन, गढ़ी विषधन, जमालपुर व औरों मे बनी गौशालाओं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिल्हौर स्थित नादूपुर गौशाला मे तीन दर्जन गौवंश नाद मे पड़े प्रदूषित कीड़ायुक्त पानी मे मिला भूसा खाने को विवश हैं। चौबीगही शीकोहाबाद गौशाला के गौवंश 15 दिन से भूख से तड़प रहे हैं। गौरतलब यह भी यह कि इन गौशालाओं मे साल मे कई बार आयोजन होते हैं। देश व प्रदेश के मंत्री अपनी सिंह गर्जना करते हैं। यदि यह ड्रामा न किया जाए तो सरकारी आर्थिक सहायता खतरे मे पड़ जाएगी। इन गौशालाओं के संचालन हेतु बनी भारी भरकम समितियों मे शहर अनेक प्रकार के माफिया लक्ष्मीपुत्र व खादीधारी गाँधीवादी अपना चेहरा चमकाने मे कामयाब हैं। इस प्रकार इन सफेदपोशो का यह उदासीनता पूर्ण रवैया प्रदेश के मुख्यमंत्री गौरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के साथ स्पष्ट विश्वासघात है।

## एफ आई आर दर्ज होने के बाद बोले विधायक अमिताभ जनरल डायर के दिनों की याद आ गई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर की आर्य नगर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई समेत 204 लोगों पर थाना पनकी में बीती 13 अप्रैल को सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसके बाद विधायक अमिताभ बाजपेई ने एक वीडियो वायरल करके खुद को निर्दोष बताते हुए कानपुर पुलिस पर झूठा मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है और इसके साथ ही दावा किया है कि वह नवरात्रि की नवमी के बाद खुद 204 लोगों के साथ गिरफ्तारी देने पनकी थाने पहुंचेंगे।

मुकदमे को कानपुर पुलिस ने यह कहकर दर्ज किया है कि सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने उस समय पनकी थाने पर आकर अन्य लोगों के साथ सरकारी कार्य में बाधा डाली जब सम्राट यादव को अरमापुर स्थित ईदगाह से हिरासत में लेकर डीसीपी बेस्ट पश्चिम विजय ढुल और उनकी पुलिस टीम पनकी थाने लाई थी. मानी हुई बात है कि मुकदमा जिस पर दर्ज होता है उसे घबराहट होती है.लेकिन सपा विधायक अमिताभ बाजपेई खुद के ऊपर मुकदमा दर्ज होने के बाद जरा सा भी विचलित नहीं दिखाई दे रहे हैं. सपा विधायक ने सिंह गर्जना में अपना एक वीडियो वायरल किया है जिसमें उन्होंने यह कहा कहा है कि उनके ऊपर जो मुकदमा दर्ज किया गया है वह झूठा है साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे तो जनरल डायर के दिनों की याद दिला दी गई है। विधायक का कहना है कि जंगल राज कायम है। कोई भी व्यक्ति लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध भी नहीं दर्ज करा सकता है।

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन किए अर्पित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना कर सामाजिक भेदभाव दूर करने का संदेश देकर भारत में लोकतंत्र की स्थापना करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा की समाज के कमजोर वर्गों व महिलाओं के लिये संविधान में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर ने बराबरी का दर्जा दिया है, जिससे आपसी भेदभाव मिटाने में बल मिला है। हर व्यक्ति को डाक्टर अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलना चाहिए कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, रंजीत सिंह आदि शामिल थे।

## अग्निकांड: आज फिर फैसला आने की उम्मीद, इरफान सोलंकी तलब

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



आज फिर एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 की ओर सभी नागरिकों का ध्यान केंद्रित रहेगा कारण यह है कि आज भी लोगों को आशा है कि सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य के विरुद्ध थाना जाजमऊ में दर्ज अग्निकांड मामले में शायद अंतिम निर्णय आ जाए। हालांकि अंतिम निर्णय आएगा कि नहीं। या आज भी तारीख बढ़ जाएगी यह तो एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 के विद्वान न्यायाधीश जानते हैं क्योंकि फैसला उन्हीं को सुनाना है। फिलहाल मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट ने इरफान सोलंकी को जनपद महाराजगंज की जेल से तलब किया है इसके साथ ही कानपुर नगर की जेल से अन्य आरोपियों को भी तलब किया गया है, जो आरोपी जमानत पर रिहा हैं वह सीधे कोर्ट पहुंचेंगे।

ज्ञातव्य हो कि बीते वर्ष 8 नवंबर 2022 को थाना जाजमऊ क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी स्थित सपा विधायक इरफान सोलंकी के पैतृक मकान के ठीक बगल में निवास करने वाली बेवा नजीर फातिमा ने उनकी झोपड़ी को विधायक इरफ़ान और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के अन्य सदस्यों द्वारा साजिश रच के फूंक देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर थाना जाजमऊ में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही विधायक इरफान सोलंकी अपने भाई रिजवान सोलंकी को लेकर फरार हो गया था। लेकिन उसे पुलिस से भागना काफी भारी पड़ा भागने के दौरान ही उसने ऐसे ऐसे अपराधों को अंजाम दिया जो एक साधारण व्यक्ति तो नहीं दे सकता था जिसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला खुद को अशरफ अली बनाकर हवाई यात्रा करना था। इस मामले में उसे सहयोग करने के कारण हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान की बेटी सपा नेत्री नूरी शौकत समेत उसके भाइयों और इरफान के सालों को भी जेल जाना पड़ा था। इसके बाद भी मुकदमा दर्ज होने का सिलसिला नहीं रुका संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिजवान को भी गैर कानूनी तरीके से नागरिकता दिलाने के मामले में विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अग्निकांड मामले में विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में दिन प्रतिदिन सुनवाई चली है। मामले में अंतिम निर्णय सुनाया जाना है लेकिन हर मर्तबा किसी न किसी कारण तारीख आगे बढ़ जाती है।

## संविधान निर्माता डॉ.भीम राव अंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन भलाई के लिए किया न्योछावर: डॉ.मुनीश कुमार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में रविवार को बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार दने कहा कि संविधान निर्माता डॉ.भीम राव अंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओ एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भलाई के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि वह एक महान अर्थशास्त्री तथा समाज सुधारक थे।जिन्होंने सामाजिक समरसता के लिए अहम भूमिका निभाई। डॉ.मुनीश कुमार ने कहा कि वह देश के संविधान के शिल्पकार थे उन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। डॉ.भीमराव अंबेडकर ने भारतीय कानून एवं शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में भी कार्य किया। इस अवसर पर भंडार क्रय अधिकारी डॉ.कौशल कुमार, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.राजीव, प्रस्थापना अधिकारी डॉ.संजीव शर्मा, सुरक्षा अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह, गेहूं जनक डॉ.सोमवीर सिंह तथा सेवानिवृत्ति अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.धर्म राज सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बहुजन मुक्ति पार्टी के मनोज लोकसभा चुनाव लड़ेंगे

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ज्योतिबा फुले, साहू जी महराज, डॉ. भीमराव अम्बेडकर व मान्यवर कांशी राम के विचारों मे आस्था रखने वाली बहुजन मुक्ति पार्टी ने मनोज बाल्मीकि को नगर संसदीय से से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है। यह जानकारी देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद त्यागी ने बताया कि देश की सरकार है दलित शासकीय प्रणाली के माध्यम से नूरा कुश्ती करके संविधान को खत्म करने पर अमादा हैं। इसके प्रतिउत्तर मे बी.एम.पी मे एक सौ रुपए के स्टांप पेपर मे अपना घोषणा पत्र जारी किया है। पार्टी के घोषणा पत्र मे राष्ट्रीय स्तर पर 65 महत्व बिंदुओं पर अपनी नीति स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि हमारी व्यवस्था देश मे गरीबी घटाने, निजीकरण को समाप्त करने, प्रत्येक परिवार मे एक व्यक्ति को सरकारी सेवा मे समायोजित कराने, अखण्ड भारत के नागरिकों की सुरक्षा व स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रभावी कानून बनानें मुस्लिम समाज को उचित संरक्षण प्रदान करने, भूमि आयोग बना कर भूमिहीनों को भूमि वितरित करने तथा देश के मूल निवासियों को आत्मरक्षार्थ हथियारों का लाइसेंस दिलाने की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार संसदीय चुनाव के संचालन के लिए बारह सदस्यीय समिति बनाई गयी। जिसमे छेदी खोटे,इरफान भाई, विजय यादव, सुग्रीम गोंड, करिश्मा दिवाकर, इकबाल, राज नारायण, शंकर लाल, आर पी त्यागी, राहुल दिवाकर उदय भाई व सुरेश कुशवाहा शामिल हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मतदान जागरूकता अभियान चलाया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा रविवार को परिसर स्थित छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्कूल आफ बिजनेस मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के पर्व में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के सचिव डॉ.विवेक सिंह सचान ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने परिवार और आसपास रहने वाले लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी प्रथम बार वोट डाल रहे हैं वह अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करें। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, अंकित श्रीवास्तव, नवदीप श्रीधर, अर्पित मिश्रा, नीलम श्रीधर एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



### बाबा साहब की जयंती पर किया गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** राज्यकर लखनपुर कानपुर के कार्यालय में रविवार को बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती बनाई गई। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर राज्यकर कानपुर कार्यालय प्रांगण में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बाबा साहब के जीवन, उनके विचारों, एवं उनकी शिक्षाओं पर राज्य कर कानपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर राजा भरत अवस्थी, रवि प्रकाश, दीपक चंदेल, पवन प्रकाश पांडेय,राजेश पटेल, धर्मेंद्र अवस्थी,सत्येंद्र कुमार, ओम गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहें।



### 3चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना किदवईनगर के अंतर्गत एक बाइक चोर को पुलिस द्वारा बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। किदवई नगर चौकी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली, जिसके उपरांत चौकी इंचार्ज प्रवास शर्मा मौके पर पहुंचे और बाइक सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लाय। पकड़े गए युवक के पास से बाइक बरामद की गई। पुलिस द्वारा 379/415 की कार्यवाही करते हुए अभियुक्त पर मामला दर्ज किया गया।

### पड़ोसी से मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना हनुमन्त विहार में पड़ोसी संग मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उस्मानपुर कॉलोनी निवासी आशिफ अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया है कि उनकी पत्नी शीबा फातिमा जो घर पर अकेले थी। उस दौरान पड़ोसी रामाकान्त गुप्ता उर्फ दीपक गुप्ता और उनकी पत्नी ने उनकी पत्नी और बच्चे को फड़वा और डन्डे से मारा और उनके घर के बाहर दो कैमरे लगे थे वो भी तोड़ दिया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष का डॉक्टरी परीक्षण करामतके बाद आईपीसी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।




## बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि की अर्पित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती पर दक्षिण जिले में रविवार को कार्यकर्ताओं ने अपने बूथों पर डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की व बूथ पर ही टिफिन बैठकों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि बाबा साहब ने न केवल समाज के वंचित, दलितों और पिछड़ों को विशेष दर्जा दिलाया बल्कि उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने का रास्ता भी बनाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि जब तक उन्हें पूरी तरह समानता का अवसर प्राप्त नहीं होता तब तक यह कार्य जारी रहने चाहिए। आज पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी बाबा साहब की इसी सोच और कामों को आगे बढ़ा रहे हैं। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े स्थानो उनकी जन्म भूमि,डॉ अंबेडकर मेमोरियल, शिक्षा, दीक्षा भूमि, डॉ.अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक एवं चैत्य भूमि को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। लोकसभा सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक आर्थिक क्षेत्र में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में विश्व स्तरीय डॉ.अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना कर पीएम मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। बाबा साहब सामाजिक समरसता के प्रवर्तक एवं महान चिन्तक भी थे।

निर्धन, दलित, कमजोर, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को समाज में समुचित स्थान व सम्मान दिलाने के लिए उन्होंने संविधान में तमाम प्रावधान किए थे।भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ओमपुरवा, सफेद कालोनी, गोवर्धन पुरवा, ढकना पुरवा, समाधी पुलिया, भीम नगर, पीली कॉलोनी, 13 ब्लॉक, परम पुरवा, साईं पुरवा, बर्रा 8, भज्जी पुरवा, मीरपुर खटिकाना, यशोदा नगर, ओम पुरवा चौराहा, चार रॉड चौराहा आदि जगहों पर भी अलग अलग अम्बेडकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामदेव शुक्ला, नरेश कठेरिया, अर्जुन बेरिया, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, राजन चौहान, गणेश शुक्ला, वीरेंद्र दिवाकर, मनीष त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, गिरीश बाजपेई, अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल उड़ा ले गए चोर



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना किदवई नगर में एक पीड़ित ने तहरीर देकर अपनी मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने चोरी की गई मोटर साइकिल को ढूंढने के प्रयास भी जारी कर दिए हैं।

थाना किदवई नगर क्षेत्र के साइट नंबर वन में निवास करने वाले ऋषभ गुप्ता ने दी गई तहरीर में पुलिस को बताया है कि उनकी मोटर साइकिल हौंडा शाइन जिसका रंग ग्रे था उनके घर के बाहर खड़ी थी जो किसी अज्ञात चोर द्वारा 13 अप्रैल को समय लगभग दस बजे से 11बजे के करीब चोरी कर ली गयी है। किदवई नगर पुलिस ने रविवार को मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश आरंभ कर दी है।

## पूर्वी जोन की पुलिस ने फिर दबोचे तीन सटोरिए, लाखों बरामद



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर की पूर्वी पुलिस के द्वारा सटोरियों को दबोचने का अभियान कल रविवार को भी जारी रहा। इस दौरान हरबंस मोहाल और क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन सटोरियों को 14 लाख रुपए संग दबोचा है।

कानपुर पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया गया है कि 14 अप्रैल को क्रमशः सर्विलांस एवं स्वाट/एस0ओ0जी0 टीम प्रभारी द्वारा मय अपराध शाखा की टीम के द्वारा आईपीएल मैच में सट्टा खिलवाने वाले गैंग के 3 वांछित सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे के 14 लाख रुपए बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। बताया गया कि कल दिनांक 13 अप्रैल को होटल मेफेयर इन में पकड़े गए सट्टा खिलाने वाले गैंग के वांछित सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय एवं एस0ओ0जी0 प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव की टीम को लगाया गया था। दोनो टीमों द्वारा गैंग के अन्य वांछित सदस्यों रोहित गुप्ता आदि की पतारसी सुरागरसी की जा रही थी। इसी क्रम में 14 अप्रैल को मुखबिर एवं सर्विलांस के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्तगण रोहित गुप्ता को उसके दो साथी विनोद गुप्ता एवं बाल किशन गुप्ता के साथ मय स्कूटी के फायर स्टेशन, टाट मील के पास से करीब 10:40 बजे दिन में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे का करीब 14 लाख रुपया एवं सट्टे से संबंधित हिसाब के कागजात बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

निरीक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय, निरीक्षक जनार्दन सिह यादव, उ0नि0 मो0 आरिफ उ0नि0 मनीष कुमार, उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 मंजीत सिह, हे0का0 प्रदीप सिह, हे0का0 देवी सिह, हे0का0 प्रदीप कुमार, हे0का0 शैलेन्द्र कुमार, हे0का0 राघवेन्द्र सिह, का0 राहुल अग्रहरि, का0 सत्यवीर आवाना, का0 मनोज कुमार, का0 रोहित कुमार, का0 चयन कुमार जादौन. का0 अंकित कुमार, म0का0 पूनम परिहार की भूमिका प्रमुख रही।

## जयंती पर धूमधाम से निकाली गई प्रभात फेरी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

डॉ.भीमराव अम्बेडकर 133 वीं जयंती के मौके पर रविवार को कौशलपुर गांव से आनंद प्रकाश के नेतृत्व में शुरू होकर प्रभात फेरी शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए शाम को नानाराव पार्क में समाप्त हुआ। प्रभात फेरी के दौरान बाबूपुरवा के बाकरगंज स्थित चार राड चौराहे के पास स्थित अम्बेडकर पार्क के अन्दर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भीम प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक वीरेन्द्र धानविक ने बताया कि यह कार्यक्रम बीते कई वर्षो से लगातार होता आ रहा है। बाबा साहब के जन्मदिन के मौके पर उनकी पूजा करके उन्हें भोग लगाने के बाद भीम भोज भक्तों को वितरित किया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नईम, अब्दुल समीसाह, स्थानीय पार्षद हरिशंकर गुप्ता, अशोक पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक राहुल बच्चा सोनकर सहित कई लोग सहयोग करते है।

### कांग्रेसियों ने बाबा साहब के जीवन पर डाला प्रकाश

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर द्वारा 7 अप्रैल से 14 अप्रैल तक डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जयंती सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान बचाओ सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस पर कल शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न वार्डों दलित बस्तियों मलिन बस्तियों विभिन्न स्थानों पर और मुख्य मार्ग के किनारे समाज के लोगों समाज के हर वर्ग के लोगों ने दलित चिंतको को और समाज की हर वर्ग के साथ मिलकर विचार गोष्ठियों का आयोजन किया और डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमाओं पर मल्यार्पण कर डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी के अलावा, पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी आदि शामिल रहे।



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 25°C |
| कानपुर | 38°C | 24°C |
| देहरादून | 31°C | 19°C |
| नई दिल्ली | 35°C | 24°C |

# बाबा साहब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्राप्त की महानता : सीएम

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जयंती पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद
- सीएम योगी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि
- बोले, बाबा साहेब ने सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को दी नई प्रेरणा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दबे, कुचले और वंचित वर्ग के लोग अपने सम्मान की लड़ाई और भावी पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य देने के लिए बाबा साहेब का स्मरण कर रहे हैं। बड़े घर में पैदा हो करके बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने संविधान शिल्पी के रूप में पूरे भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का अद्भुत कार्य किया था। साथ ही न्यायसमता और स्वाधीनता की थीम दे करके पूरे भारतवासियों के मन में उत्साह और उमंग का भाव संचालित किया था। उनकी ही देन है कि आज लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ देश की 140 करोड़ की जनता एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में वर्तमान में कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम ने रविवार को भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने बाबा साहेब को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहेब के मूल्यों को आत्मसात कर गरीब कल्याणकारी योजनाएं चला रही मोदी सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ दिया जा रहा है। देश के संविधान में इसे बाबा साहेब द्वारा समतामूलक समाज की स्थापना के संकल्प के रूप में दिया गया था, जिसे भारत सरकार आगे बढ़ा रही है और यह व्यावहारिक धरातल पर नीचे उतरते हुए दिखाई दे रहा है। बाबा साहेब के मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में गरीब कल्याणकारी योजनाएं का संचालन कर रहे हैं। इसके जरिये हर गरीब और जरूरतमंद को फ्री में मकान, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा, गैस कनेक्शन, राशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए बेसिक आवश्यकताओं की पूर्ति जो बाबा साहेब की परिकल्पना थी, उसे मोदी सरकार व्यावहारिक धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहेब ने वंचित और दलित तबके से शिक्षित बनने की अपील की थी। वह जानते थे कि शिक्षा के जरिये ही अव्यवस्था, असमानता और अराजकता के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। उन्होंने जीवन पर्यंत भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए काम किया। हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करके कार्य करना होगा और विकसित भारत बनाना होगा।

# भाजपा का संकल्प पत्र देश का एंबीशन है : सीएम योगी

## संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा : मुख्यमंत्री

- भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने पर बोले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री
- बोले, देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है
- गरीब, युवा, महिला व किसान रूपी स्तंभों पर आधारित है भाजपा का संकल्प पत्र : योगी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र रविवार को जारी हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की संकल्पना पर आधारित 14 नए संकल्पों और चार स्तंभों (गरीब, युवा, महिला व किसान) पर आधारित भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देश का एंबिशन है। देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

### युवा, महिला, किसान व गरीब ही आधार

सीएम योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।

### पीएम के नेतृत्व में युवाओं के लिए जारी हुईं अनेक योजनाएं

सीएम ने कहा कि पिछले दस वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उभरे। उनके जीवन में परिवर्तन आया। पीएम मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए अनेक योजनाएं जारी हुईं। पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना या रोजगार से जुड़े अन्य सभी कार्यक्रमों के साथ-साथ निवेश को नौकरी के साथ जोड़ने के अलावा रोजगार व नौकरी की संभावनाओं को विकसित करने के कार्यक्रम को भी इस संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। 10 करोड़ महिलाओं को स्वयंसेवी समूहों के माध्यम से स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने के साथ ही अगले पांच वर्ष के नए विजन के साथ उनके जीवन में व्यापक परिवर्तन को आधार बनाने का कार्य हुआ है।

### चार आधार स्तंभों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया लोक कल्याण संकल्प पत्र

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर सेक्टर को छूते हुए उक्त चार आधार स्तंभों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया है। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा। संकल्प पत्र के माध्यम से दिए गए विजन को भाजपा का कोटि-कोटि कार्यकर्ता अपने जीवन का मिशन बनाकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार बनाने का कार्य करेगा। देश की आशा व आकांक्षाओं को पूरा करने में योगदान देगा। सीएम ने विश्वास जताया कि जनता-जनार्दन का आशीर्वाद इस संकल्प पत्र के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त होगा।

### सीएम योगी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार

सीएम योगी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संकल्प पत्र निर्माण समिति के अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का हृदय से अभिनंदन और प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं व 25 करोड़ जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### समाजवादी पार्टी ने जारी की और सात प्रत्याशियों की सूची



जन एक्सप्रेस/लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की एक और सात प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर बसपा से निकाले गए सांसद राम शिरोमणि वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने लिस्ट में जातीय समीकरण बैठाने की भरपूर कोशिश की है।फूलपुर लोकसभा सीट से अखिलेश यादव ने अमरनाथ मौर्य और श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर कुशल तिवारी को टिकट दिया है।संतकबीर नगर से लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को टिकट दिया है।सलेमपुर से सपा ने रमाशंकर राजभर को उतारा है। जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। मछली शहर से चर्चित नेता प्रिया सरोज को टिकट दिया गया है। समाजवादी पार्टी ने ज्यादातर सीटों पर जातीय समीकरण को साधते हुए उम्मीदवार उतारा है।फूलपुर से भारतीय जनता पार्टी ने प्रवीण पटेल को टिकट दिया है। बीजेपी ने कुर्मी वोटरों को साधने की कोशिश की है तो अखिलेश ने इसके उलट यहां मौर्य उम्मीदवार को उतार दिया है। यहाँ मौर्य कुशवाहा समाज की आबादी अच्छी है। चुनावों में अहम भूमिका निभाते है। डुमरियागंज में मुकाबला दिलचस्प होगा। डुमरियागंज संसदीय सीट से बीजेपी ने जगदंबिका पाल को फिर टिकट दिया है, वहीं सपा ने कुशल तिवारी को उतार दिया है।यह ब्राह्मण बाहुल सीट है। यहां ब्राह्मण वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यहां मुस्लिम और यादव वोटरों की संख्या भी अधिक है।ऐसी स्थिति में सपा उम्मीदवार अब मजबूत स्थिति में आ गए हैं।

### 'रोड' नहीं तो 'वोट' नहीं

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ में लगभग तीन हजार की आबादी ने मतदान के बहिष्कार का निर्णय लिया है।खफा लोगों की संख्या कम हो या ज्यादा, सवाल तो खड़ा ही कर दिया है। एक ओर निर्वाचन आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह तरह के जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है, दूसरी ओर इतना विरोध सरकारी व्यवस्था पर उंगली उठाने के लिए काफी है। मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराने के जिम्मेदार अहलकारों और शासन का ध्यान इधर न जाने का नतीजा है नाराज़गी। यह मामला पंडित दीन दयाल पुरम योजना इंदिरा नगर का है। राजधानी स्थित शहीद भगत सिंह वार्ड, इंदिरा नगर में यह कालोनी है। यहाँ के लोग 20 वर्षों से सड़क व नाली न बनने से खफा हैं।मुख्य प्रवेश पर टांगा है बैनर ,जिसपर साफ लिखा है जब तक 80 मीटर रोड नहीं, तब तक आपको वोट नहीं। कालोनी निवासियों ने लगाए रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे।घरों पर रोड नहीं तो वोट नहीं लिखे पोस्टर चिपकाए गये हैं। कालोनीवासियों की मांग है तत्काल सड़क बनाई जाए।

### हटी 96,02,386 प्रचार-प्रसार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 96,02,386 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।सार्वजनिक स्थानों से 57,89,690 तथा निजी स्थानों से 38,12,696 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,15,504, पोस्टर के 27,25,637, बैनर के 16,52,019 एवं अन्य 7,96,530 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 4,96,242, पोस्टर के 17,39,233 बैनर के 9,24,206 एवं अन्य 6,53,015 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग के 1230 मामलों , लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 54 एफआईआर दर्ज, 05 एनसीआर सहित कुल 59 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### बाबा साहेब ने कहा,शिक्षित बनो,संघर्ष करो : जयंत

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, कैसरबाग में भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवम् जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने बाबा साहब के बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया।जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि बाबा साहबभ् डॉ भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था, इन्होंने संविधान का निर्माण किया और कहा कि शिक्षित बनो, संघर्ष करो। डॉ. साहब ने समाज की गैरबराबरी के विरुद्ध आन्दोलन किया। अपनी जाति के कारण आम्बेडकर को सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। समाजवादी पार्टी सदैव ही डॉ. भीमराव आम्बेडकर के आदर्शों पर चलती आ रही है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गुड्डू लोधी, जिला प्रवक्ता रमेश सिंह 'रवि', लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष ओम कुमार लोधी के साथ अन्य कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

# होटल बालाजी ग्रैंड के किचन में लगी आग से मचा हड़कंप, गेस्ट व कर्मचारी सुरक्षित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के चारबाग स्थित तीन मंजिला होटल बालाजी ग्रैंड के किचन में रविवार को आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। अमीनाबाद में गणेशगंज निवासी मुकेश अग्रवाल का एपीसेन रोड पर तीन मंजिला बालाजी ग्रैंड होटल स्थित है। यहां सुबह 9:15 बजे होटल के किचन में भट्ठी के पास लगी चिमनी में अचानक आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगीं। यह देख वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए। देखते ही देखते पूरे होटल में धुआं भर गया। लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। घटना के समय होटल की पहली मंजिल पर गेस्ट ठहरे हुए थे, जबकि दूसरी मंजिल पर नौ कर्मचारी मौजूद थे। धुआं भरने के कारण गेस्ट व अन्य कर्मचारी फंस गए। कर्मचारियों ने तुरंत दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। वे खुद होटल में लगे अग्नि सुरक्षा उपकरणों से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे।

### सभी को निकाला गया सुरक्षित

होटल मालिक मुकेश अग्रवाल के मुताबिक, घटना के दौरान सबसे पहले गेस्ट को बाहर निकाला गया। इस बीच दमकलकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। हालांकि, काफी हद तक होटल कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। दमकलकर्मियों ने तीन गाड़ियों की मदद से आग पर 20 मिनट में काबू पा लिया।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं : सीईओ

- आपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 4153 निरस्त और 16,74,777 लोग पाबन्द

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 13 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4153 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,13,670 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 16,74,777 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 6223 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 6330 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 323 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2248 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 115 केन्द्रों को सीज किया गया।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 13 अप्रैल को अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 45 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 50742 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 244 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 263 कारतूस व 06 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 118 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 08 केन्द्रों को सीज किया गया।

# घोसी : ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान का इम्तिहान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी की हॉट सीटों में घोसी भी शामिल हो गई है। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर के चुनाव मैदान में उतरने और इस सीट पर विपक्ष द्वारा बुने सियासी ताने-बाने ने इसे खास बना दिया है।दिल्ली की डगर बहुत कठिन है।अब सबकी निगाहें घोसी के चुनावी संग्राम पर टिक गई। घोसी के रण में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा है। इसके साथ ही घोसी में प्रदेश सरकार के दूसरे मंत्री दारा सिंह चौहान की प्रतिष्ठा जुड़ गई है।ओमप्रकाश राजभर को बेटे को सांसद बनाने के लिए भाजपाइयों को साधना पड़ रहा है। पिछड़े वोटों में बिखराव रोकना बड़ा मसला है। मुख्तार अंसारी फैक्टर से भी निपटना है। घोसी का मैदान भाजपा के लिए कभी मुफीद नहीं रहा। 2014 की मोदी लहर को छोड़ दें तो भाजपा को इस सीट पर कभी नहीं जीती। शायद इसीलिए भाजपा ने समझौते में यह सीट अपने सहयोगी सुभासपा को दे दी। पूर्वी यूपी के राजभर वोटों पर दावेदारी करने वाले ओमप्रकाश राजभर ने अपने बेटे को संसद भेजने के लिए इसे सबसे मुफीद समय माना। उन्हें अंदाजा न रहा होगा कि उनका बड़बोलापन उनके बेटे की राह मुश्किल कर सकता है। 2022 के चुनाव में भाजपाइयों को निशाने पर रखने वाले राजभर के भगवा खेमे के कार्यकर्ता दमखम से शायद ही जुटे। ओमप्रकाश राजभर को अधिकांश समय घोसी में ही देना पड़ रहा है। भाजपा के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक गुहार लगा चुके हैं ,सबके जुटे बिना नैया पार नहीं होंगी। सपा और बसपा ने इस सीट पर राजभर की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। घोसी विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सपा के हौंसले बुलंद हैं। समाजवादी पार्टी ने राजीव राय पर दांव लगाकर अगड़ों को साधने का प्रयास किया है। रही-सही कसर बसपा सुप्रीमो मायावती ने पूरी कर दी है। पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाकर पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव की सम्भावना बढ़ा दी है। बालकृष्ण चौहान के आने से इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है।देखना है कि सुभासपा प्रमुख कैसे इस चक्रव्यूह को भेदकर बेटे की जीत की राह प्रशस्त करते हैं। राजभर के रणनीतिक कौशल का इम्तिहान यहीं खत्म नहीं होता। यह सीट हाल ही में बांदा जेल में मरने वाले मुख्तार अंसारी के परिवार के प्रभाव वाली मानी जाती है। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। अब ओमप्रकाश राजभर भाजपा के साथ हैं। देखना होगा कि एनडीए में रहते राजभर अपने बेटे के मुख्तार परिवार का रुख क्या होगा। सुभासपा विधायक अब्बास इस सीट पर अरविंद राजभर के राजतिलक में शायद ही मददगार हों।

# मछली पालन हेतु किसानों व युवाओं को जागरूक करना आवश्यक : डॉ हिमांशु



- डीजी आईसीएआर ने किया एनबीएफजीआर का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आईसीएआर के महानिदेशक एवं भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ हिमांशु पाठक अचानक पहुँचे लखनऊ और एनबीएफजीआर का निरीक्षण किया। संस्थान के निदेशक डॉ उत्तम कुमार सरकार नव उनका स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों एवं अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। उन्होंने संस्थान द्वारा मत्स्य प्रजातियों के अन्वेषण, सूचीकरण, मूल्यांकन और लक्षण वर्णन के माध्यम से देश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक आवासों में मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण सहित अनुसंधान कार्यक्रमों के विस्तार का जायजा लिया ।डॉ पाठक द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के एक विशेष घटक के रूप में मात्स्यिकी को आगे बढ़ाने के लिए मात्स्यिकी वैज्ञानिकों द्वारा अधिकाधिक प्रयत्न करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों एवं युवाओं की आजीविका सुरक्षा हेतु मछली पालन व इससे जुड़े अन्य व्यवसायों की उपयोगिता हेतु सामुदायिक जागरूकता आवश्यक बताते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत देश में मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए मत्स्य पालकों व उद्यमियों को दी जा रही अनुदानों की भी जानकारी दी। उनके द्वारा परिसर स्थित गंगा एक्वेरियम में उत्तर प्रदेश की राज्य मछली चिताला का अनावरण कर सेंट्रल एक्वेरियम एवं तालाब में रिलीज़ किया गया तथा गंगा एक्वेरियम का ट्रेड मार्क, मछलियों के डीएनए बारकोड पर पुस्तक एवं क्रस्टेशियन प्रजातियों पर ऑनलाइन डेटाबेस विमोचित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ स्थित आईसीएआर संस्थानों के निदेशकगण डॉ.आर.विश्वनाथन, डॉ.टी.दामोदरन सहित एनबीएफजीआर के समस्त वैज्ञानिक एवं विभिन्न अनुभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

# जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं

- ये कैसी खुशहाली, जहाँ मुफ्त राशन खातिर लगानी पड़ती लाइन : अंगारा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सत्ता के लिए बीजेपी के लोग कुछ भी कर सकते हैं। लोगों को बरगलाने की कला में तो इन्हें महारत हासिल ही है। देश बर्बादी के कगार पर है।युवाओं के हाथ में काम नही,बेरोजगारी चरम पर, नौकरी निकलती नही और निकलती भी है तो आउटसोर्सिंग की। सरकारी नौकरी का पेपर ही लीक हो जाता है। यह उदगार हैं राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा के,उन्होंने देश व प्रदेश की खराब अर्थव्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम और हमारा देश विकसित देशों से बहुत पिछडा है। भारत सरकार को 85 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की व्यस्तता करनी पड़ रही है।यह कैसी खुशहाली, जहाँ मुफ्त राशन के लिए लाइन लगानी पड़े। नौकरियां रह नहीं गयी ,व्यापारी अलग परेशान, किसानों को खाद पानी नहीं मिल रहा।किसानों ने अपनी समस्याओं से सरकार को अवगत करवाना चाहा तो सरकार ने आंदोलनों को कुचलने का प्रयास किया, सड़कों में कीलें गडवाईं,वाटर कैनन चलवाये, तमाम किसानों को मौत की नींद सुला दिया गया।पढ़ें लिखे लोग बेरोजगार घूम रहे हैं।एनडीए सरकार ने दस साल के कार्यकाल में सिर्फ नौकरियां छीनने का ही कार्य किया है। नेताओं पर झूठे और बेबुनियाद मुकदमे लगवाकर जेलो मे डलवाने का कार्य किया है।सत्ता की भूख ने भाजपा सरकार को लोकतंत्र और संविधान को का खिलौना बना दिया। डॉ राममनोहर लोहिया कहते थे कि जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नही करती।मैं तो कहता हूं कि लोकतांत्रिक देश में शासक तानाशाह हो जाए तो सत्ता से हटाना जरूरी हो जाता है। 2024 का चुनाव बहुत अहम है। निरंकुशता बढ़ रही और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# खुशियां मनाओ कि आई बैसाखी

**बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरू गोबिन्द सिंह जैसे महापुरूषों के महान् आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है।**

*कृषि प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर से पंजाब का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाईयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो इस दिन खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढ़ोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरूद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है। उत्तर भारत में और विशेषतः पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले ही काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्यौहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पर्व की खूब धूम रहती है। पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' के नाम से मनाया जाता है तो केरल में 'विशू' नाम से तथा असम में यह 'बीहू' के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में 'पोइला बैसाखी' भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरुआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परम्परा रही है। 13 अप्रैल 1919 का बैसाखी का दिन आज भी चीख-चीखकर अंग्रेजों के जुल्मों की दास्तान बखान करता है। दरअसल रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आव्हान पर इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे क्योंकि 'रोलट एक्ट' कानून के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था। महात्मा गांधी के आव्हान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैंकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे। हालांकि बाद में उस नृशंस हत्याकांड के सूत्रधार जनरल डायर की हत्या कर उसका बदला ले लिया गया था। बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को 'मेष संक्रांति' भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्यौहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरू गोबिन्द सिंह जैसे महापुरूषों के महान् आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।*

## एक्सप्रेस आलेख

आपको विजयी हुए निर्दलीय उम्मीदवारों में इस तरह के कई नाम मिल जाएंगे जो उस लोकसभा क्षेत्र से विजयी हुए, जहाँ से उनका उस क्षेत्र से कोई सीधा संबंध नहीं था। वहां पर जनता से जुड़कर और उनके सुख-दु:ख का हिस्सा बनकर वे वहां के हो गए। कृपलानी जी सिंध से आए थे। वे बिहार से सांसद बने। इंदरजीत सिंह नामधारी का परिवार देश के विभाजन के वक्त पाकिस्तान से बिहार आकर बस गया था। वे बरसों बिहार के ट्रांसपोर्ट मंत्री भी रहे। बिहार के विभाजन के बाद वे झारखंड में सक्रिय हो गए। इंदर सिंह नामधारी झारखंड के पहले विधान सभा अध्यक्ष बने। वे वनांचल राज्य आंदोलन के प्रमुख नेता थे जिसने दक्षिण बिहार के लिए अलग राज्य की मांग की थी।

# क्यों घटती जाती तादाद लोकसभा में आजाद उम्मीदवारों की?



**आर.के.सिन्हा**

डॉ. करणी सिंह रेंज का निर्माण 9 वें एशियाई खेलों के निशानेबाजी के मुकाबलों के लिए 1982 में हुआ था। डॉ. करणी सिंह बीकानेर के राज परिवार से थे। वे देश के पहले निशानेबाज थे जिन्हें 1961 में 'अर्जुन पुरस्कार' देकर सम्मानित किया गया था। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राज परिवार से आने के बावजूद जनता के सुख-दुख में शामिल होते रहते थे।

बुजुर्ग हिन्दुस्तानियों को याद होगा ही कि एक दौर में वी.के.कृष्ण मेनन, आचार्य कृपलानी, एस.एम.बैनर्जी, मीनू मसानी, लक्ष्मीमल सिंघवी, इंद्रजीत सिंह नामधारी, करणी सिंह, जी. जी. स्वैल जैसे बहुत सारे नेता आजाद उम्मीदवार होते हुए भी लोकसभा का कठिन चुनाव जीत जाते थे। पर अब इन आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी। तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था। यानि किसी भी गैर-कांग्रेसी दल से बड़ा था। निवर्तमान लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ तीन रह गई थी। अभी तक मात्र 202 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे हैं। बेशक, लोकसभा का चुनाव अपन बलबूते पर लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं होता। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बहुत सारे संसाधनों की दरकरार रहती है। इसके बावजूद भी अगर कोई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है, तो इतना तो माना ही जा सकता है कि उसकाआम जनता में गहरा प्रभाव है। पहले लोकसभा चुनावों के बाद 1967 के लोकसभा चुनावों में 34 आजाद उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे थे। देश में इमरजेंसी लगने के बाद 1977 में चुनाव हुआ। तब सिर्फ सात आजाद उम्मीदवार सफल रहे। यह संख्या 1980 में मात्र चार रह गई। 1984 और 1989 के लोकसभा चुनावों में क्रमश: 9 और 8 आजाद उम्मीदवार ही निर्दलीय रूप से लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। कह सकते हैं कि हरेक लोकसभा चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कुछ न कुछ विजयी रहे हैं। बेशक, ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जुझारू प्रतिबद्धता के साथ कुछ काम तो करते होंगे। वर्ना ये सब लोकसभा में कभी नहीं पहुंच पाते। खासतौर पर तब जबकि चुनावों में धन का इस्तेमाल तो बढ़ता ही जा रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवार अपने आप में बहुत बुलंद शख्सियत के मालिक होते हैं। इनमें से कुछ मनीषी भी रहे हैं। कृपलानी जी 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वे गांधी जी के सबसे उत्साही और विश्वासपात्र शिष्यों में से एक थे। उन्होंने लगभग एक दशक तक कांग्रेस के महासचिव के रूप में भी कार्य किया था। लक्ष्मीमल सिंघवी जैसे सरस्वती पुत्र भी सदियों में पैदा होते हैं। वे ख्यातिलब्ध न्यायविद, संविधान विशेषज्ञ, कवि, भाषाविद एवं लेखक थे। वे धर्मयुग में विधि संबंधी मामलों में खूब लिखते थे। जब मैं धर्मयुग में आवरण कथाएं लिखा करता था। उनका जन्म जोधपुर में हुआ था। वे 1952 से 1967 तक तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। चाहे सांसद रहे हों या किसी और संस्था से जुड़ गए हों, लेकिन उन्होंने वेतन के रूप में हमेशा एक रुपया ही लिया था। आप कानपुर में जाकर अब भी एस.एम. बैनर्जी के बारे में पूछ लें । आपको लोग उनके तमाम किस्से सुनाएँगे। वे एक विख्यात मजदूर नेता थे। वे पश्चिम बंगाल से कानपुर में नौकरी करने के लिए आए थे। कानपुर को उन्होंने अपनी कर्मभूमि बना लिया था। कोलकाता से आये मजदूर नेता एस.एम. बैनर्जी ने 1957 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की तो 1962, 1967 और 1971 तक जीत का सेहरा वही पहनते रहे। शायद कानपुर अकेला शहर होगा, जहां चार बार लगातार कोई निर्दलीय सांसद चुना गया हो। आपको विजयी हुए निर्दलीय उम्मीदवारों में इस तरह के कई नाम मिल जाएंगे जो उस लोकसभा क्षेत्र से विजयी हुए, जहाँ से उनका उस क्षेत्र से कोई सीधा संबंध नहीं था। वहां पर जनता से जुड़कर और उनके सुख-दु:ख का हिस्सा बनकर वे वहां के हो गए। कृपलानी जी सिंध (अब पाकिस्तान) से आए थे। वे बिहार से सांसद बने। इंदरजीत सिंह नामधारी का परिवार देश के विभाजन के वक्त पाकिस्तान से बिहार आकर बस गया था। वे बरसों बिहार के ट्रांसपोर्ट मंत्री भी रहे। बिहार के विभाजन के बाद वे झारखंड में सक्रिय हो गए। इंदर सिंह नामधारी झारखंड के पहले विधान सभा अध्यक्ष बने। वे वनांचल राज्य आंदोलन के प्रमुख नेता थे जिसने दक्षिण बिहार के लिए अलग राज्य की मांग की थी। अब डॉ. करणी सिंह की भी बात कर लेते हैं। हो सकता है कि नई पीढ़ी को उनके संबंध में कम जानकारी हो। वे देश के चोटी के निशानेबाज थे। डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज किसी खिलाडी के नाम पर रखा गया राजधानी का पहला स्टेडियम माना जा सकता है। आमतौर पर यह नहीं होता। ड़ॉ. करणी सिंह रेंज का निर्माण 9 वें एशियाई खेलों के निशानेबाजी के मुकाबलों के लिए 1982 में हुआ था। डॉ. करणी सिंह बीकानेर के राज परिवार से थे। वे देश के पहले निशानेबाज थे जिन्हें 1961 में 'अर्जुन पुरस्कार' देकर सम्मानित किया गया था। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राज परिवार से आने के बावजूद आम जनता के सुख-दुख में शामिल होते रहते थे। वे 1952 से 1977 तक लगातार पांच बार सांसद रहे। उन्होंने दो चुनाव में 70 से 71 फीसदी मत प्राप्त किए थे। उनके बाद इस मत प्रतिशत को प्राप्त करने में कोई भी पार्टी प्रत्याशी सफल नहीं हो पाया। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार सांसद रहने का रिकॉर्ड करणी सिंह के नाम है। अब लोकसभा चुनाव का उत्सव देश देख रहा है। सारा देश जानता है कि अब चुनाव लड़ना कितना खर्चीला हो गया है। कैंपेन इतनी महंगी हो गई है कि कोई भी इंसान आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने से पहले कई बार जरूर सोचता होगा। इसके बावजूद तमाम जनता के बीच में काम करने वाले राजनीतिक कार्यकर्ता चुनावी रणभूमि में कूदने से पीछे नहीं रहते। उम्मीद करनी चाहिए कि देश आगामी लोकसभा में पहले से अधिक आजाद उम्मीदवारों को देखेगा।



बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार सांसद रहने का रिकॉर्ड करणी सिंह के नाम है। अब लोकसभा चुनाव का उत्सव देश देख रहा है। सारा देश जानता है कि अब चुनाव लड़ना कितना खर्चीला हो गया है। कैंपेन इतनी महंगी हो गई है कि कोई भी इंसान आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने से पहले कई बार जरूर सोचता होगा।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | सप्तमी 12:11 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 27:05 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | सुकर्मा, 23:08 |
| सूर्योदय: | 05:56 |
| सूर्यास्त: | 18:45 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 07:32-09:09 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### बदल रही तस्वीर !

*संगठन में इनके लगता ।*
*आ रही दरार ।।*
*फिर भी होगा देखना ।*
*कौन पहनता हार ।।*
*धीरे धीरे शायद ।*
*बदल रही तस्वीर ।।*
*ख़बर रही है उड़ ।*
*हैं सारे ही वीर ।।*
*हारते ना हिम्मत हैं ।*
*ना खुले बस पोल ।।*
*एक दूसरे को भले ।*
*रहें घुमाते गोल ।।*
*शानदार अंदाज़ है ।*
*पर अंदर कोहराम ।।*
*रुक रुक कर कभी कभी ।*
*है आता पैग़ाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*तेरे गुस्से का यह कहर हमें पसंद आया,*
*दुश्मनी का मीठा जहर हमें पसन्द आया।।*
*अभी हो कमसिन ,रंजिश करने की नहीं उम्र,*
*गुस्से तेरा मेरी नज़र हमें पसंद आया।*
*परायों की तिरछी नजरो से न देखो,*
*तेरा कातिलाना कहर हमें पसंद आया।*
*आते हो सुलह के लिए हर शाम,*
*खफा होना हर दोपहर हमें पसंद आया।*
*दुश्मनी का अंदाज भी बेहद हसीन है,*
*ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।*
*खुदा ने तुम्हे सारी नफासत है बक्शी,*
*बिजली सा ढाना कहर हमे पसंद आया।*
*कसम खाती हो ना दिखने की,कसम*
*तोड़कर आना नजर,हमे पंसन्द आया।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सफलता का कोई रहस्य नहीं है यह तैयारी, कड़ी मेहनत और विफलता से सीखने का परिणाम है*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# यूरिक एसिड बढ़ने पर करें कलौंजी का सेवन

**खानपान** में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने का खतरा रहता है। बहुत ज्यादा प्रोटीन युक्त फूड्स का सेवन और निष्क्रिय जीवनशैली वाले लोगों में यूरिक एसिड की मात्रा हमेशा ज्यादा रहती है। यूरिक एसिड, दरअसल शरीर में बनने वाला एक अपशिष्ट पदार्थ है। इसके बढ़ने पर जोड़ों और हड्डियों में दर्द, सूजन और गठिया जैसी समस्या का खतरा रहता है। आमतौर पर किडनी शरीर में बनने वाले यूरिक एसिड को फिल्टर करके बाहर निकाल देती है, लेकिन इसकी मात्रा बढ़ने पर यह क्रिस्टल के रूप में जमा होने लगता है। शरीर में बढ़े यूरिक एसिड को कम करने के लिए कलौंजी का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**हाई यूरिक एसिड में कलौंजी के फायदे:** कलौंजी या काला जीरा सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है। लेकिन आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल औषधि के रूप में भी होता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व और गुण शरीर की कई समस्याओं में फायदेमंद होते हैं। नोएडा स्थित आरोग्यं हेल्थ सेंटर के आयुर्वेदिक डॉ एसके पांडेय कहते हैं, ÷कलौंजी में एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर जैसे




पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है, जो यूरिक एसिड कम करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से यूरिक एसिड समेत कई अन्य समस्याओं में भी फायदा मिलता है।

**हाई यूरिक एसिड में कलौंजी खाने से ये फायदे मिलते हैं:**
**एंटीऑक्सीडेंट गुण:** कलौंजी में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को फिल्टर करने में मदद करते हैं, इससे यूरिक एसिड का स्तर तेजी से कम होता है।
**एंटीइंफ्लेमेटरी प्रभाव:** कलौंजी में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन और दर्द कम करने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से गठिया, अर्थराइटिस समेत कई समस्याओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। एक्स्ट्रा कैल्शियम को कम करे शरीर में कैल्शियम की आदिक मात्रा भी नुकसानदायक होती है। इसकी वजह से भी यूरिक एसिड बढ़ने का खतरा रहता है। कलौंजी में मौजूद गुण कैल्शियम को निकालने और यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद करते हैं।

**हाई यूरिक एसिड में कैसे करें कलौंजी का सेवन?:** हाई यूरिक एसिड को कम करने के लिए कई तरह से कलौंजी के बीज का सेवन कर सकते हैं। रोजाना सुबह के समय एक गिलास पानी में एक चम्मच कलौंजी के बीज को उबालकर पीने से भी यूरिक एसिड को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा कलौंजी के बीज को आप सब्जी या दाल में मिलाकर भी खा सकते हैं। कलौंजी के तेल का सेवन भी यूरिक एसिड को कम करने में फायदेमंद होता है। कलौंजी का पाउडर भी बनाया जा सकता है, जो शर्बत या चाय में मिलाकर पिया जा सकता है। शरीर में भोजन के पाचन के बाद यूरिक एसिड ब्लड में घुल जाते हैं। शरीर में फिल्टर होकर किडनी के माध्यम से यह बाहर निकल जाते हैं। लेकिन हमारे शरीर में जब प्यूरीन की मात्रा बढ़ जाती है तो किडनी से यूरिक एसिड सही ढंग से फिल्टर नहीं हो पाता है जिसकी वजह से शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने लगती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अनादिकाल से यहां विराजित हैं भगवती जगदम्बा



**प्रतीक तिवारी**

रामनवमी को यहाँ वर्षों पहले से विशाल मेला लगता आ रहा हैं,जो भगवती जगदंबा के इस अनादिकाल के सिध्दपीठ के महिमा को और भी विस्तारित कर देता हैं। भगवती का यह स्थान अनादिकाल से? है, और आने वाले समय में भी यह सिद्धपीठ भक्तों को भगवती के दर्शन कराता रहेगा।

वर्ष भर भक्तों का यहाँ तांता लगा रहता हैं, साल के दोनों नवरात्रों भगवती मंदिर की रौनक देखने लायक होतीं हैं , पूरे जनपद की आस्था भगवती से जुड़ी हुई हैं, शादी-ब्याह हो, त्योहार हो या अन्य लोकाचार भक्त भगवती के इस स्थान को नहीं भूलते, यहां चुनरी, नारियल, साड़ी, विविध प्रकार के मिष्ठान और नैवेद्य के साथ मनोकामना पूरी होने पर भगवती को दुध के कराह चढ़ाने की भी मान्यता हैं।

**बलिया** जनपद की भूमि सदा से धार्मिक और जागृत दैवीय स्थलों का केंद्र रही है, गंगा सरयू कि यह भूमि अनेक साधु -संतों, ऋषि- मुनियों की तपस्थली के साथ यहां जगदम्बा के अनेक सिद्ध पीठ भी हैं। भगवती के इन्हीं सिद्ध पीठों में से एक है शंकरपुर स्थित भगवती का मंदिर यहां पर भगवती पौराणिक काल से आज तक विराज रहीं हैं। इसके पीछे एक पौराणिक कथा जुड़ी हैं- मार्कंडेय पुराण के अनुसार पूर्व काल में स्वारोचिष मन्वन्तर में सूरथ नाम के राजा थे जो चैत्र वंश में उत्पन्न हुए थे। उनका समस्त भूमण्डल पर अधिकार था। उनका शत्रुओं के साथ संग्राम हुआ जिसमें राजा सूरथ परास्त हो गये। पराजित होने के बाद राजा अपने नगर को लौट गये। वहां भी उनके शत्रुओं ने उन पर धावा बोल दिया। इसी क्रम में उनके मंत्रियों ने उनके साम्राज्य पर आधिपत्य स्थापित कर लिया। सुरथ शिकार खेलने के बहाने जंगल में निकल पड़े। वहां उन्होंने मेधा ऋषि का आश्रम देखा जहां हिंसक जीव भी शांति भाव से रह रहें थे। राजा सूरथ ऋषि के दर्शन के लिए गये और उनको आपबीती सुनाई। ऋषि ने देवी का महात्म्य बताने के साथ ही राजा को देवी की शरण में जाने को कहा। राजा सूरथ समाधि नामक जिसके परिवार ने उसका तिरस्कार कर दिया था ,उस वैश्य के साथ जगदम्बा के दर्शन के लिए एक विशाल ताल के तट पर रहकर तपस्या करनें लगें, कई वर्षों तक जगदंबा भवानी को विविध प्रकार से उपासना-आराधना और अपनें शरीर को विविध प्रकार के कष्ट देकर देवी जगदंबा को प्रसन्न कर लिया, उन दोनो भक्तों की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर देवी चण्डिका ने उन्हें प्रत्यक्ष दर्शन देकर उनकी अभिलाषा को पूरा किया। राजा को उनका साम्राज्य वापस मिल गया और वैश्य को उसके इच्छानुसार मोक्ष की प्राप्ति हुई। बतातें हैं कि राजा सुरथ ने जहां तपस्या की थी वहां एक गंगा और स्थानिय ताल के मिलन से एक नदी बहती थी,उस नदी में स्नान करनें से राजा और वैश्य को अनेक कष्टों से मुक्ति मिली थीं इसीलिए उसका नाम कष्टहर नाला हुआ।जो आज कटहर नाला के नाम से प्रसिद्ध हैं,और उस विशाल ताल का नाम राजा सुरथ के नाम पर सुरहा ताल हुआ। राजा सुरथ ने इस ताल के नजदीक पांच शिव और शक्ति को समर्पित मंदिरों की स्थापना की, जिनमें शंकरपुर का भवानी मंदिर, ब्रह्माइन की ब्रह्माणी देवी, असेगा के शोकहरण नाथ महादेव, अवनीनाथ का मंदिर और बालखंडी नाथ महादेव का मंदिर शामिल है। भगवती का यह दिव्य देवालय बलिया जिला मुख्यालय से लगभग पाँच किलोमीटर की दुरी पर बलिया -बाँसडीह मार्ग पर स्थित हैं। राजा सुरथ द्वारा स्थापित भगवती की यह दिव्य प्रतिमा देवी के नायारणी स्वरूप की हैं, यह प्रतिमा कब की हैं यह किसी को ज्ञात नहीं,पर क्षेत्र में प्रचलित किंवदंती के अनुसार कई सालों पूर्व खेंत में हल चलातें समय ,हल में ठोकर के साथ खुन लगने के कारण जब किसानों ने देखा तो वहां ज़मीन के थोड़े ही नीचे चिकने काले पत्थर से निर्मित भगवती की अत्यंत मनोहारी और सौम्य रूप वालीं प्रतिमा प्राप्त हुई,बाद में भगवती ने किसी को सपनें में आदेश दिया की मैं जहां से निकली हूं वहां पर मेरा अनादिकाल से स्थान हैं,पुनःमुझें उसी स्थान पर स्थापित करों,तब से आजतक भगवती नारायणी शंकरपुर मे विराजित हैं। विद्वानों और शक्ति उपासना। के मर्मज्ञों के अनुसार यहां जगदम्बा नारायण की शक्ति नारायणी (वैष्णवी ) रूप में विराजमान हैं। बहुत से लोग उनको शंकरपुर में होने से शंकरी देवी कहतें हैं पर यह सही नहीं है। राजा सुरथ ने यहाँ भगवती की सौम्य रूप की प्रतिमा स्थापित की थी ,यहाँ भगवती का स्वरूप नारायण की शक्ति नायारणी (वैष्णवी)रूप में हैं। यहाँ की पूजा पद्धति भी सात्विक हैं, यहाँ भगवती को अन्य देवी स्थानों के जैसें पशु बलि देना निषेध हैं। यहां विराजित देवी भवानी को भक्त ÷भगवती जी÷ कहकर बुलातें हैं। आज यह मंदिर अपनें विशाल रूप के साथ देवीं भगवती के महिमा का गुणगान कर रहा हैं।यह स्थान अनादिकाल से एक सिध्दपीठ रहा हैं, और भक्तों और साधकों की मनोकामनाओं को पूर्ण करता आ रहा हैं। वर्ष भर भक्तों का यहाँ तांता लगा रहता हैं, साल के दोनों नवरात्रों भगवती मंदिर की रौनक देखने लायक होतीं हैं , पूरे जनपद की आस्था भगवती से जुड़ी हुई हैं, शादी-ब्याह हो, त्योहार हो या अन्य लोकाचार भक्त भगवती के इस स्थान को नहीं भूलते, यहां चुनरी, नारियल, साड़ी, विविध प्रकार के मिष्ठान और नैवेद्य के साथ मनोकामना पूरी होने पर भगवती को दुध के कराह चढ़ाने की भी मान्यता हैं। यहां हमेंशा यज्ञ, अनुष्ठान, अखंड हरिकीर्तन, रामचरितमानस आदि का आयोजन होते रहता हैं। चैत्र के वासंतिक नवरात्र की यहां बहुत मान्यता है।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



कस्बे के चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम के आवास पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में बाबा साहब की मूर्ति का माल्यापर्ण किया गया।
चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम और अन्य लोगों की ओर से बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा नेता पहलाद भर्गो नौरंगाबाद साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी सिंगाही सहकारी संघ के उप अध्यक्ष विकास दत्त मिश्रा भाजपा नेता प्रेम बाजपेई भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह प्रधान प्रतिनिधि यादूवेंद्र अवस्थी डॉक्टर पौरुष कुमार गुप्ता आदि मोहम्मद क़य्यूम ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर एक विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।
सिगांही सब डिवीजन के उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार रावत, व निघासन सब डिवीजन के उपखंड अधिकारी विकास यादव जी व अवर अभियंता दिलीप पटेल और संविदा कर्मियों के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

# जिलेभर में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई आंबेडकर जयंती

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



रविवार को जिलेभर में उत्साह,उल्लास और उमंग से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई।कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श को अनुकरणीय बताते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डॉ.आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा।संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ.आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है।
एडीएम संजय कुमार सिंह ने संविधान निर्माता डॉ.भीमराव रामजी आम्बेडकर के सिद्धांतों और आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। कहा कि उनके प्रयास से समाज के सभी वर्गों को संविधान में उचित स्थान प्राप्त हुआ। उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी होगी, जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे संकल्प के साथ करेंगे।आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा, सुधीर सोनी,न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट कर्मियों ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को रेखांकित किया।कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी श्री राम ने किया।

# दहेज की खातिर प्रताड़ित की जा रही विवाहिता

**✻ ससुर की संपत्ति में हिस्सा मांग रहा दामाद**

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ

खीरी।कोतवाली क्षेत्र के द्वारिका नगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। विवाहिता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बौधी खुर्द निवासी राम सिंह पुत्र नानक चंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी सोनी की शादी 10 साल पहले गोला के द्वारिका नगर निवासी हरिओम वर्मा के बेटे रोहित वर्मा के साथ की थी। समर्थ के अनुसार दान दहेज भी दिया था। उनका कहना है कि उनकी पांच बेटियां हैं अब उनका दामाद रोहित उनकी संपत्ति में हिस्सा मांग रहा है। उन्हें एक बेटी की शादी भी करनी है। उनकी बेटी पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह हिस्सा दिलवाएं और जो उन्होंने मकान बनवाया है उसमें जो पांच लाख रुपए का खर्चा आया है वह अपने पिता से लाकर दे। बेटी जब यह मांग पूरी नहीं करा पाई तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।पीड़ित महिला ने अपनी सद्यस पर भी गर्म चिमटे से हाथ जला जला दिए जाने का आरोप लगाया इधर पीड़ित के पिता राम सिंह का कहना है कि 13 अप्रैल को उनकी बेटी का पति रोहित कुमार और रोहित के माता-पिता ने सोनी को इतना पीटा कि उसके चोटें आईं हैं और वह उसे घर में भी रखने को तैयार नहीं है।राम सिंह ने कार्रवाई की मांग की है।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी

रविवार को भारत रत्न संविधान निर्माता और समरसता एवं समता के देवदूत डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती कृषक समाज इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक. महेंद्र प्रताप सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और कॉलेज के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में धूमधाम से भीम महोत्सव के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व संसद सदस्य रवि प्रकाश वर्मा ने बाबा साहब के चित्र का अनावरण करके माल्यार्पण के साथ किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ.देवेंद्र सिंह ने किया द्यसांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में हृदयांशी सक्सेना, वैष्णवी कटियार, खुशी मिश्रा ने बाबासाहेब के जीवनवृत्त पर भाषण प्रस्तुत किया। दर्शिका, कनक, अनन्या, प्रभा सुधी भार्गव और मुस्कान ने गीत एवं कविता प्रस्तुत की। हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अंबेडकर जी को समाज का प्रेरणा स्रोत बताया और कहा हमें अपने भीतर अंबेडकर की भावना को खोजने की आवश्यकता है ताकि वर्तमान समय की चुनौतियों से हम खुद को बाहर निकल सके। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मंच से मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने अंबेडकर के द्वारा महिलाओं मजदूरो और आमजन को दिलाया गए कानूनी अधिकारों को उल्लेखित किया तथा आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वह बाबासाहब की शिक्षाओं को आत्मसात करें और अपना जीवन सफल बनाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्र, श्याममूर्ति शुक्ला, लखपति भारती, डॉ.अनिल कुमार, आरती गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा एनएसएस एनसीसी और स्काउट गाइड के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अपनी जिम्मेदारी एवं दायित्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें : डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई



लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में उत्तराखण्ड राज्य के जनपद चम्पावत एवं पिथौरागढ़ में निर्वाचन निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद के 870 होमगार्ड्स जवानों की बसों जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आर0आर0 इण्टर कालेज प्रागंण से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने होम गार्ड्स जवानों की सलामी ली तथा उपस्थित होम गार्डर्स जवानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश और वहां का वातावरण काफी अच्छा है परन्तु जिन जवानों को स्वास्थ्य में कुछ दिक्कत है, वह अपने साथ अपनी दवायें अवश्य रखें और जनपद की मर्यादा बनाये रखने के लिए निर्वाचन के दौरान अपनी जिम्मेदारी एवं दायित्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा मतदान निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न करायें। इस अवसर पर जिला कमान्डेंट मनोज कुमार ने बताया कि जनपद से चम्पावत के लिए 700 तथा पिथौरागढ़ के लिए 170 होम गार्ड्स जवानों को जिलाधिकारी द्वारा रवाना किया गया है। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बहन की शादी के निमंत्रण पत्र बांटने गए युवक का सड़क के किनारे मिला शव



जन एक्सप्रेस । हरदोई

**दस दिन बाद नन्हे की बहन रिंकी की शादी होनी है। पूरा घर शादी की तैयारियों में जुटा था। हर तरफ खुशी का माहौल था। वहीं नन्हे की मौत की खबर से पूरा घर गम में है और शादी की खुशियां मातम में बदल गई है।**

पाली। बहन की शादी का कार्ड बांटने ससुराल गए एक युवक का शव उसके ही गावं से करीब पांच सौ मीटर पहले सड़क किनारे एक आम के पेड़ के नीचे संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की दाहिनी आंख और मुह पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं पुलिस को शव के पास से कीटनाशक दवा और एक शराब का पैकेट भी मिला है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पहुंचकर जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं।
पाली थाने के गुरधरु गावं निवासी नन्हे कश्यप (22) पुताई करने का काम करता था। नन्हे की छोटी बहन रिंकी की 24 अप्रैल को शादी है। शुक्रवार को नन्हे बाइक से पत्नी धनदेवी को लेकर लोनार थाने के असलापुर में अपनी ससुराल कार्ड बांटने गया था। शनिवार को कार्ड बांटकर वह ससुराल से अकेले गुरधरु के लिए घर के लिए निकल गया। मृतक के भाई भूरा ने बताया शनिवार की शाम को करीब चार बजे नन्हे से फोन पर बात हुई थी तब वह सही थी। रविवार की सुबह करीब 11 बजे असमधा-गुरधरु मार्ग पर खांजानपुर के पास सड़क से करीब 10 मीटर दूर एक आम के पेड़ के नीचे राहगीरों ने नन्हे का शव पड़ा देखा। सूचना पाकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के भाई भूरा ने बताया नन्हे की दाहिनी आंख और मुह पर गम्भीर चोट के निशान मिले हैं। वहीं शव के पास ही कीटनाशक दवा का पैकेट व शीशी मिली है। पास में ही खड़ी हुई उसकी बाइक पर नन्हे का बैग और एक शराब का पैकेट भी रखा मिला है। परिजनों ने अभी कोई आरोप नही लगाए हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से नमूने उठाये है। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### किसी भी आवेदन को संस्था स्तर पर लंबित न रखा जाए: रमाकांत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत ने बताया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ष 2023-24 के द्वितीय चरण की समय सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्थाओं के स्तर से छात्रों के ऑनलाइन आवेदन अग्रसारण की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 है , यह अंतिम अवसर है, जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों को सूचित किया जाता है कि समस्त पात्र छात्रों के आवेदन प्रत्येक दशा में अग्रसारित कर दें, जो छात्र अपात्र है उनके ऑनलाइन आवेदन को संस्थाओं द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाए, किसी भी आवेदन को संस्था स्तर पर लंबित न रखा जाए। इसके अतिरिक्त 16 अप्रैल से 26 अप्रैल तक विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा सीट का वेरिफिकेशन और छात्रों की प्रमाणिकता का सत्यापन या ब्लॉक किया जाना है, इसलिए जनपद में स्थिति यूनिवर्सिटी/एफिलिएटिंग एजेंसी को भी सूचित किया जाता है कि संबंधित छात्रों की प्रामाणिकता सत्यपित करे।

### बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में हजारों का सामान राख

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरपालपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में सड़क के किनारे बिजली के शार्ट सर्किट से मोबाइल की दुकान में अचानक आग लग गई।जिससे दुकान में रखा लैपटॉप सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ढिगासर गांव निवासी अनिकेत राजपूत की दुकान लमकन गांव में सड़क के किनारे है। बीती रात बिजली के शार्ट सर्किट के कारण दुकान में अचानक आग लग गई। जिससे दुकान में रखा इनवर्टर, लैपटॉप कपड़ा सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत करने के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से करीब 60000 के नुकसान का अनुमान लगाया गया।



### ढोल नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा निकालकर की गई मूर्ति स्थापना

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सांडी। कस्बे के मोहल्ला सरायमुल्लागंज स्थित देवल मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर राम जानकी मंदिर का निर्माण कर राम दरबार की मूर्ति स्थापना कराई गई।रविवार को कस्बे में ढोल नगाड़े तथा डीजे के साथ आकर्षक झांकियां के बीच धर्मानुरागी लोग झूमते गाते हुए शमिल हुए। शोभायात्रा में राधा कृष्ण, राम दरबार,शिव पार्वती, अघोरी जैसी कई झांकियां शोभा बढ़ा रही थी। बताते चले कि रविवार को देवल परिवार द्वारा मूर्ति की स्थापना कराई गई तथा सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।



### बाबा साहब ने समाज के सभी लोगों के स्वाभिमान व सम्मान के उत्थान के लिए किया संघर्ष: दामोदर बाजपेई

जन एक्सप्रेस । हरदोई। बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी दामोदर बाजपेई ने कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए श्री बाजपेई ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना करते हुए समाज के सभी लोगों के स्वाभिमान और सम्मान के प्रति काफी संघर्ष किया। उन्होने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के बताये मार्ग पर चल कर समाज हित में कार्य करना चाहिए।



### बड़े ही धूमधाम से मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी। नगर पंचायत के वार्ड नं0 6 अंबडेकर नगर में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती अंबेडकर जी की फोटो पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई।इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि महेश कनौजिया, पूर्व सभासद प्रत्याशी कांती देवी , वार्ड नंबर 12 पूर्व सभासद प्रत्याशी गजराज गौतम, सुंदर गौतम गुड्डू गौतम प्रकाश गौतम संतोष पटेल रामजीवन ओमप्रकाश पटेल रामगोपाल चंद्रभान इंद्रेश राज विनोद गौतम छोटेलाल राज सोनेलाल राज सूरज मनजीत अमित नीरज बब्बू गिल अरविंद जीतू गुप्ता आदित्य गौतम राजेंद्र विनोद गौतम राम बहादुर विमल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# पाली पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को सकुशल किया बरामद

**✻ 11 माह पूर्व खेत से चारा लेने गया था**

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पाली। पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी के कुशल निर्देशन में अपराधों पर नियंत्रण के लिए अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पाली पुलिस ने लगभग 11 माह पूर्व गुमशुदा एक बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया।बच्चे को सकुशल बरामद करने बाली पुलिस टीम को एसपी ने 5000 रुपये नगद पुरुस्कार घोषित किया है।
बताते चलें कि पाली थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव निवासी उमेश चन्द्र पुत्र ईश्वर दयाल ने बीते 16 जून 2023 को थाने पर तहरीर दी थी कि उसका लगभग 15 वर्षीय पुत्र रोहित खेत पर साइकिल से चारा लेने गया था।इस सम्बंध में सेमर झाला थाना पाली निवासी अबधेश, मुनीपाल पुत्रगण छविनाथ, भोला पुत्र कल्लू, सीपू उर्फ लल्ला पुत्र संजू, कल्लू उर्फ ब्रजेश पुत्र भइया साहब व पंक्षी देवी सहित 6 लोगो कर खिलाफ पुत्र की हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाया गया था।इस सनसनी खेज घटना के लिए एसपी ने टीम गठित कर घटना के विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जॉच की तथा मुखबिर की सूचना पर गुमशुदा रोहित पुत्र उमेश को उन्नाव जनपद के थाना सोहरा मऊ के पटकापुर गांव से पुलिस ने बरामद कर लिया। बरामद बच्चे का डॉक्टरी परीक्षण व बयान कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बच्चे को बरामद करने बाली पुलिस टीम को एसपी ने 5 हजार रुपये नगद पुरुस्कार घोषित किया है।

# मनरेगा मजदूरों की जगह जेसीबी से काम करा रहे प्रधान



**✻ साथ ही अवैध तरीके से सरकारी जमीन से मिट्टी खनन का भी ग्राम प्रधान द्वारा कोई परमीशन नहीं ली गई**

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकास खण्ड की ग्राम पंचायत लमकन के मजरा सनफरा में ग्राम प्रधान की मनमानी के आगे शासन के आदेशों का कोई महत्व नही है।यहां ग्राम प्रधान मनरेगा मजदूरों की जगह ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन से जेसीबी द्वारा मिट्टी खनन करा रहे हैं।जेसीबी से मिट्टी खनन कर ग्राम सचिवालय में मिट्टी का भराव डलबाने के लिए ग्राम प्रधानों को मनरेगा मजदूरों की जगह जेसीबी से काम कराया जाना लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चले कि ग्राम पंचायत में निर्मित गौशाला से ग्राम प्रधान द्वारा दिन दहाड़े जेसीबी से मिट्टी खनन कर ग्राम सचिवालय में भराव डालने की बात सामने आ रही है।हालांकि यह कार्य राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त से होने के लिए ग्राम प्रधान ने जेसीबी से कार्य कराए जाने की अनुमति किसी भी सक्षम अधिकारी से नही ली।
साथ ही अबैध तरीके से सरकारी जमीन से मिट्टी खनन का भी ग्राम प्रधान द्वारा कोई परमीशन नही लिया गया। ग्राम प्रधान की मनमानी से जहां ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेगा मजदूरों से कार्य कराए जाने की जगह जेसीबी से कराया जाना भी अनुचित है।
साथ ही सरकारी जमीन से बिना परमीशन लिए मिट्टी खनन करना भी गैर कानूनी है।

# यूपी पुलिस ने सिरफिरे प्रेमी का कर दिया इलाज



जन एक्सप्रेस । बरेली

**जासं।** अश्लील फोटो प्रसारित कर आरोपितों ने युवती पर संबंध बनाने का दबाव बनाया। इन्कार पर दोनों बहनों का जीवन बर्बाद करने की धमकी दी गई। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने मनीष माहेश्वरी, अनुराग व मनीष की मां के विरुद्ध आइटी एक्ट व धमकी की धारा में प्राथमिकी लिख ली है।
आरोपित बदायूं के बिल्सी स्थित मुहल्ला नंबर-एक के निवासी हैं। प्रेमनगर निवासी युवती के अनुसार, दो साल पूर्व मनीष से दोस्ती हुई थी जिनसे शादी होनी थी। इस दौरान आरोपित ने विश्वास में लेकर अश्लील फोटो खींच लिये। कुछ समय पश्चात रिश्ता खत्म हो गया। फिर मनीष ने अपने दोस्त अनुराग के साथ मिलकर अश्लील फोटो बड़ी बहन को भेज ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। विरोध पर अश्लील फोटो व वीडियो कई लोगों को भेज दिये। इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि प्राथमिकी लिखकर प्रकरण में जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता प्रभावित-उपमुख्यमंत्री




**✻ जन कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत फिर प्रचंड बहुमत की बनेगी सरकार-ब्रजेश पाठक**

जन एक्सप्रेस । हरदोई

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को अपने गृह जनपद पहुंचकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता पसंद कर रही है। जनता के अपार समर्थन के चलते हरदोई में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जमानत जब्त होगी।
रविवार को शहर के नारायण धाम में सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स को संबोधित करने आए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता प्रभावित है जो लोगों में घर कर गई हैं।
जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि हरदोई में गठबंधन के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार में गुंडों का सफाया हो गया है। देश लगातार विकास की ओर जा रहा है। रक्षा क्षेत्र के तमाम संसाधन देश में बनने लगे हैं। जनता मोदी की योजनाओं का पूर्ण रूप से समर्थन कर रही है।

# बिना अनुमति आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा लगाई

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

पुवायां क्षेत्र के गांव मजीदपुर में विवादित जमीन पर कुछ लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा लगा दी। जानकारी होने पर गांव के लोगों ने आपत्ति जताई। सूचना पर पहुंची पुलिसन प्रतिमाएं हटवा दीं। शाहजहांपुर के पुवायां थाना क्षेत्र के गांव मजीद्पुर में शनिवार रात गांव के कुछ लोगों ने रास्ते की एक विवादित जगह पर झंडे लगाकर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित कर दी। रविवार सुबह जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मूर्तियों को मौके से हटवा दिया। पुलिस ने बाबा साहब की मूर्ति को थाने पर और भगवान बुद्ध की मूर्ति पास में ही एक मंदिर में रखवा दी है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। तहसीलदार मनोज कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना परमिशन रात में मूर्ति रखने वालों के बारे में जानकारी की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर पुलिस तैनात है।

# फावड़े से काटकर बहन की हत्या, फंदे से लटका मिला भाई का शव



**✻ दो-दो मौतों के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और सभी घर से भाग गए**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

यूपी के बहराइच जिले में हुए दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गयी है। यहां भाई और बहन के शव मिले हैं। एक हत्या फावड़े से काटकर हुई जबकि दूसरा शव फंदे पर लटका मिला। बहराइच के खैरीघाट थानाक्षेत्र में शनिवार रात भाई-बहन के शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्राम पंचायत थैलिया के मजरा बदुवापुर निवासी श्यामा देवी (17) की शनिवार की रात फावड़े से काट कर हत्या कर दी गई। उसके बड़े भाई मुंशी लाल (20) का शव घर से कुछ दूरी पर संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। दो-दो मौतों के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और सभी घर से भाग गए। गांव के चौकीदार ने इसकी सूचना पुलिस की दी। सूचना पर थाना प्रभारी संजय सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से चर्चाओं का बाजार गर्म है। एसपी वृंदा शुक्ला ने एक हत्या और एक संदिग्ध मौत के मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, वहीं ग्रामीण दोहरे हत्याकांड की बात कह रहे हैं।

**भाई-बहन में हुआ था विवाद, परिजन घर से फरार**

थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि घटना के बाद से मृतकों की मां व भाई-भाभी मौके से फरार हैं। फौरी जांच में भाई-बहन के विवाद की बात सामने आई है। हर पहलू को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व पड़ोसी गांव का युवक संजय मृतका श्यामा देवी को बहला फुसला कर ले गया था। इसके बाद परिजनों की तहरीर पर संजय पर मुकदमा दर्ज उसे जेल भेज दिया गया था।

## फास्ट फॉरवर्ड

### राम जन्मोत्सव एवं रामनवमी शोभायात्रा 17 को

जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी। भाटपार रानी नगर के सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव 17 अप्रैल को दिन में 12ः00 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा उक्त सूचना श्री राम जानकी मंदिर समिति के प्रबंधक रामदरश गुप्ता संजय कुमार जायसवाल एवं राजेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दिया। राम जन्मोत्सव के उपरांत रामलला समिति के अध्यक्ष गोली त्रिकाल एवं राजेश गुप्ता के नेतृत्व में भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा का पूजन के उपरांत पूरे नगर में शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी

### स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। ब्लॉक क्षेत्र के गांव गिरहिया स्थित कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को एसएसबी झुलनीपुर की ओर से चौपाल लगाया गया। स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। एसएसबी झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी सहायक कमांडेंट अशीष कुमार सिंह ने बच्चों को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि नशा करने से हर मनुष्य खुद का जीवन तो बर्बाद करता ही है। साथ ही अपने पूरे परिवार का भी विनाश करता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पूनम चौधरी, राकेश चौधरी, धन्नू चौहान, अरविंद विश्वकर्मा, संजय शर्मा मौजूद रहे। संवाद

### खेत से गेहूं कटाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। नौतनवा क्षेत्र के आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा गांव में शुक्रवार की देर रात में गेहूं कटाई को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को नौतनवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक, खेत में सरजू यादव ट्रैक्टर से भूसा बना रहे थे। आरोप है कि तभी खेत मालिक हरेराम गुप्ता का बेटा सूरज गुप्ता मना करने लगा। जिसपर ट्रैक्टर मालिक से कहासुनी हो गई। उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। सूरज गुप्ता के पिता हरेराम गुप्ता ने ट्रैक्टर मालिक के घर शिकायत लेकर गए। ट्रैक्टर मालिक सरजू यादव और हरेराम गुप्ता के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसमें सूरज, हरेराम और सरजू घायल हो गए। नौतनवा कस्बा चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। संवाद

### संपत्ति को लेकर विवाद, तीन लोगों को किया पाबंद

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। नौतनवा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में दो परिवारों में पैतृक संपत्ति को लेकर कहासुनी हो गई। पुलिस ने तीन लोगों को पाबंद किया है। प्रभारी निरीक्षक नौतनवा मनोज कुमार राय ने कहा कि रामनगर गांव में आनंद कुमार कांदू और सोमनाथ कांदू के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर कहासुनी हो गई। इसमें प्रथम पक्ष से आंनद कुमार कांदू और द्वितीय पक्ष से सोमनाथ कांदू, राजकमल कांदू को पाबंद किया गया है।

### रकम लेकर जाने वालों की हुई जांच

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। नौतनवा के माता बनैलिया मंदिर चौराहे पर शनिवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट दुर्गेश सिंह के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर जांच की गई। टीम ने रकम लेकर जाने वालों की विशेष रूप से जांच की। टीम में आरएन मिश्र, सत्यनारायण, दीपक कुमार, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

# घर को गुरूकुल बना शिक्षा की अलख जगा रहे आजाद प्रधान

## गरीब बच्चों को दे रहे निशुल्क शिक्षा | शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कोई भी गांव कस्बा शहर जिला प्रदेश व देश तभी पूर्ण विकसित होता है जब वह शिक्षित होता है। शिक्षा ही एक ऐसी अमृत है जिसके ग्रहण करने से मानव जीवन में जीवन जीने की असल सार्थकता सफल हो जाती है।

शिक्षा दान से बड़ा दान कुछ नही होता। समाज या घर में कोई व्यक्ति साक्षर या शिक्षित बन जाता है तो धीरे-धीरे विकास के साथ बेहतर जीवन जीने लगता है। बिना शिक्षा के अच्छे समाज या परिवार की कल्पना भी अधूरी है।

जिले के विशुनपुरा ब्लाक के गांव लीलाधर छपरा निवासी आजाद प्रधान अपने घर को ही गुरू कुल का स्वरूप दे डाला है। आजाद अपने गांव के गरीब व असहाय बच्चों को विते एक दशक से निः शुल्क शिक्षा देने का काम कर रहे हैं।

आजाद प्रधान ने जन एक्सप्रेस से बात चीत में बताते हैं कि जब वे खुद एक विद्यार्थी थे, तबसे ही छोटे बच्चों के साथ उनका लगाव रहा। 2006 में इंटर की पढ़ाई करने के बाद 2015 से मोहल्ले के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पढ़ाने-लिखाने का बीड़ा उठाया। बाद में वह गरीब छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा देकर शिक्षा की अलख जगाने लगे। अब तो वह शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य व समाजसेवा के क्षेत्र में भी निःस्वार्थ भाव से पूरी तन्मयता के साथ जुटे हैं। अपने गांव लीलाधर छपरा में छोटे व बड़े बच्चों को पढाते हैं। वह चाहे जाड़ा हो या बरसात या फिर झुलसा देने वाली



गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने वाले शिक्षक आजाद प्रधान।

प्रचंड गर्मी। हर मुश्किल परिस्थिति में भी छात्र-छात्राओं को पढ़ाना नहीं भूलते हैं।आजाद भले आर्थिक रूप से कमजोर हैं। लेकिन बड़े हौसलों के धनी हैं। बताते हैं कि छोटे बच्चों को पढ़ाना उन्हें अच्छा लगता है। आजाद की सोच है कि समाज का हर बच्चा शिक्षित होकर अपने जीवन व परिवार के लिए बेहतर कर सके। आजाद कहते हैं समाज से अज्ञानता का अंधेरा तभी मिटेगा जब परिवार का हर व्यक्ति शिक्षित होगा। शिक्षा प्राप्त करने से ही अच्छे ज्ञान व संस्कार मिल सकते हैं। बच्चे ही देश के भविष्य हैं, इसलिए उन्हें शिक्षित करना हर मायने में जरूरी है। अगर वह शिक्षित होंगे तो अपने परिवार व समाज में भी ज्ञान का उजियारा फैलाएंगे और सभ्य समाज का निर्माण कर सकेंगें।

आजाद प्रधान के संस्थान में पहले इक्का-दुक्का बच्चे ही पढ़ने आते थे,आज बच्चों की संख्या 50तक पहुंच गई है। आजाद ने खेल-खेल में पढ़ाई को छात्र छात्राओं के मुताबिक बना दिया। पढ़ाई के साथ ही वह खेलकूद, परेड, चेतना सत्र में ज्ञान की बातें, पौधारोपण, बगीचा, पुरस्कार वितरण, संगोष्ठी शिक्षा समिति बैठक हर तरह की गतिविधियां आयोजित कराते हैं जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास भी हो सके। वह बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर खुद से पुरस्कार भी देते हैं।- बच्चों की शिक्षा के अलावा आजाद प्रधान सरकार की अन्य योजनाओं में भी हिस्सेदारी निभाते हैं। वह मतदाता सूची को अपडेट करने से लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी कार्य करते रहते है । सरकारी योजनाओं का लाभ यथासंभव हर गरीबों तक पहुंचाने के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं। इतना ही नहीं वह गरीब लड़कियों की शादी में भी यथा संभव मदद करते हैं।

# सपा के सलेमपुर से प्रत्याशी हुए रमाशंकर राजभर,जुझारू नेता की रही है पहचान

जन एक्सप्रेस । सलेमपुर



सलेमपुर से सपा ने पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर को लोकसभा के लिए टिकट देकर मैदान में उतारा है। उनकी पहचान जुझारू नेता की रही है। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले रमाशंकर ने राजनीति की शुरुआत वहीं से की। कई चुनाव भी लड़े, लेकिन सफल नहीं हुए। सफलता 2009 में सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में मिली, जब बसपा के टिकट पर वह सांसद बने।रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के शिवपुर गांव के रहने वाले रमाशंकर राजभर ने छात्र जीवन से ही राजनीति शुरू कर दी। रमाशंकर विद्यार्थी के रूप में उनकी पहचान बनती गयी। जनता दल के टिकट पर पहली बार 1991 में रुद्रपुर से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। 1993 में जनता दल, 1996 में बसपा से लड़े। 2002 में बसपा से टिकट न मिलने पर बड़ी होकर निर्दल चुनाव लड़े। हालांकि बाद में फिर बसपा में शामिल हो गए। 2004 में बसपा ने उन्हें सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बना दिया। उसके रमाशंकर राजभर ने अपना कार्यक्षेत्र सलेमपुर को ही बना लिया। उनकी मेहनत रंग लाई और 2009 के लोकसभा चुनाव में वह सलेमपुर से लोकसभा का चुनाव जीतने में सफल रहे। 2014 में बसपा ने उन्हें टिकट नही दिया। इसके चलते चुनाव नहीं लड़े। बाद में वह सपा के शामिल हो गए तथा राष्ट्रीय महासचिव भी रहे। 2019 में यह सीट गठबंधन के तहत बसपा के खाते में चली गयी थी, जिसके चलते सपा ने प्रत्याशी नहीं दिया था। इस बार सपा ने रमाशंकर राजभर को प्रत्याशी बनाया है। जानकारों की माने तो सपा ने रमाशंकर के जातीय समीकरणों को मजबूत करने की कोशिश की है।

# बाबा साहब का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । देवरिया



संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी जल राजन चौधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण राय एवं अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव ने बाबा साहब के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि बाबा साहब का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय है। संविधान निर्माण में उन्होंने अतुलनीय योगदान दिया। उनके जीवन आदर्शो से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और सभी को अपने दायित्व कर्तव्यों का निर्वहन संविधान के मर्यादाओं के अनुरूप करनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, नाजिर नर्वदेश्वर श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, नीतीश चतुर्वेदी, हृदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सीएम के जिले में गरीबों के राशन पर कोटेदारों का डाका

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



भारत सरकार की गरीब कल्याण योजना दैश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है जहां गरीबों के राशन पर कोटेदारों द्वारा डाका डाला जा रहा है, सरकार द्वारा कोटेदारों द्वारा राशन चोरी पर रोक लगाने हेतु वेइंग मशीन उपलब्ध कराई गई है परंतु भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के जिम्मेदारों के देखरेख में गरीबों का राशन कोटेदार लूट खसोट कर रहे हैं।

मामला गोरखपुर जनपद के तहसील कैंम्पियरगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा लालपुर गुलरिया में कोटेदार द्वारा कार्डधारकों को राशन कम देने का है ।मीडिया से मुखातिब होते हुए कार्डधारकों ने बताया कि लालपुर गुलरिया में कई वर्षों से गरीबों का हक मारा जा रहा है और एक यूनिट के पीछे एक किलो राशन काम देने का काम किया जा रहा है वहीं प्रदेश के मुखिया घर-घर राशन मुफ्त राशन और घटतौली की शिकायत मिलने पर वेइंग मशीन की व्यवस्था करते हैं और उसी तौल कांटे से हर कोटेदार को राशन वितरण का निर्देश दिया गया है लेकिन सवाल यह है कि राशन कम दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि यह राशन सूत की बोरी से तौल कर देने का काम किया जा रहा है जो की सुत की बोरी का वजन आधे किलो से अधिक होता है वहीं इसकी शिकायत करने के लिए ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी को फोन लगाया तो फोन नहीं उठा फिर तहसीलदार को फोन कर मामले अवगत कराया।

ग्रामीणों ने जब सप्लाई इंस्पेक्टर संतोष वर्मा फोन पर शिकायत किया तो सप्लाई इंस्पेक्टर ने कोटेदार से कहा कि कम राशन क्यों दे रहे हो उसको पूरा राशन दे दो तो शिकायतकर्ता ने कहा क्यों मुझे ही पूरा राशन दे दिया जाए गांव के लोग हैं इनका क्या होगा।

ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस ग्राम सभा का मामला राशन को लेकर के कई वर्षों से चला रहा है लेकिन कोई अधिकारी ना ही मौके पर आता है ना ही समस्या को निस्तारण करता है वहीं कोटेदार ने मीडिया बातचीत में बताया कि मुझे ऊपर से ही राशन कम दिया जाता है और प्रत्येक बोरे में राशन कम दिया जाता है इसलिए मैं राशन ग्रामीण को कम देता हूं।

# एसिड अटैक में वांछित अभियुक्त तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । देवरिया

पुलिस अधीक्षक देवरिया के कुशल निर्देशन में देवगांव गौरीबाजार में हुए एसीड अटैक की घटना में वांछित अभियुक्त को थाना गौरीबाजार पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सेखुई ईंटभट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूंछताछ में अपना नाम व पता आकाश निषाद पुत्र गिरिश नारायन निवासी लंगडी देवकुआं थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया बताया गया। अभियुक्त उपरोक्त के पास से एक अदद 315 देशी तमंचा व एक अदद 315 बोर जिंदा कारतूस बरामद कर थाना गौरीबाजार पर धारा 3/25 आर्म्स ऐक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा भारतरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर वार्ड नंबर 7 नंदानगर दरगहिया में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अनुराग मझवार रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री दीपक कुमार ने किया।

महानगर अध्यक्ष ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर समानता के लिए संघर्ष किया इसलिए उनका जन्म दिन भारत में समानता दिवस के रूप में मनाया जाता है । उन्होंने बताया कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महु में एक दलित परिवार में हुआ था। वर्ष 2015 से पूरे भारत में आधिकारिक सार्वजनिक अवकाश के रुप में मनाया जा रहा है। अंबेडकर जयंती न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में मनाई जाती है।

बाबा साहब एक विद्वान, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया।

प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार ने कहा कि बाबा साहेब ने पूरा जीवन दलित वर्ग के उत्थान और उन्हें समाज में उचित सम्मान दिलाने में मदद करने के लिए समर्पित कर दिया।

वक्ताओं के क्रम में उपाध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब आजाद भारत के पहले कानून मंत्री बने इतना ही नहीं उन्होंने विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया जिसमें सभी धर्म एवं संप्रदाय को समानता का अधिकार दिया गया है। समरेंदू जी ने कहा कि उनका परिवार महार जाति का था इसलिए अछूत माना जाता था ऐसे में भीमराव को बचपन से सामाजिक भेदभाव के साथ कमजोर आर्थिक स्थिति का भी सामना करना पड़ा।

भाजपा नेता इंजीनियर बृजमोहन ने कहा कि आजादी के बाद भारत को लोकतांत्रिक देश बनाने में बाबा साहब की अहम भूमिका थी क्योंकि वह संविधान निर्माण में ड्राफ्टिंग कमेटी के मुखिया थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार की भी बात की?। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वह आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्रोत हैं।

संगोष्ठी की अध्यक्षता व आभार ज्ञापन महानगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कृष्ण कुमार ने किया। मुख्य रूप से संयोजक राजेश पासवान, मनोज अग्रहरी ,उपेन्द्र सिंह, अष्टभुजा श्रीवास्तव ,रामप्रसाद ,मंजू देवी ,दयानंद साहनी ,अवधेश निषाद ,शैलेन्द्र कुशवाहा ,घनश्याम तिवारी ,विरेन्द्र पासवान ,वीना तिवारी ,सुनीता पाण्डेय ,चंद्रावती देवी ,जोनिया, रेनू ,प्रमिला ,निर्जला ,जगवंता देवी सहित क्षेत्र की सम्मानित जनता मौजूद रही।

# चोरी के शक में दो युवकों को ग्रामीणों ने बनाया था बंधक

जन एक्सप्रेस/महाराजगंज। जंगल गुलरिहा में मंगलवार की रात में चोरी के शक में ग्रामीणों ने दो युवकों को खंभे में बांध कर पीटने का मामला सामने आया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस के पूछताछ में मामला युवक शराब पीने के लिए गए थे जिनको चोरी के शक में ग्रामीणों ने खंभे में बांधकर पिटाई की थी। मामले की जांच कर रहे सीओ फरेंदा अनिरूद्ध कुमार ने जांच के बाद उचित कार्रवाई की बात कही है।

कोल्हुई थाना क्षेत्र के जंगल गुलरिहा के मोती सगरा गांव में मंगलवार की रात में ग्रामीणों ने चोरी के शक में दो युवकों को पकड़ लिया। ग्रामीणों को आशंका थी कि युवक बाइक चुराने की फिराक में हैं। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर खंभे में बांध कर पूछताछ करने लगे। गांव के लोग युवकों से चोरी के संबंध में कड़ाई से भी पेश आ रहे थे। मामले को किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# तेरी मंद मंद मुस्कनिया पर बलिहारी राघव जी पर झूम उठे श्रोता

जन एक्सप्रेस । भाटपार रानी



उपनगर के रानी पोखरा पर चल रहे श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन बाबा विश्वनाथ जी की नगरी काशी से पधारी कथा वाचिका-ऋचा मिश्रा ने अपने कथा वाचन के चौथे दिन भगवान श्री राम के जन्मोत्सव कथा का प्रसंग सुनाया तो वहां उपस्थित विशाल श्रद्धालुओं का जन समुदाय हर्षित हो नाचने और झूमने लगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ को जब यह सूचना दासी आकर देती है कि महारानी कौशल्या को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है तभी दूसरी दासी आकर यह सूचना देती है की महारानी कैकई को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है कुछ पल बाद तीसरी दासी आती है और वह बताती है कि महारानी सुमित्रा को जुड़वा पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है सूचना सुनने के बाद महाराज दशरथ प्रसन्नचित होकर अपने गले में पहने सोने और हीरो के माला को उतार कर उपहार स्वरूप दासियों को दिया। पूरे अयोध्या में यह सूचना फैल गई पूरा अयोध्या ढोल नगाड़ों की आवाजों से गूंजयमान हो उठा। और होना भी चाहिए क्योंकि अयोध्या में साक्षात भगवान श्री राम का जन्म जो हुआ था। इस पूरे ब्रह्मांड में अगर सबसे सुंदर कोई नगरी है धर्म की नगरी है तो वह अयोध्या नगरी है जहां स्वयं प्रभु श्री राम ने जन्म लिया है। उन्होंने भगवान श्री राम की बाल्यावस्था का बहुत ही सुंदर प्रस्तुति करते हुए कहां की तेरी मंद मंद मुस्कनिया पर बलिहारी राघव जी तेरे बाल बड़े घुंघराले जैसे बादल काले काले राघव जी का गीत सुना कर वहां उपस्थित महिला श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी सांसद रविंद्र कुशवाहा विधायक सभाकुंवर कुशवाहा पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य राजकुमार शाही स्टेशन अधीक्षक कुमार महेंद्र भूषण डॉ प्रमोद बरनवाल समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता नागेश वर्मा जितेंद्र जायसवाल सेंट जेवियर्स स्कूल के डायरेक्टर रितेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश व देश में सपा बसपा तथा कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को पडरौना के एक रिजार्ट में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने युवा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों को जीताने के साथ ही साथ देश में कुल 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने की तरकीब बताते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे तब सपाइयों का नारा था खाली प्लॉट हमाराए खाली मकान हमारा खाली जमीन हमारी का बोलबाला चरम पर था। सपा सरकार से आम जनमानस भयभीत रहती थी लेकिन आज प्रदेश व देश में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने आम जनमानस का विश्वास जीता है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जीस गाड़ी में सपा का झण्डा लगा होता था उसमें गुण्डे बैठे होते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपाए बसपा और कांग्रेस का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं बचा है। भाजपा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 400 सीटों को पार करने के नारे को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विपक्षी दल चाहें जितनी गठबंधन कर लें जनता का गठबंधन नरेन्द्र मोदी के साथ हो चूका है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी राज्य की सभी 80 लोकसभा सीट जीत रही है। उप मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब डाण् भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के सभी सपने को पूरा कर रहे हैं। भाजपा विकास की पक्षधर हैं हम भ्रष्टाचार मुक्त विकास का कार्य करते हैं यह चुनाव देश को सौ साल आगे ले जाने वाला चुनाव है। भाजपा सुरक्षाए विकास और जनहित में चलाई गई योजनाओं के मुद्दे पर चुनाव जीतेगी। गांव.गांव गली.गली से आवाज आ रही है कि चार जून को इस बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी जी की सरकार आ रही है सपा और कांग्रेस भ्रष्टाचारियों को बचाती हैं। जिस पर भाजपा की सरकार त्वरित कार्यवाही करती है। आज देश नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है।

इस सम्मेलन को क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद रायए कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दूबेए जिला प्रभारी शकुंतला चौहानए लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठीए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने भी सम्बोधित किया।

जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। संचालन लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह ने किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवालए विधायक विवेकानंद पांडेय ए पीएन पाठकए मोहन वर्माए सुरेन्द्र सिंह कुशवाहाए विनय प्रकाश गोंडए पडरौना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवालए सोशल मीडिया क्षेत्रीय संयोजक पीयूष मिश्रए जिला संयोजक शुभम दीक्षितए आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य सहित सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## फर्श बाजार में किशोरी ने की थी महिला की चाकू मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** फर्श बाजार की भीकम सिंह कॉलोनी निवासी सोनी उर्फ सोनिया की पड़ोसी दंपती की 15 साल की बेटी ने चाकू मारकर हत्या की थी। दोनों परिवारों में नल से पानी भरने के दौरान झगड़ा हुआ था। इस दौरान सोनी ने किशोरी का हाथ मरोड़ दिया था। इसका बदला लेने के लिए किशोरी ने वारदात अंजाम दी। जांच में खुलासा होने के बाद पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, 12 अप्रैल की रात 10:59 बजे सोनी को चाकू मारने की जानकारी मिली। एसआई चंद्रपाल और हवलदार राहुल भीकम सिंह कॉलोनी गली नंबर दो के एक मकान की पहली मंजिल पर पहुंचे। कमरे में सतबीर की पत्नी सोनी लहूलुहान पड़ी थी। उसकी कलाई पर दो-तीन चाकू के निशान थे और पेट पर भी घाव था। पुलिसकर्मी उसे हेडगेवार अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने सोनी को मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि शाम करीब 7:30 बजे सोनी का पड़ोसी की पत्नी और बेटी से पहली मंजिल के नल से पानी भरने को लेकर झगड़ा हुआ था। मारपीट के दौरान सोनी ने किशोरी का हाथ मरोड़ दिया। किशोरी इलाज के लिए हेडगेवार अस्पताल गई। यहां उसके हाथ का एक्सरे किया गया।

### मुलायम सिंह को चुनौती देने वाले दस्यु की कहानी

# खौफ से लोग बुलाते थे 'नेताजी', इन सीटों पर था जबरदस्त दखल

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



मुलायम सिंह को चुनौती देने वाले दस्यु छविराम की कहानी। खौफ से लोग उसे %नेताजी% बुलाते थे। आगरा, मैनपुरी, एटा सहित कई सीटों पर जबरजस्त दखल था।

उत्तर प्रदेश के आगरा में एक वक्त ऐसा भी था जब डकैतों का राजनीति में दखल था। उन्हीं डकैतों में एक दस्यु छविराम भी था। मैनपुरी के गांव में जन्मे छविराम का राजनीति में इतना दखल था कि उसे नेताजी कहा जाने लगा। बीहड़ में रहने वाले इस डकैत ने बंदूक के बल पर वोट डलवाए।

सपा संरक्षक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक कर्मभूमि इटावा और मैनपुरी क्षेत्र में छविराम, मुलायम सिंह यादव को ही चुनौती देने लगा था। छविराम के आतंक से छुटकारा पाने के लिए खुद मुलायाम सिंह को आगे आना पड़ा था। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री वीपी सिंह को पत्र लिखा था।

दस्यु छविराम से इटावा, मैनपुरी और कानपुर के अलावा अन्य मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों के ग्रामीण भी खौफ खाते थे। उस समय मुलायम सिंह के अलावा उनके समर्थकों के लिए डकैत सिरदर्द बन चुका था। मैनपुरी और इटावा में वह मुलायम के समर्थकों को परेशान करने लगा था।

1982 में मुलायम सिंह बीकेडी पार्टी में थे। छविराम, मुलायम सिंह के कार्यकर्ताओं को धमकी देने के साथ ग्रामीणों को शिकार बनाता था। मुलायम दखल के बाद तब यूपी सरकार ने छविराम को किसी भी कीमत पर जिंदा या मुर्दा पकड़ने के आदेश दिए थे।

20 साल की उम्र में उठा ली थी बंदूक
जिला मैनपुरी के औछा गांव में छविराम का जन्म हुआ था। बताते हैं 20 साल की उम्र में छविराम बंदूक उठा ली थी। 1970 से लेकर 1982 तक छविराम की तूती उत्तर प्रदेश में बोलती थी। छविराम को गैंग के अन्य सदस्य नेताजी के नाम से पुकारते थे। गांव वाले भी डकैत को नेताजी कहते थे।20 साल की उम्र में उठा ली थी बंदूक जिला मैनपुरी के औछा गांव में छविराम का जन्म हुआ था। बताते हैं 20 साल की उम्र में छविराम बंदूक उठा ली थी। 1970 से लेकर 1982 तक छविराम की तूती उत्तर प्रदेश में बोलती थी। छविराम को गैंग के अन्य सदस्य नेताजी के नाम से पुकारते थे। गांव वाले भी डकैत को नेताजी कहते थे।

ऐसे मारा गया था दस्यु 1982 में
छविराम ने एटा के अलीगंज तहसील के तत्कालीन सीओ को पकड़ कर यूपी सरकार को चुनौती दी। छविराम ने एक दिन बाद ही सीओ को छोड़ दिया था। तत्कालीन एसपी कर्मवीर सिंह को छविराम के खात्मे की जिम्मेदारी दी गई थी। एसपी व उनकी टीम ने छविराम और उसके गिरोह को मैनपुरी जिले के बरनाहल ब्लाक के पास सेंगर नदी की तलहटी पर घेर लिया था। लगभग 20 घंटे तक मुठभेड़ चली। छविराम के साथ-साथ 8 डकैतों को मौत के घाट उतार दिया गया था।

### फास्ट फॉरवर्ड

## दर्दनाक हादसा: ट्रक के नीचे गिरी बाइक, कुचलकर दो महिलाओं की मौत; शवों की हालत देख कांप गए लोग



**जन एक्सप्रेस/आगरा।** अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे गिरी बाइक पर बैठी दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आगरा के शमसाबाद थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां युवक के संग बाइक पर बैठकर जा रही दो महिलाओं को ट्रक ने कुचल दिया। बताया गया है कि बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे गिर गई। जिसके बाद ट्रक के पहिये महिलाओं के ऊपर से गुजर गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि रविवार सुबह बाइक से अरबाज अपनी पत्नी मरजीना और गुड़िया को लेकर दिल्ली से अपने गांव पछागांव थाना निबोहरा जा रहा था। राजाखेड़ा रोड स्थित गढ़ी थाना पर बाइक अनियंत्रित होकर साइड में चल रहे ट्रक के नीचे गिर गई । ट्रक का पहिया चढ़ जाने से बाइक पर बैठी गुड़िया और मरजीना की मौके परी मौत हो गई। मरजीना और गुड़िया अरबाज के साथ अपने गांव पछा थाना निबोरा जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। ड्राइवर मौके से फरार हो गया है।

## डार्क जोन में मनमाने ढंग से हो रहा भूगर्भ जल का दोहन, इकाइयों पर कसेगा शिकंजा; 400 को जारी है नोटिस

**जन एक्सप्रेस**/आगरा। भूगर्भ जल विभाग ने जिले की 400 इकाइयों को नोटिस जारी किया है। महज दो इकाइयां ही पंजीयन को आगे आईं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में प्रतिदिन लाखों लीटर भू-गर्भ जल का दोहन कर रहीं कांच चूड़ी एवं अन्य श्रेणी की इकाईयां उद्योग एवं भूगर्भ संरक्षण विभाग में पंजीकरण कराने एवं दोहित जल की मात्रा का विवरण देने से कतरा रहीं हैं। भूगर्भ जल संरक्षण विभाग आगरा द्वारा 400 इकाईयों को नोटिस जारी कर पंजीकरण कराने की हिदायत दी थी। लेकिन अभी तक महज दो इकाईयों ने पंजीकरण कराया है। जिले में कांच चूड़ी,ग्लास आयटम तैयार करने वाली माउथ ब्लोइंग इकाईयों में प्रतिदिन लाखों लीटर भूगर्भ जल का दोहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। निजी समर्सिबल एवं पंपिग सैट के जरिए भूगर्भ जल का दोहन करने में जिले में संचालित शीतग्रह एवं अन्य श्रेणी की इकाईयां पीछे नहीं हैं। वर्षों से प्रतिदिन लाखों लीटर भूगर्भ जल का दोहन कर रहीं करीब 400 इकाईयों को मार्च माह के अंतिम सप्ताह में भूगर्भ जल संरक्षण विभाग आगरा द्वारा नोटिस जारी किए थे। सभी को एक सप्ताह के भीतर प्रतिदिन दोहित जल का विवरण एवं विभागीय पंजीकरण कराने की हिदायत दी थी। ताजा स्थिति के अनुसार अभी तक महज दो इकाईयों मार्गश्री ट्रेडिंग मिनी औद्योगिक आस्थान उसायनी एवं ट्विकल एक्सपोर्ट नामक दो इकाईयों ने ही भूगर्भ जल संरक्षण विभाग में अपने पंजीकरण कराए हैं।बाकी 398 इकाईयों ने अभी पंजीकरण कराने की सुध नहीं ली है। इस तरह की इकाईयों के विरूद्व भूगर्भ जल संरक्षण विभाग द्वारा सख्ती की तैयारी की जा रही है। अफसर की बात... फिरोजाबाद,टूंडला और नारखी के अलावा शिकोहाबाद ब्लॉक व नगरीय क्षेत्र में भूगर्भ जल का लेबिल अति दोहन के कारण चिंताजनक स्थिति में है। लेकिन इसके बाद भी औद्योगिक प्रयोग के लिए शहर की इकाईयां भूगर्भ जल का मनमाने तरीके से दोहन कर रहीं हैं। जिन इकाईयों ने अपना पंजीकरण नहीं कराया है। उन पर सख्ती बरती जाएगी। - राजकुमार सहायक अभियंता भूगर्भ जल संरक्षण विभाग, आगरा

## चरित्र पर शक: कमरे से बच्चों को निकाला, ताकि पता न चले पत्नी को क्यों मारा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पत्नी की हत्या करने से पहले उसने बच्चों को कमरे से बाहर कर दिया। तीनों ही बच्चों को दूसरे कमरे में सुलाने के बाद वो दोबार पत्नी के कमरे में पहुंचा। यहां फिर से झगड़ा हुआ तो उसने पत्नी की कत्ल कर दिया। आगरा के सदर थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में जिस तरह पति ने नर्स पत्नी की हत्या की देखकर लोगों का दिल दहल गया। उसने पत्नी की हत्या करने से पहले तीनों बच्चों को कमरे से बाहर निकाल दिया और दूसरे कमरे में सुला दिया। वो चाहता था कि बच्चों को इस बारे में पता न चले कि उसने ये कत्ल क्यों किया है। इसके बाद आधी रात को पत्नी से फिर से झगड़ा शुरू हो गया। उसके पास मौका था, जिसके बाद उसने चाकू उठाया और पत्नी पर ताबड़ तोड़ वार करना शुरू कर दिए। इसके बाद भी उसके प्राण नहीं निकले तो मूसली उठाकर सिर पर दे मारी। मंजू गोला की हत्या करने के बाद पति गोविंद उसकी लाश के सामने रातभर बैठा रहा। इसके बाद सुबह सात बजे वो खुद थाने पहुंचा और पुलिस को इस कत्ल के बारे में जानकारी दी। गोविंद ने पुलिस को बताया कि पत्नी बार-बार झगड़ा कर रही थी। इसलिए उसे मार दिया। इससे पहले उसने बच्चों को दूसरे घर में सुला दिया। इसके बाद गुस्से में पत्नी पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद भी उसकी जान न निकली तो मूसल से प्रहार किया।

14 साल पहले हुई थी शादी रामबाग, एत्माद्दौला निवासी मंजू गोला की शादी करीब 14 साल पहले सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी गोविंद गोला के साथ हुई थी। मंजू निजी अस्पताल में नर्स थीं। गोविंद फोटोग्राफर है। दंपती के तीन बच्चे हैं।

शक में करता था मारपीट, मांगता था खर्चा मृतका के भाई जनक सिंह और अन्य परिजन भी सुबह घर पहुंच गए। भाई ने बताया कि बहन के तीन बच्चे अदिति (10), देवांशी (7) और देवांश (4) हैं। मंजू पूरे दिन नर्स का काम करती थी। गोविंद उससे अपने घरवालों के लिए भी खर्च मांगता था। बहन इसका विरोध करती थी। वह उस पर बेवजह शक भी करता था। अकसर मारपीट करता था। कई बार गोविंद और उसके घरवालों को समझाया था। आरोप है कि शुक्रवार को भी मंजू ने फोन करके बताया था कि गोविंद और उसके पिता दरवाजा खटखटा रहे हैं। इस पर भाई ने दरवाजा नहीं खोलने को कहा था। लेकिन इसके बाद बहन की मौत की खबर ही आई। जनक सिंह ने गोविंद और उसके पिता कुंवरपाल के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस सुनवाई करती तो मंजू की जान नहीं जाती जनक सिंह ने बताया कि गोविंद ने मंजू के 10 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। इस पर मंजू ने विरोध किया तो उसका सिर फोड़ दिया।

### नर्स की हत्याः आधी रात पति के सिर पर हुआ खून सवार...

# पेट में घोंपा चाकू, फिर भी न मरी तो सिर पर दे मारी मूसली

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

नर्स के चरित्र पर उसे ऐसा शक हुआ कि वो सबकुछ भूल गया। पति ने आधी रात को बेरहमी से उसे मौत के घाट उतार दिया। इससे पहले पत्नी से झगड़ा हुआ था। रातभर लाश के साथ बैठा रहा और सुबह थाने पहुंचकर समर्पण कर दिया।

आगरा के सदर थाना क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में एक नर्स की हत्या उसके ही पति ने कर दी। पत्नी के चरित्र पर उसे शक था। इस वजह से दोनों के बीच रात में झगड़ा भी हुआ। वो हत्या के लिए पहले ही योजना बना चुका था। इसलिए तीनों बच्चों को दूसरे कमरे में सुला दिया। इसके बाद उसने पत्नी की कत्ल किया। कत्ल करने के बाद रातभर लाश के साथ गुजारी।

गोविंद ने पुलिस को बताया कि रात में पत्नी ने दोबारा झगड़ा शुरू कर दिया था। इस पर उसने अपने बच्चों को दूसरे घर में सुला दिया। रात करीब तीन बजे विवाद के बाद उसने गुस्से में पत्नी पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद मूसल से प्रहार किए। पत्नी की हत्या के बाद वह कई घंटे तक कमरे में रहा। सुबह करीब सात बजे थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। एसीपी पीयूषकांत ने बताया कि हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

14 साल पहले हुई थी शादी
रामबाग, एत्माद्दौला निवासी मंजू गोला की शादी करीब 14 साल पहले सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी गोविंद गोला के साथ हुई थी। मंजू निजी अस्पताल में नर्स थीं। गोविंद फोटोग्राफर है। दंपती के तीन बच्चे हैं।

चोरों ओर बिखरा था खून
पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो कमरे में चारों तरफ खून बिखरा पड़ा था। मंजू का शव पास में पड़ा था। खून से सना चाकू और मूसली पास पड़े थे। पुलिस ने साक्ष्य एकत्रित किए। मृतका के भाई जनक सिंह का आरोप है कि पति और अन्य ससुरालीजन बहन का उत्पीड़न करते थे। वह फोन करके बताती थी।

पहले भी हुआ था झगड़ा
पति शक करता था, जबकि नर्स का काम होने के कारण उस पर फोन कॉल्स आते थे। शुक्रवार को भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। पति ने उसे सिर पर पत्थर मारकर घायल कर दिया था। इस पर मंजू थाना सदर पहुंची थी। सदर थाने से उसे बुंदू कटरा चौकी जाने के लिए कहा गया। वह रात 11:30 बजे चौकी पहुंची तो पुलिसकर्मियों ने सुबह आने की कहकर लौटा दिया था।

## शादी का झांसा देकर युवक से 10 लाख रुपये ठगे

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

शादी कराने का झांसा देकर वैशाली में रहने वाले युवक से ठगों ने 10 लाख रुपये की ठगी की। ठग ने मैट्रिमोनियल साइट पर जाकर युवक से संपर्क किया था। शादी की तारीक भी तय हो गई थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वैशाली में रहने वाले एक युवक ने मैट्रिमोनियल साइट पर आईडी बनाई थी। वह एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि साइट पर एक लड़की का संदेश आया। लड़की ने अपने आप को आस्था शर्मा बताया। उसकी आईडी भी आस्था शर्मा के नाम से बनी हुई थी। दोनों के बीच मैसेज और फिर मोबाइल नंबर पर बात होने लगी। दोनों में शादी की बात हो गई। उसने शादी का झांसा दिया और पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए अपना भाई बताकर एक युवक से भी बात कराई। दोनों जल्द शादी करने की बात कहने लगे, लेकिन अचानक एक दिन जरूरी काम बताकर उनसे करीब डेढ़ लाख रुपये मांगे। पीड़ित ने रिश्ता तय समझकर रुपये दे दिए।

## डॉ. आंबेडकर जयंती पर आज निकलेंगी शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती पर रविवार को शोभायात्राएं निकलेंगी। ये पहली बार हो रहा है कि दो शोभायात्रा निकलने जा रही हैं। विवाद को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी दो समितियों को शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी है। घंटाघर स्थित डॉ. अंबेडकर पार्क से अलग-अलग समय पर शोभायात्रा निकलेगी। रविवार को रविवार दोपहर तीन बजे से डॉ. आंबेडकर पार्क घंटाघर से पहली शोभायात्रा शुरू होगी। शोभायात्रा में बैंड, झांकी, इलेक्ट्रॉनिक झांकी, घोड़ों पर बैठे हुए बच्चे, सफेद व नीली साड़ी में करीब महिलाएं नजर आएंगी। अतिथि के तौर पर डॉ. बीआर आंबेडकर जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति संरक्षक रणवीर सिंह कश्यप होंगे। घंटाघर पार्क से कठपुला, रसलगंज, सराय हकीम, बारहद्वारी, पत्थर बाजार, मामू भांजा रोड, आगरा रोड होते हुए दुबे के पड़ाव पर समापन होगा। दूसरी शोभायात्रा को लेकर डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति संरक्षक मंडल के मूलचंद गौतम ने बताया कि उनकी समिति की शोभायात्रा शाम चार बजे से निकाली जाएगी। शोभायात्रा अध्यक्ष हरि बाबा गौतम की अध्यक्षता में होगी। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री चौ. महेंद्र सिंह व राजाराम होंगे। शोभायात्रा का शुभारंभ बौद्ध भिक्षु करेंगे। शोभायात्रा में महापुरुषों व शिक्षा से जुड़ी झांकियां होंगी। प्रशासन ने उन्हें शाम चार बजे से रात 11 बजे तक की स्वीकृति दी है। शोभायात्रा डॉ. अंबेडकर पार्क से शुरु होकर कठपुला, रसलगंज, हकीम सराय, बाहरद्वारी, मीरीमल की प्याऊ, पत्थर बाजार, मामू-भांजा, सिसिया पाड़ा होते हुए दुबे का पड़ाव पहुंचेगी। यहां जीटी रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के पास यात्रा का समापन होगा। इस विवाद में देर रात तक हल निकालने का प्रयास सफल न होने पर दोनों शोभायात्राएं निकाला जाना तय हुआ है।

## आप कार्यकर्ताओं ने ली संविधान बचाने की शपथ

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

मुख्यमंत्री केजरीवाल के आह्वान पर आम आदमी पार्टी ने रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाई। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों व जिला मुख्यालयों पर पार्टी नेताओं-समर्थकों ने संविधान बचाने की शपथ ली।

पार्टी मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अगर फिर से भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी। केवल दिल्ली सरकार ने मुफ्त शिक्षा, इलाज, बिजली, पानी दिया है। इस बार दिल्ली में सातों सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त होगी। आप कार्यकर्ता संविधान को बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। अंबेडकर का कहना था कि सभी को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। यह सपना केवल दिल्ली सरकार ने पूरा करने का काम किया है। पंजाब में सरकार बनी तो वहां भी दिल्ली की तरह भाजपा की दुकान बंद हो गई। इस दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, आतिशी व सौरभ भारद्वाज, विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, जस्मीन शाह समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पहली बार संसद से 150 से ज्यादा सांसदों को निलंबित कर दिया गया। केंद्र सरकार ने सभी जांच एजेंसियां ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग को मुट्ठी में कर लिया है।

## दादी संग जा रही बच्ची को ट्रक ने रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

एटा चुंगी चौराहे पर शनिवार शाम दादी के साथ जा रही बच्ची को ट्रक ने रौंद दिया। उसके सिर पर होकर ट्रक का पहिया निकल गया। मौके पर ही बच्ची की मौत हो गई।

अतरौली खेडिया रफातपुर निवासी राधा (10) पुत्री सुनील कुमार अपनी दादी के साथ मायके पला फाटक पर जा रही थी। एटा चुंगी पर राधा दादी का हाथ पकड़ कर सड़क पार कर रही थी। इस बीच ट्रक ने राधा को अपनी चपेट में ले लिया। उसके सिर पर होकर ट्रक का पहिया गुजर गया। दादी दूर जाकर सड़क पर गिरीं। बच्ची की मौके पर मौत हो गई। पास के निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने ट्रक को चालक सहित पकड़ लिया।

## ट्रेन से सफर होगा आसान, गर्मियों की छुट्टियों के लिए वाराणसी तक चलेंगी दो ट्रेनें

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

रेलवे ने कई रूटों पर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। इनमें से दो ट्रेनों को गाजियाबाद स्टेशन पर और एक को हापुड़ स्टेशन पर स्टॉप दिया गया है। यानी इन ट्रेनों से गाजियाबाद, साहिबाबाद, हापुड़ और नोएडा के हजारों यात्रियों को फायदा होगा।

गर्मियों की छुट्टियों में घूमने जाने के लिए अगर ट्रेनों में कंफर्म रिजर्वेशन नहीं मिल पाया है तो अब यात्रियों को स्पेशल ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिल सकता है। रेलवे ने कई रूटों पर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें संचालित करने की घोषणा की है। इनमें से दो ट्रेनों को गाजियाबाद स्टेशन पर और एक को हापुड़ स्टेशन पर स्टॉप दिया गया है। यानी इन ट्रेनों से गाजियाबाद, साहिबाबाद, हापुड़ और नोएडा के हजारों यात्रियों को फायदा होगा। नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने बताया कि 27 अप्रैल से 30 जून तक दिल्ली से वाराणसी के बीच स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस चलाई जाएगी। इस अवधि में यह ट्रेन 56 ट्रिप लगाएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली से यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को और वाराणसी से मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। दिल्ली से शाम 7:30 बजे रवाना होकर यह ट्रेन 8:06 बजे गाजियाबाद स्टेशन पर पहुंचेगी और दो मिनट रुकने के बाद मुरादाबाद, लखनऊ होते हुए वाराणसी के लिए रवाना हो जाएगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 9:45 बजे वाराणसी पहुंच जाएगी। वापसी में यह ट्रेन शाम 6:20 बजे वाराणसी से चलेगी और अगले दिन सुबह आठ बजे गाजियाबाद व 8:50 बजे दिल्ली स्टेशन पहुंच जाएगी। दूसरी ट्रेन 30 अप्रैल से 27 जून तक आनंद विहार टर्मिनल से जोगबनी बिहार तक चलाई जाएगी। सप्ताह में एक दिन चलने वाली यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार आनंद विहार से रात 11:45 बजे रवाना होगी और रात 12:23 बजे गाजियाबाद स्टेशन पर पहुंच जाएगी। दो मिनट बाद मुरादाबाद के लिए रवाना हो जाएगी। यह ट्रेन बृहस्पतिवार सुबह 5:20 बजे जोगबनी पहुंच जाएगी और उसी दिन सुबह 9 बजे आनंद विहार, दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी। बीच में यह ट्रेन मुरादाबाद, चंदौसी, बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, सिवान, हाजीपुर, शाहपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया, कटिहार, पूर्णिया, अररिया स्टेशनों पर भी रुकेगी।

## समिति के सदस्य बदले पर नहीं हुई मीटिंग

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

निजी स्कूलों पर नियंत्रण के लिए बनी जिला शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) के पुनर्गठन के बाद एक बार भी मीटिंग नहीं हुई है। जबकि स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग के पास लगातार शिकायते पहुंच रही हैं। इस सत्र में भी अब तक दर्जनों शिकायतें पहुंच चुकी हैं। अब अभिभावकों के दवाब में आकर विभाग ने अगले सप्ताह मीटिंग की कार्य योजना तैयार कर रहा है।

ऑल नोएडा स्कूल्स पैरेंट्स एसोसिएशन का कहना है कि इसकी अंतिम बैठक 17 अप्रैल 2023 को हुई थी। इस दौरान समिति में स्कूल की प्रिंसिपल बदली गई थी। इससे पहले 2022 में स्कूलों की ओर से बढ़ाई गई फीस को लेकर मीटिंग हुई थी। अभिभावकों का कहना है कि सही मायने में अभिभावकों को लेकर दो साल पहले फीस को लेकर मीटिंग हुई थी। जबकि निजी स्कूलों की मनमानी को देखते हुए सरकार उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 लेकर आई थी। इससे बहुत हद तक स्कूलों की ओर से मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने, कमीशन के चक्कर में बार-बार यूनिफॉर्म बदलने और निर्धारित दुकान से किताबें खरीदने पर रोक लग पाई। अगर कोई स्कूल इसके विपरीत करता है तो इसमें कार्रवाई का प्रावधान है। हालांकि अभी भी कई स्कूलों की मनमानी लगातार जारी है। इसी के तहत जिले में जिला शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) का गठन किया गया था।

नोटिस भेजकर झाड़ रहे पल्ला
अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर शिक्षा विभाग के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। लेकिन विभाग कार्रवाई के नाम पर स्कूल को नोटिस भेजकर पल्ला झाड़ रहा है। इसको लेकर ऑल नोएडा स्कूल्स पैरेंट्स एसोसिएशन जिला विद्यालय निरीक्षक से भी मिलेंगे।

17 अप्रैल 2023 को डीएफआरसी में कुछ सदस्य बदले गए थे। यह एक सामान्य मीटिंग थी। लेकिन इस दौरान फीस के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई थी। तब से लेकर कोई मीटिंग नहीं हुई है। जिला शुल्क नियामक समिति सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।
यतेंद्र कसाना ,अध्यक्ष, ऑल नोएडा स्कूल्स पैरेंट्स एसोसिएशन

पिछले दिनों जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मीटिंग हुई थी। अगले सप्ताह फिर से मीटिंग होने जा रही है। इसमें सभी सदस्य शामिल होंगे।

## घरेलू कलह में व्यक्ति ने की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

महानगर के सासनी गेट क्षेत्र के हरी नगर इलाके में शुक्रवार शाम युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। हालांकि आत्महत्या की वजह साफ नहीं है। मगर प्रथम दृष्टया इसे कलह से जोड़कर देखा जा रहा है।

गिर्राज (42) मजदूरी करता था। वह तीन बच्चों का पिता था। शुक्रवार को वह रोजाना की तरह काम से निपटकर घर आया। इस बीच किसी बात पर कहासुनी के बाद उसने कमरे में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंपा गया है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार के अनुसार आत्महत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है।

## ताज पर गर्मी में पर्यटकों का हुआ बुरा हाल, पीने के लिए तरसे, महिला की तबीयत बिगड़ी

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

ताजमहल पर गर्मी में पर्यटक उस समय परेशान हो गए, जब पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। ये हालत तब हुई जब यहां आठ आरओ प्लांट हैं। सुबह-सुबह पाइपलाइन खराब होने से पर्यटक पानी के लिए तरस गए।

ताजमहल पर अप्रैल में 40 डिग्री के पार चल रहे पारे में पर्यटक पानी के लिए परेशान हैं। शनिवार को ताजमहल के दीदार के लिए आए पर्यटक रॉयल गेट से लेकर मुख्य गुंबद के बीच लगी पानी की टोंटियों के बंद होने से प्यास से व्याकुल हो गए। वहीं तेज गर्मी के कारण कई पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें एएसआई की मे आई हेल्प यू टीम ने ओआरएस पाउडर और ठंडा पानी पिलाया। दुनिया के सातवें अजूबे ताजमहल में शनिवार की सुबह आए पर्यटक जब तेज धूप से परेशान हुए तो पानी की तलाश की। म्यूजियम की ओर मौजूद आरओ प्लांट के बंद था। उन्होंने इसके वीडियो और फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल करने शुरू कर दिए। पश्चिमी गेट के दालान से लेकर शाही मस्जिद की ओर के सभी पॉइंट बंद पाए गए। एएसआई ने दोपहर में पानी की सप्लाई के लिए मरम्मत शुरू कराई। टूरिज्म गिल्ड आगरा के अध्यक्ष राजीव सक्सेना का कहना है कि ताजमहल पर मुख्य गुंबद के साथ टिकट की राशि 250 रुपये है, लेकिन पर्यटकों को कोई सुविधा नहीं दी जा रही। पर्यटकों की गर्मी में 10 रुपये की पानी की ठंडी बोतल दी जाए तो बेहोश होने, चक्कर आकर गिरने के मामलों में कमी आएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि ताजमहल में 8 आरओ प्लांट लगे हुए हैं, जिनमें से पश्चिमी गेट की साइड म्यूजियम से मस्जिद की ओर वाले पॉइंट में कुछ खराबी थी, जिसकी लाइन दुरुस्त करा दी गई है। पर्यटकों की गर्मी में 10 रुपये की पानी की ठंडी बोतल दी जाए तो बेहोश होने, चक्कर आकर गिरने के मामलों में कमी आएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि ताजमहल में 8 आरओ प्लांट लगे हुए हैं, जिनमें से पश्चिमी गेट की साइड म्यूजियम से मस्जिद की ओर वाले पॉइंट में कुछ खराबी थी, जिसकी लाइन दुरुस्त करा दी गई है।

ताजमहल पर शनिवार को सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा। तेज गर्मी के कारण कई पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें एएसआई की मे आई हेल्प यू टीम ने ओआरएस पाउडर और ठंडा पानी पिलाया। सेना में हवलदार देवी सिंह की पत्नी चित्रा देवी की भी गर्मी से तबीयत खराब हो गई। उन्हें एएसआई और सीआईएसएफ की टीम ने पूर्वी गेट स्थित डिस्पेंसरी भेजा, जहां से शांति मांगलिक अस्पताल ले जाया गया। शनिवार को अवकाश के कारण तो पर्यटक ज्यादा थे ही। ईद के बाद ताजमहल पर ज्यादा लोग पहुंचे। शनिवार को करीब 40 हजार पर्यटक ताजमहल के दीदार के लिए आए।

# सपा सरकार में गुंडे करते थे लोगों से वसूली: पुष्कर सिंह धामी

❋ देश के अंदर कोई हमला होता है तो उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से दिया जाता है





जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

पूरनपुर पहुंचे उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मैं नगर के एक रिसॉर्ट में आयोजित सम्मेलन में जनसभा को संबोधित किया। बांसुरी की तन और बाघ की दहाड़ की बात से जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि में उत्तराखंड का मुख्य सेवक होने के नाते में आपका पड़ोसी हूं।मुझे इस क्षेत्र से बहुत ही जुड़ाव है। मां शारदा जो मेरे घर के सामने से होकर गुजरती हैं। में इन्हें देखते-देखते पला और बडा हुआ। मुख्य सेवक का दायित्व मिलने के बाद पहली बार आप सबके बीच आगमन हुआ है। संबोधन शुरू करने से पहले जनता को से 19 अप्रैल को तीसरी बार मोदी के समर्थन में वोट करने की अपील की। उन्होंने अपने दस साल में जीवन का एक-एक पल एक-एक क्षण भारत माता को समर्पित किया।में में यह कह सकता हूं कि इस सभागार के सारे के सारे लोग आज फिर वह समय आ गया है। कि हम सबको एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।पूर्व की सरकारों ने गरीबों का तिरस्कार किया है। बीजेपी के समय में देश में नए-नए कीर्तिमान स्थापित हुए ।आज भारत विश्व पटल पर प्रथम स्थान पर है। आज भारत का झंडा पूरी दुनिया में लहरा रहा है। कोरोना महामारी के बाद भी भारत दुनिया की 91 वे में पांचवें नंबर पर रहा।

आज सब्जी की दुकान पर महिला भी यूपीआई से पेमेंट कर रही है। पूरी दुनिया का जितना डिजिटल ट्रांजेक्शन है उसका 50% भारत में हो रहा है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने की बात पर लोगों ने तर्क दिया था कि इस देश में यह सब संभव नहीं है। प्रधानमंत्री पहला भाषण में कहा था कि हमारी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार होगी। उनके प्रयासों से 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। इसके अलावा भी कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए ।कश्मीर से धारा 370 हटाने का काम किया। नागरिकता संशोधन विधेयक लागू कर पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए शरणार्थियों को नागरिकता देने का काम किया है। उन्हें मूलभूत सुविधाएं देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पहले देश में कई हमले हुए और उन हमलों का जवाब देने के लिए सेना को आदेश लेना पड़ता था। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अगर देश में हमला होने की स्थिति आती है तो उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से दिया जाता है। अयोध्या के टेंट से रामलाल को निकाल कर भव्य मंदिर में ले जाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है।सिख समाज को साधते हुए कहा कि आज हमारे सिख समाज के लोग उसके बीच में दूसरे लोग वोट मांगने भी कैसे आ सकते हैं। 1984 में हुए कत्लेआम की यादें ताजा की। विपक्ष पर हमला बोलते हो कहा कि उन्होंने तुष्टिकरण की राजनीति को अपनाया है। इसी प्रकार करतारपुर कॉरिडोर को जो लोग दर्शन करने जाते थे। इतनी मुश्किल होती थी कि दर्शन भी नहीं कर पाते थे। करतारपुर कॉरिडोर बनाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़िया संग बाज उडाऊ, गुरु गोबिंद सिंह नाम कहांऊ। जहा शक्ति होती है धर्म को बचाने के लिए संस्कृति को बचाने के लिए बाबा जोरावर सिंह को किस तरह दीवारों में चुनवा दिया गए। उन्हें विवश किया गया। छोटे-छोटे बच्चों को उस उम्र में यातनाएं दी। उनके मुंह से निकला हम झुक नहीं सकते, हम मां के सच्चे, हम धर्म के सच्चे, हम गुरु गोविंद सिंह के बच्चे। लेकिन उनके इतिहास को देश और दुनिया के सामने नहीं रखा गया। लेकिन मोदी जी ने वीर बाल दिवस पूरे देश में मनाने का काम किया है। 2014 में कांग्रेस सरकार हर दिन नए घोटाले सामने आ रहे थे लेकिन पिछले 10 सालों में एक भी घोटाला नहीं हुआ है प्रधानमंत्री का नारा है कि ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा। सपा के शासन में किस तरह का जंगल राज था।लोगों से वसूली का कार्य किया जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में या तो माफिया जेलों में बंद है या प्रदेश छोड़ गए।

## जेकेएसएस ने बाबा साहब की मनाई जयंती, मिष्ठान किया वितरण



जन एक्सप्रेस । कलीनगर

जनपद की तहसील कलीनगर क्षेत्र के गाँव जमुनियां खास जन कल्याण सुरक्षा संघ के कार्यालय पर रविवार को सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के तत्वावधान में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न परम् पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद बाबा साहब की तस्वीर पर पदाधिकारियों ने माल्यर्पण कर बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि दी एवं उनको नमन किया और उनके बतायें रास्ते पर चलने का संकल्प लिया जन कल्याण सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह प्रदेश सचिव जिला संरक्षक रामस्नेही वर्मा जिला प्रभारी मूलचन्द पाण्डेय ने बाबा साहब के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिथलेश शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला राजाराम पासवान जिला कार्यकारिणी सदस्य हरिशंकर यादव ग्राम अध्यक्ष जमुनियां ग्राम महामंत्री वीरेन्द्र कुमार जोशी हजारीलाल पासवान दोदराज यादव प्यारेलाल वर्मा शिवनाथ सिंह ठाकुर रामनाथ कश्यप कृष्णपाल पासवान धर्मेंद्र कुमार वर्मा विशन शर्मा अजय यादव आजाद शाह मोहम्मद यूसुफ सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत मे सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

### पूर्व विधायक राजदेव सिंह बसपा से हो सकते हैं प्रत्याशी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह के पिता पूर्व विधायक राजदेव सिंह जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी हो सकते हैं सूत्रों की माने तो जल्द ही पार्टी ने नेतृत्व इसकी घोषणा करेगी।

## सुभासपा मंडल महासचिव ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर घंमडी होने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा



सुभासपा के पूर्व अध्यक्ष एवं मंडल महासचिव बरेली मंडल ओमकार कश्यप ने भाजपा के लोगों को घमंडी वताते हुए आरोप लगाया कि यह लोग घमंड में चूर है भाजपा का सुभासपा के साथ गठबंधन है फिर भी स्थानीय भाजपा नेता सुभासपा के स्थानीय नेताओं की उपेक्षा कर रहें हैं लोकसभा चुनाव मे भाजपा के लोगों को बहुत घमंड है आज भाजपा सरकार के मंत्री राकेश कुमार राठौर उनके गांव दौलतपुर पट्टी में आए इसके बावजूद उन्हे किसी ने सूचना तक नही दी।यह लोग जातिगत तरीके से अव बोट मांग रहे हैं। आज राठौर आये तो सभी राठौर लोगों को बुला लिया गया। और अन्य लोगों को नही बुलाया यह कही न कही भाजपा के घमंड को दर्शाता है।

## राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर जनसंपर्क कार्यालय श्री कमलम पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र शाहगंज विधायक रमेश सिंह समेत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।श्री बंसल ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड विजय दिलाने हेतु कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। श्री बंसल का मार्गदर्शन पाकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आए।इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधानसभा प्रभारी रामसिंह मौर्य, संयोजक हर्षू प्रसाद पाठक, नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह, जिला मंत्री अवधेश यादव, रामकृष्ण उपाध्याय, रामकृपाल बिंद, मुरलीधर निषाद आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई अम्बेडकर जयंती

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





रविवार को जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग से संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव राम जी अम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ने चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर अच्छे समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी होगी, जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे संकल्प के साथ करेंगे। वही जनपद की तहसील बीसलपुर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए तथा चिकित्सालय में फैली गंदगी पर नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा आज सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अचानक पहुंच गए। उन्होंने सबसे पहले संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को उनके बताए हुए रास्तों पर चलने की सलाह दी। उन्होंने इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने कभी भी किसी भी जाति धर्म से भेदभाव नहीं किया। बल्कि उन्होंने गरीबों व निचले स्तर के लोगों को समाज में ऊपर उठाने का सदैव प्रयास किया। उन्होंने समाज से ऊंच नीच के भेदभाव को भी मिटाने का संदेश दिया। ऐसे महान व्यक्ति द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने से ही समाज व जनकल्याण संभव है। इसके पश्चात उन्होंने चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में गंदगी को देखकर उन्होंने चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर लेखराज से नाराजगी व्यक्त की और भविष्य में चिकित्सालय को साफ-सुथरा रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के डॉक्टर आजम, डॉक्टर चंदन, चीफ फार्मासिस्ट शशि भूषण, गिरीश चंद्र, राजकुमार, राज किशोर सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आगमन की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को उनकी सभा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए।

# सपा ने जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा पर लगाया दांव

❋ भाजपा के बाद सपा ने भी नहीं दिया स्थानीय प्रत्याशियों को तवज्जो

❋ भाजपा सपा को पैराशूट प्रत्याशियों पर ही भरोसा बना चर्चा का विषय



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

समाजवादी पार्टी ने भी भाजपा के तर्ज पर जिले से मांग रहे अपने पार्टी नेताओं को धाता बताते हुए बाबू सिंह कुशवाहा के नाम पर आखिरकार अपनी मोहर लगा दी सूची जारी होते ही जिले से दर्जनों की संख्या में सपा से टिकट मांग रहे नेताओं एवं उनके समर्थकों में मायूसी छा गई। भाजपा सपा के नेता जो वर्षों से सांसद बनने व अपनी पार्टी से टिकट की आस लगा कर बैठे नेताओं को सपना आखिरकार चूर चूर हो गया। जहां चंद दिन पहले भाजपा में आए एवं महाराष्ट्र की राजनीति में सक्रिय पूर्व कांग्रेसी नेता कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया तो भाजपा से टिकट मांग रहे लोग आवक रह गए और अभी भी पार्टी अंदोरोनी गुटबाजी से उबर नहीं पा रही है वहीं समाजवादी पार्टी भी भाजपा के तर्ज पर अपने जिले के नेताओं को तबज्जो न देकर पूर्व बसपा नेता बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाकर जिले से टिकट मांग रहे नेताओं एवं उनके समर्थकों में मायूसी छा गई। वही सपा से बाबू सिंह कुशवाहा के नाम की घोषणा होते ही पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह व उनके परिवार के किसी सदस्य को सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की चर्चा पर भी बिराम लग गया। वही जिले भर में जोरो की चर्चा है कि भाजपा सपा के नेतृत्व को अपने स्थानीय नेता से ज्यादा पैराशूट प्रत्याशियों पर ही भरोसा है।

# बेहतर शिक्षा ही बच्चों का उज्वल भविष्य-कुँवर जय सिंह

❋ दवा के लिए ग्रामीणों को बैरंग वापस लौटना पड़ा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सिंगरामऊ बाजार स्थित मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स सेंट्रल एकेडमी परिसर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कुँवर जयसिंह जय बाबा ने कहाकि ये नौनिहाल ही भारत के भविष्य हैं, इन्हें संवारने के लिये शिक्षक बहुत परिश्रम करता है तब जाकर इनका सर्वांगीण विकास होता है। इसके लिए उन्हें कक्षाओं में प्रतिक्रियात्मक शिक्षा देकर एक पहल करनी होगी। बेहतर शिक्षा ही उनमें बदलाव लाती है। ग्रामीणांचल में शिक्षा के विकास के लिए इस विद्यालय द्वारा किया जा रहा प्रयास काबिले तारीफ है। इसके पूर्व जयबाबा ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति देते हुए लोगों का मन मोह लिया। विजेता प्रतिभागियों व स्कूल टॉपर अयाज हुसैन को ट्राफी, प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक ज्ञानंजय सिंह अमित ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व बुके देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता संजय कुमार सिंह व संचालन अनुराग लिंबू, शेखर कुमार द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक डॉ.संजय सिंह ने वहां उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा राजा हरपाल सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक कुंवर मृगेंद्र सिंह (शिव बाबा) सहित बीस विशिष्ट नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। वहां पर कैप्टन रामगुन मिश्रा, प्रधान दिनेश चंद्र मिश्रा, राजेश सिंह, प्रधान संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, वीर बहादुर सिंह, प्रधान विनय कुमार सिंह, अरविंद उपाध्याय, श्याम यादव, वरुण सिंह, आशू सोनी, राजेश मिश्रा, विवेक मिश्रा, आजम अली, लालदेव यादव, विवेक मिश्रा, निजाम, बीर बहादुर सिंह, अशोक जायसवाल उपस्थित रहे।

# पनियरियां पीएससी पर नहीं लगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विकास खंड करंजाकला क्षेत्र के समसपुर पनियरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला नहीं लगा। वहां दवा के लिए गए ग्रामीणो बैरंग वापस लौटना पड़ा। पीएससी के मुख्य द्वार पर ताला लटक रहा था। बता दें कि करंजाकला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ- साथ जमुहाई हिंदी बघैला, नरौली, समसपुर पनियरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यमंत्री आरोग्य मेला हर रविवार को आयोजित किया जाता है। जिसके लिए शासन से बजट भी दिया जाता है। लेकिन काफी दिनों से लोगो के शिकायत थी कि नरौली जमुहाई और समसपुर पनियरिया पीएससी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन नहीं होता। इस क्रम में रविवार को भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समसपुर पनियरिया में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला नहीं लगा और ना ही कोई वहां चिकित्सक कर्मचारी मौजूद था, जिससे वहां पहुंचे लोगों का कहना है यहां स्टाफ की भी कमी है। काफी ग्रामीणों का कहना है कि पीएससी कभी कभार खुलता है। हालांकि हिंदी वघैला करंजाकला में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगा था, इस बारे में प्रभारी डॉक्टर संतोष जायसवाल से बात की गई उन्होने कहा कि हर जगह मेला लगा था। मेला 2 बजे तक लगता है। पनियरिया मे स्टाफ की कमी है और चिकित्सक बैठते हैं।

### भीड़ प्रबंधन-समर स्पेशल के लिए कैंट स्टेशन ने बनाया प्लान

जन एक्सप्रेस । वाराणसी। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कैंट स्टेशन के निदेशक ने यह प्लान बनाया है। कैंट स्टेशन के दो नए प्लेटफार्म 10 और 11 से सिर्फ दो ही इंटरसिटी ट्रेनों का संचालन हो रहा है। समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन और भीड़ प्रबंधन को लेकर कैंट स्टेशन निदेशक ने स्पेशल प्लान बनाया है। समर स्पेशल ट्रेनें जल्द ही कैंट स्टेशन के तीसरे प्रवेश द्वार के नए प्लेटफॉर्म 10 और 11 से चलेंगी। प्रथम और द्वितीय प्रवेश द्वार पर यात्रियों का दबाव कम होगा। वहीं, नियमित ट्रेनों के कारण स्पेशल ट्रेनों को स्टेशन के आउटर समेत अन्य स्थानों पर नहीं रोकना पड़ेगा। रेलवे बोर्ड की ओर से समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है, जो कि जून माह तक जारी रहेगा। कई बार यह देखा जा रहा है कि स्पेशल ट्रेनों को प्लेटफार्म खाली नहीं रहने की दशा में आउटर और जहां-तहां रोक दिया जा रहा है। यह ट्रेनें तीन से छह घंटे तक लेट हो रही हैं। गर्मी में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोच में पानी की कमी, कूलिंग की कमी और गंदगी से कोच पट जाते हैं। ऐसी शिकायतें रोजाना रेल अधिकारियों के पास पहुंच रही है। कैंट स्टेशन के दो नए प्लेटफार्म 10 और 11 से सिर्फ दो ही इंटरसिटी ट्रेनों का संचालन हो रहा है। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों को 10 व 11 प्लेटफार्म से चलाया जाएगा। इस दिशा में काम हो रहा है। स्पेशल ट्रेनें अब यहीं से गुजरेंगी। इसके तहत प्लेटफार्म पर पेयजल, शौचालय, खानपान की दुकानें, कुर्सी, बेंच की व्यवस्था की जा रही है। अगले माह तक दो फास्ट फूड यूनिट भी खुल जाएगी। इसका टेंडर हो चुका है। तीसरे प्रवेश द्वार पर जनरल टिकट के लिए एटीवीएम की सुविधा दी गई है। एिक्सप्रेस चलाई जाएगी। इस अवधि में यह ट्रेन 56 ट्रिप लगाएगी।

## वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की ये है आखिरी तारीख

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

जिले की जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने मतदान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युवा मतदाता सूची में अपना नाम चार मई तक जुड़वा सकते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत एक जून को मिर्जापुर में मतदान होना है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने प्रत्येक मतदाता से अपील की है कि सशक्त सरकार के लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लोकतांत्रिक प्रणाली सशक्त प्रणाली है। मताधिकार का प्रयोग कर न केवल हम अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हैं बल्कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान भी करते हैं। उन्होंने बताया कि जो भी युवा एक अप्रैल 24 तक 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे है वे चार मई तक फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

# संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका हुआ युवक का मिला शव

❋ शनिवार की शाम घर से मुंबई जाने के लिए कह कर निकला था

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बरसठी थाना क्षेत्र के खुआवा (लालपुर) गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि, युवक अपने ननिहाल मे रहता था। घटनास्थल पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। युवक शनिवार की शाम घर से मुंबई जाने के लिए निकला था। जानकारी के अनुसार बनारस लालपुर ललुआई गांव निवासी अशोक शर्मा का पुत्र अरुण शर्मा उर्फ टमाटर की उम्र 20 वर्ष थी। वह अपने ननिहाल में कई वर्षों से नाना सत्यनारायण शर्मा व परिवार के साथ रह रहा था। शनिवार की शाम घर से मुंबई जाने के लिए कह कर निकला था और रात में ही गांव के उत्तरी छोर पर बसूहि नदी के समीप एक पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। रविवार की सुबह गांव के ही कुछ लोग शौच आदि के लिए निकले तो युवक फांसी के फंदे से लटक रहा था। घटना की सूचना फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुची थाना पुलिस ने घटना की छानबीन कर शव को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि, युवक नशे का अहदी था। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था, हाल ही में कुछ माह पूर्व मझला भाई गोपी ने भी मुंबई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## मकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

थाना क्षेत्र के बढ़वार गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से कच्चे मकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग बुझाई। तब तक हजारों का सामान जलकर राख हो गया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बढ़वार गांव निवासी अंबर बढ़ई का काम करता है। उसके कच्चे मकान में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। मकान के अंदर सो रही महिला ने आग की लपटें देखकर बाहर निकल कर शोर मचाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया तब तक घर में रखा गृहस्थी का सामान गेहूं, दाल, चावल, बिस्तर जलकर नष्ट हो गया। मकान के मुखिया अंबर अपनी पत्नी के साथ बरौधा ससुराल में एक शादी समारोह में गया था। पुत्र शिव प्रसाद गांव में गेहूं की मड़ाई कराने गया था।

# दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए छात्र की डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

छात्र गोलू को बाहर निकालकर नाविकों ने सूचना रामनगर थाने की पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि सभी दोस्त नाव से गंगा पार करके रामनगर की ओर चले गए थे। सभी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान गोलू गहरे पानी में चला गया। रामनगर के कोदोपुर वार्ड के सामने रविवार को गंगा में स्नान के दौरान गहरे पानी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामनगर थाने की पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बिहार के जहानाबाद का मूल निवासी गोलू चौरसिया (20) छित्तूपुर स्थित एक प्राइवेट लॉज में रहकर डीएवी पीजी कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई करता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह सुबह लॉज के कुछ दोस्तों के साथ गंगा में नहाने के लिए अस्सी घाट गया था। सभी दोस्त नाव से गंगा पार करके रामनगर की ओर चले गए। सभी स्नान कर रहे थे तभी गोलू गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो आसपास के नाविक दौड़े, लेकिन जब तक गोलू गहरे पानी में समा चुका था। गोलू को बाहर निकालकर नाविकों ने सूचना रामनगर थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस गोलू को शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके दोस्तों ने बताया कि गोलू तीन भाई व दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसके पिता दीना चौरसिया मजदूरी करते हैं। पुलिस की सूचना परिजन घर से वाराणसी के लिए रवाना हो गए हैं।

# सभी दलों ने धूमधाम से मनाई डॉ. अम्बेडकर जयंती, निकली शोभायात्रा, हुआ भंडारा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



जिले में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। गाजे-बाजे के साथ जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं। भण्डारे में सब्जी-पूड़ी वितरित की गई। कांग्रेस, भाजपा, सपा और बसपा नेताओं ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। कन्नौज के काजीटोला मोहल्ले में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा निकाली गई। जोकि इत्र नगरी के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी।। इस दौरान अबीर-गुलाल उड़ाते हुए युवाओं की टोली शामिल रही। नसरापुर में भण्डारे का आयोजन किया गया। इसी तरह तिर्वा नगर में भी अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। गांधी नगर चौराहे से शोभायात्रा की शुरुआत हुई। जोकि खैरनगर मार्ग, गांधी चौक, होते हुए मुख्य मार्ग पर पहुंची। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। इलाहाबाद बैंक के नजदीक यात्रा का समापन हुआ। अंबेडकर जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, सपा नेता अनिल पाल, अंशुल गुप्ता, सौरभ गुप्ता, प्रभात वर्मा लालू, बसपा नेता समरजीत दोहरे, अभिषेक कुमार, कुलदीप गौतम, अमित गौतम समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जबकि यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। यहां अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह व कोतवाल जयंती प्रसाद फोर्स के साथ लगातार मौजूद रहे। अंबेडकर जयंती को लेकर नीले झंडे और बाबा साहब की तस्वीरों की खासी डिमांड रही। दुकानों पर झंडे खरीदने वालों की भीड़ नजर आई। इसके अलावा फोटो फ्रेमिंग की दुकानों पर भी बाबा साहब की तस्वीरों पर फ्रेम लगवाने के लिए लोग दिखाई दिए।

### बाबा साहेब की जयंती मनाकर संविधान बचाने की कांग्रेसियों ने ली शपथ

संविधान निर्माता डा॰ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई इसी क्रम में कांग्रेसियों ने भी कन्नौज में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारी ने शहर में स्थित नसरापुर में पहुंचकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण कर जयंती मनाई बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी के बाद बाबासाहेब का बहुत बड़ा योगदान रहा जिन्होंने देश के हर वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसमें भेदभाव जैसी छूत अछूत का भेदभाव खत्म किया यही वजह है कि जो देश में आज मौजूद तानाशाह सरकार का हर गरीब मजलूम सामना कर रहा है। इस मौके पर रीना सिंह , एहसान उल हक खान, घनश्याम यादव ,कमरुद्दीन खान ,रामकृष्ण राजपूत ,अशोक कनौजिया ,चौधरी वीर सिंह, राम भरोसे कमल, सत्य प्रकाश शर्मा, आशुतोष त्रिपाठी ,मोहित सिंह, राकेश कुमार सहित आदि कांग्रेस से उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन ने मनाई डॉ. अम्बेडकर जयंती

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



भारत रत्न डा0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एंव अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से डा0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर गोमती देवी गर्ल्स इण्टर कालेज की अंशिका, अनन्या, नाजिस एवं के0 के0 इण्टर कालेज के आदित्य, समीर आदि छात्र/छात्राओं द्वारा डा0 भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर सभी छात्र/छात्राओं को पुरूस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया । जिलाधिकारी ने कहा कि डा0 भीमराव अबेंडकर ने जो रास्ता दिखाया है उस रास्ते पर चलते हुये हम अपने को पुनः संकल्पित करे। कहा कि देश की महान विभूतियों को भारत रत्न से सम्मनित किया गया है। जो देश के लिये कार्य किया है यह हम सभी लोग जानते है। कहा कि जो अच्छा कार्य करता है उसे युगों-युगों तक जाना जाता है। हमें मानव-मानव में भेद के कलंक को पुनः पनपने नही देना है। डा0 भीमराव अंबेडकर जी ने कठिन परिस्थितियों में गुजरकर देश को संविधान दिया। हम सब की जिम्मेदारी है कि आयोजनों में बाबा साहब के व्यक्तित्व, कृतित्व के बारे में बताये, ताकि आने वाली पीढ़ी उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपना सके। अगर कोई दृढ़ संकल्पित होकर इतना आगे पहुंच सकता है और जो कठिन परिस्थितियों में भी अपना रास्ता खोज सकता है, वह माध्यम शिक्षा है। इसलिये समाज में हर व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचे, यह हमारा संकल्प होना चाहिए। कहा कि आज देश तरक्की के रास्ते पर बहुत तेजी से आगे चल रहा है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये अपने कौशल को बढ़ाना होगा। हम सभी सबके लिये अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, के लिये प्रयास करेगें। सतत् प्रयास से करोड़ो गरीब परिवार गरीबी रेखा से आगे निकलकर आये है। इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अंबेडकर जयंती पर आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/पनकी कानपुर।** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में रविवार को पी एस यू डी शिक्षा निकेतन में बच्चों संग धूमधाम से मनाते हुए विद्यालय प्रबंधन ने खेल प्रतियोगिता आयोजित की। साथ ही फर्स्ट सेकंड आने वाले स्टूडेंट को विनर अवार्ड देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के चेयरमैन धर्मेंद्र शर्मा तथा प्रिंसिपल शशि शर्मा ने बताया हर वर्ष स्कूल की ओर से बच्चों की खेल प्रतियोगिता कराई जाती है। इसी कड़ी में आज बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में हमने बच्चों को खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया।प्रतियोगिता में विजई बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मान दिया गया हैं और प्रोत्साहित किया गया। समाचार पत्र के संवाददाता संजीव कुमार से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में कम फीस में अच्छी शिक्षा देने का काम निरंतर कई वर्षों से जारी है।

### संविधान रचयिता की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती देहात के सभी 18 मंडलों के 1574 बूथों पर मनाई गई। रनिया विधानसभा के जलालपुर ग्राम में डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पण किए गए। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, सांसद देवेंद्र भोले, राजेश तिवारी डॉ सतीश शुक्ला द्वारा पुष्प अर्पण कर उनको याद किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों से चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने सार्वजनिक जीवन मे उन्होंने छुआछूत व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। जिन्होंने संविधान में बांधकर समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया और भारत प्रगति के रास्ते पर है। हम संविधान के दम पर विश्व में डंका बजा रहे है। पार्टी का हमेशा सिद्धांत रहा है कि अंतिम व्यक्ति पर बैठे हुए व्यक्ति का विकास करना है मोदी योगी सरकार ने डॉ भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने का काम किया है। माल्यार्पण के दौरान जितेंद्र सिंह गुड्डन विनय प्रताप सिंह कन्हैया कुशवाहा विशंभर सोनकर राम प्रकाश कुशवाहा कृष्णा गौतम ऋषि सिंह बृजेंद्र सिंह सुनील शर्मा शिव विलास मिश्रा रचना त्रिपाठी अर्चना मिश्रा अनूप सिंह बाल जी शुक्ला विकास मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**जन एक्सप्रेस/पुखरायां कानपुर देहात।** कस्बे के बाईपास स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के मौके पर सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया व लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक जयवीर सिंह व अन्य कर्मचारियो ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके आदर्शों को याद किया व डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्श की चर्चा कर अंबेडकर पार्क में आए हुए लोगों को बताया कि बाबा साहब का कहना था कि शिक्षा सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। डॉ अंबेडकर ने सभी के लिए समान शिक्षा के अवसरों पर जोर दिया। विद्यार्थी की पहचान ज्ञान से होती है, फिर चाहे उनकी जाति, धर्म, या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। शिक्षा एक ऐसा साधन है, जो लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का दृष्टिकोण, उनकी विचारधारा मानववादी रही है। उनका उदेश्य शोषित, पीड़ीत एवं दलित समाज का विकास करना एवं उन्हें उनके मानव अधिकारों से सजग कराना एवं मानवीय अधिकार दिलाना था। उनके चिन्तन में स्वतंत्रता, समानता, बंधुता व न्याय के दर्शन होते है। इस मौके पर मृणाल मुकेश सिंह आलोक कुमार संजय सचान आलोक कुशवाहा प्रताप नारायण व सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### अविरल गंगा निर्मल गंगा का संकल्प ले, घाटों पर जलाए दीप

**जन एक्सप्रेस/कानपुर।** गंगा समग्र कानपुर प्रांत के उत्तर जिला अटल घाट पर निषाद पंचमी के पावन अवसर पर गंगा घाट स्वच्छता, महापुरुषों के चित्र पर माला अर्पण कर दीपों से दीप घाट को सजाकर, आरती करके प्रसाद वितरण कर हर्ष पूर्वक निषाद राज जी जो प्रभु श्री राम जी के अनन्य मित्र थे उनकी जयंती मनाई गई।सामाजिक समरसता के प्रतीक इस कार्यक्रम में प्रांत संपर्क प्रमुख स्वामी अमोदानंद,सुबोध बाजपेई, सचिन सिंह,गंगा वाहिनी प्रांत आशा प्रमुख रवि प्रताप सिंह, सचिन दीक्षित, अजय तोमर, डॉ महेश चंद्रा, जिला संयोजक अरविंद कटियार, दुर्गा शरण, गंगा सेविका रेखा चंदेल शशि कला यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### लोक सभा चुनाव ड्यूटी हेतु होमगार्ड जवान हुए रवाना

**जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए कानपुर देहात पुलिस लाइन से उत्तराखण्ड लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत शासन, होमगाड्र्स मुख्यालय उप्र, लखनऊ के निर्देशानुसार 07 दिवस तक के लिए जनपद अल्मोड़ा उत्तराखण्ड राज्य के प्रथम चरण हेतु 320, जनपद मथुरा ध् गौतमबुद्ध नगर के द्वितीय चरण हेतु कमशः 280 व 40, जनपद आगरा, बदायूँ के तृतीय चरण हेतु कमशः 280 व 40 एवं जनपद शाहजहाँपुर के चतुर्थ चरण हेतु 40 होमगाड्र्स को निर्वाचन ड्यूटी सम्पन्न कराने हेतु जनपद कानपुर देहात में अवस्थित समस्त कम्पनियों से 320 अवैतनिक अधिकारियों एंव होमगाड्र्स स्वंयसेवकों का एकत्रीकरण पुलिस लाईन में किया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय एवं जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स रंजीत सिंह द्वारा पुलिस लाईन के मीटिंग हॉल में वैतध्अवै अधिकारियों व होमगाड्र्स स्वयंसेवकों की ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग के दौरान उन्हें साफसुथरी वर्दी पहनने, उत्कृष्ट टर्नआउट के निर्देश दिये गये तथा ड्यूटी भत्ता के भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। विभागीय अन्य कार्य-कलापों के साथ ही उन्हें होमगाड्र्स मुख्यालय उप्र, लखनऊ के निर्देशानुसार राजनैतिक पार्टियों से तटस्थ रहकर पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्त्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्राप्त ऋतु अनुकूल ओआरएस पाउडर, इमरजेन्सी दवाओं की किट, फर्स्ट एड किट आदि अवैतनिक अधिकारियों एंव होमगाईस स्वंयसेवकों को वितरित कराई गयी। निर्वाचन डियूटी पर जाने वाले होमगाड्र्स को प्रतिदिवस रू 1620 की दर से 5 दिवस की कुल धनराशि रू 8100 का भुगतान उनके बैंक खातों के माध्यम से किया जा रहा है। शेष 2 दिवस के डियूटी भत्ता का भुगतान उत्तराखण्ड राज्य से प्राप्त होने पर सभी 320 होमगार्डस को उनके बैंक खातों के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। रंजीत सिंह जिला कमाण्डेन्ट नागेन्द्र सिंह जिला कमाण्डेन्ट के सहायक एंव अन्य वैतनिक ध् अवैतनिक अधिकारियों की उपस्थिति में विनय कुमार पाण्डेय कन्टीजेन्ट इन्चार्ज के नेतृत्व में 320 अवैतनिक अधिकारियों एवं होमगाड्र्स स्वयंसेवकों तथा अन्य 6 वैतनिक कार्मिकों को उत्तराखण्ड राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई 8 बसों के माध्यम से जनपद अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड राज्य के लिए पुलिस लाईन से रवाना किया गया।

# ककवन गौशाला में होगा अतिरिक्त टीन शेड का निर्माण : एसडीएम रश्मि लंबा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में एसडीएम ने कई गौशालयों का औचक निरीक्षण किया जिला प्रशासन के द्वारा कानपुर जनपद की गौशालाओं में कराई गई जांच के बाद हड़कंप मचा हुआ है लगातार तीसरे दिन ककवन कस्बे की अस्थाई गौशाला में जांच करने पहुंची उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने गौशाला में जानवरों के चारा व साफ सफाई के साथ धूप से बचने के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा के अनुसार टीन शेड़ छोटा होने के चलते कई गौवंश खुले में धूप में बैठते हैं जिससे उनको दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है पैसे में खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत व नयाब तहसीलदार सी पी राजपूत के साथ निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव संजीव कैंथवार को जल्द से जल्द गौशाला में तीन सेट अतिरिक्त बढ़ाने का निर्देश दिए इसके साथी गौवंश को सुबह शाम ताजा पानी के साथ हरा चारा भी देने के निर्देश दिए संख्या गांव वंश की सटीक रही इसके साथ ही बड़े किसानों को बृहद गौशाला में शिफ्ट करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी ने बिहारी पुर, जमालपुर गौशाला, औरोताहारपुर गौशाला का निरीक्षण किया इस दौरान बिहारीपुर ने व्यवस्थाएं अच्छीं नहीं रही जिसके लिए पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देश दिए।

## शिवराजपुर थाना पुलिस टीम की मेहनत के चलते दंपती एक साथ रहने को हुए राजी




जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर पुलिस टीम की मेहनत रंग लाई थाना में परामर्श केंद्र की सहायता से दंपति वर्षो पुराने विवाद छोड़कर एक साथ रहने को राजी हो गए थाने में तैनात परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिवकरण वर्मा ने बताया कि बिल्हौर थाना क्षेत्र के देवहा गांव निवासी रामप्रकाश की बेटी सुरभि का विवाह शिवराजपुर थाना क्षेत्र के काकूपुर निहाल गांव निवासी कुलदीप कुमार पुत्र श्रीकृष्ण से विवाह हुआ था कुछ दिन बाद आपस में मामूली बातों से विवाद हो गया था जिससे दोनों पति-पत्नी अलग रह रहे थे देवहा गांव निवासी राम प्रकाश की बेटी सुरभि की तहरीर पर दोनो पक्षों के लोगो को बुलाकर काउंसलर आदेश गुप्ता ,विजय लक्ष्मी व महिला उपनिरीक्षक राजनंदनी के अथक प्रयास के बाद में समझाने पर दोनो दंपति आपस में समझौता कर एक साथ रहने को राजी हो गए थे। परामर्श केंद्र की टीम ने गांव तक पहुंचकर गांव वालों के भी बयान दर्ज किया और फिर टीम द्वारा जो निष्कर्ष निकाला गया उसे पर दोनों पक्ष राजी हो गए और दोनों साथ रहने के लिए चले गए क्षेत्र में इस मामले के समझौता होते ही पुलिस की भूरी भूरी प्रसंशा की गई है। शिवराजपुर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि परामर्श केंद्र में जो भी पीड़ित आते हैं उनकी बात को टीम गहराई से सुनने के बाद में उनके गांव तक टीम जाती है दोनों पक्षों के ग्रामीणों के बयान के आधार पर समझौते कराए जा रहे हैं ऐसा नहीं कराई जा रहे हैं कि कुछ दिन बाद वह फिर अलग रहने लगे जब दोनों उस बात पर सहमति जताते हैं तो लिखित में ही समझौता कराकर उनको भेजा जाता है।

# सुज्जापुर गांव में दूसरे की जमीन पर नई अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने से गांव में तनाव

* गैर दलित लोगों ने किया विरोध , पुलिस पहुंचने के बाद यथा स्थिति कायम

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर





बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर के एक गांव में बसपा के एक पदाधिकारी के द्वारा विवादित भूमि पर स्थापित कराई जा रही अंबेडकर प्रतिमा का गैर दलित समाज के ग्रामीणों ने विरोध किया। मामले में विवाद बढ़ने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और दोनो पक्षों को शांत कराते हुए मूर्ति स्थापना का कार्य रुकवा दिया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र की सखरेज ग्राम पंचायत के सुज्जापुर गांव निवासी बसपा नेता इंद्रेश कुमार गौतम परिवार सहित लखनऊ में निवास करते हैं। रविवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर वह संविधान शिल्पी डॉ भीमराव अम्बेडकर की एक प्रतिमा लेकर गांव में विवादित भूमि को अपनी निजी भूमि बताकर स्थापित कराने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने मूर्ति स्थापना का कार्य आरंभ ही कराया था कि तभी वहां के ग्रामीणों ने विवादित भूमि पर बिना किसी परमिशन के मूर्ति स्थापना कराए जाने का विरोध कर दिया। देखते ही देखते दलित और गैर दलित समाज के बीच विवाद बढ़ने लगा। इसी बीच ग्रामीणों की सूचना पर शिवराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्ष के लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मूर्ति स्थापना का कार्य भी रुकवा दिया गया और मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई। इसी दौरान सूचना पाकर एसीपी अजय त्रिवेदी भी मौके पर पहुंच गए। वहीं ग्रामीणों द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य प्रतिमा लगवाए जाने के आरोप लगाए जाते रहे। एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी के अनुसार एक युवक द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति लिए विवादित भूमि पर अंबेडकर प्रतिमा स्थापित कराई जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मूर्ति स्थापना का कार्य रुकवा दिया। गांव में शांति व्यवस्था कायम है। युवक को हिरासत लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की गई।



## डॉ भीमराव अंबेडकर शोषित वंचितों के मसीहा बनकर उभरे : इ.विनय

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे विश्व रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 134 में जन्मदिन पर बिल्हौर विकासखंड क्षेत्र समेत का ककवन क्षेत्र के कई गांव में जगह-जगह पर विशेष रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से का ककवन क्षेत्र के कुरेह गांव में बौद्ध अंबेडकर समिति के युवाओं ने मिलकर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया इस मौके पर प्रमुख रूप से पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने बाबा साहब के जीवन पर तमाम प्रकाश डालते हुए उनको शोषित वंचितों का मसीहा बताया इसके साथ ही बिल्हौर के जुड़वा जमौली गांव में भी विशेष रूप का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पहुंचे अलग-अलग प्रति से प्रवक्ताओं ने अपने-अपने वक्तव्य रखें इसके साथ ही अरौल कस्बे में भी भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ अन्य वरिष्ठ नागरिक भी शामिल रहे। जबकि समाजवादी पार्टी के विधानसभा कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव व बिल्हौर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रचना गौतम मिश्रिख लोकसभा प्रभारी विकास यादव के नेतृत्व में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इसी तरह खंड विकास कार्यालय में भी अंबेडकर जयंती की मौके पर बीडीओ शिव नरेश राजपूत एडीओ पंचायत राजवीर कटियार के साथ अन्य कर्मचारियों ने जयंती के उपलक्ष में प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

# शिवराजपुर रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आए वृद्ध की दर्दनाक मौत

* पुलिस ने पहचान के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर रेलवे स्टेशन के समीप में रविवार को रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र व कस्बे में बर्राजपुर निवासी जहान सिंह के 90 वर्षीय पिता राम सिंह प्रति दिन की भांति रविवार सुबह भी हांथ में छड़ी लेकर टहलने निकले थे। वह कभी भी टहलने के लिए घर से ज्यादा दूर नहीं जाते थे लेकिन आज वह टहलते टहलते काफी दूर निकल गए और घर से लगभग तीन किलोमीटर दूर अजौली गांव के निकट स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वह कन्नौज से कानपुर की तरफ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया। ट्रैक पर क्षत विक्षत शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया। पुलिस अभी शव की पहचान कराने का प्रयास कर ही रही थी तभी वृद्ध का बेटा उन्हें खोजते हुए लोगों से मिली जानकारी पर मौके पर पहुंच गया और अपने पिता की पहचान की। वृद्ध की पहचान के बाद पुलिस ने पंचनामे की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### एसडीएम के नेतृत्व में तहसील में मनाई गई अंबेडकर जयंती

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

भोगनीपुर तहसील के उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने तहसील के सभागार में अंबेडकर जयंती के मौके पर अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद कर नमन किया। रविवार के दिन अवकाश होने के उपरांत तहसील में अंबेडकर जयंती मनाई गई। उप जिलाधिकारी ने बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों की चर्चा करते हुए बताया बाबा साहब चाहते थे कि समाज के सभी वर्गो का सभी क्षेत्रों में समान स्थान होना चाहिए और सभी वर्ग के लोगों को जीवन में उपर उठने के समान अवसर दिए जाए। उनके प्रसिद्ध नारों को याद किया जो की समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण साबित जैसे कि शिक्षित बनो, संगठित हो।

## बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक, जंयती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । औरैया

रविवार को स्थानीय आजाद नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में भारत रत्न बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पार्क में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया । इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख रविशंकर जी ने बाबा साहेब से जुड़ी अनेक स्मृतियां सुनाते हुये कहा कि बाबा साहेब की बदौलत आज समाज में महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के अलावा कमजोर वर्ग के लोगों को बराबरी का हक हासिल हो सका है। उन्होंने बिसम परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी तथा अपने मिशन को पूरा कर दिया।

## संवैधानिक ड्यूटी में किसी को नहीं होगी लापरवाही करने की छूट

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सुदिति ग्लोबल एकैडेमी में सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के प्रथम प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-24 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक माहौल में संपन्न कराने की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी अपने-अपने सेक्टर, जोन में सेक्टर,जोनल मजिस्ट्रेट को निभानी है। उन्होने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट से कहा कि लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण कार्य की ड्यूटी को बोझ न समझें बल्कि पूरे उत्साह-खुशी के साथ सौपे गए दायित्वों का निर्वहन निष्पक्ष रहकर करें, प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी आपकी मदद को मौजूद होगा,आप अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा,लगन के साथ करें।

